@NewsRotary /RotaryNewsIndia

रोटरी समाचार

April 2018

Vol.35, Issue 10 | Price Rs 35 | Annual Subscription Rs 420

Rotary

बचपन की रक्षा

गाँव का रूपांतरण

मुझे यह महिला छाया मैना गाँव में मिली जहाँ पर रोटरी क्लब सोनकच्छ ने रोटरी कम्युनिटी कॉर्प्स के माध्यम से लागू की गई अनेक परियोजनाएं की है। सरला ने कहा उसके गाँव में रोटरी द्वारा बनाए गए शौचालय उसके जैसी महिलाओं के लिए एक बड़ा वरदान है। हालाँकि उसने स्पष्ट रूप से आभार प्रकट नहीं किया, परन्तु उसके चेहरे की शिकन और उसकी आँखों की अभिव्यक्ति ने रोटरी को ख़ामोशी से 'धन्यवाद' कहा।

चित्र और मूलशब्द : रशीदा भगत



विषयसूची

12 बच्चों के अवैध व्यापार के खिलाफ उन्होनें एक जंग छेड़ रखी है

रेणुताई से मिलिये जिन्होंने पुणे में जितनी हो सके उतनी बच्चियों को देह व्यापार से, और लड़कों को बाल श्रम से बचाने का बीड़ा उठाया है।

28 रोटरी के लिए कॉर्पोरेट सदस्यता?

रोई जल्द ही कॉर्पोरेट सदस्यता के लिए अपनी स्वीकृति देगा, रोई निदेशक सी. भास्कर ने दिशा, हैदराबाद में आयोजित डीजीई के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम, में कहा।

46 एक रोटरी-कॉर्पोरेट सौजन्यता

मंडल 3190 द्वारा बेंगलुरु में एक रोटरी-सीएसआर बैठक की मेजबानी की गई।

34 गेझा स्कूल में नई WASH सुविधा

रोटरी क्लब दिल्ली अशोका ने वैश्विक अनुदान की सहायता से एक सरकारी स्कूल में स्वच्छता सुविधाओं में सुधार किया है।

36 एक आभासी विज्ञान प्रयोगशाला

पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी रोटरी क्लब जालना मिडटाउन द्वारा एक स्कूल में स्थापित एक आभासी विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन करते है।

39 और अब विकलांगों के लिए एक रोटरी क्लब

विश्व में अच्छा करने के लिए शारीरिक अपंगता इन नए सदस्यों के लिए बाधा नहीं है।

50 रोटरी मूडबिड्री के 50 वर्ष पूरा होने का जश्न

इस अनोखे छोटे कस्बे में रोटरी की पहुँच ने एक बड़ा बदलाव किया है।

70 अपने प्रतिरक्षा तंत्र को प्रकाशित कीजिये

पता लगाए कि कैसे रोज़ाना बोले जाने वाले उपचारात्मक शब्द मानसिक रवैये और शारीरिक स्वास्थ्य में परिवर्तन कैसे लाते है।

42 वाराणसी के लघुचित्र

रोटरी क्लब बनारस द्वारा प्रकाशित कॉफ़ी टेबल किताब से तीर्थ नगरी की तस्वीरें।

कवर पर : रेणुताई, बचों के अवैध व्यापार एवं देह व्यापार के खिलाफ लड़ने वाली एक समाजसुधारक, पुणे में।

चित्र: रशीदा भगत

केरला को हरा बनाना - एक उत्तम परियोजना



केरला को हरा बनाना शीर्षक के साथ केरला के हरे भरे धान के खेतों और बहुत सारे सफ़ेद पक्षियों के साथ प्राकृतिक सुन्दरता को प्रदर्शित करता हुआ मार्च अंक के सामने वाले कवर को देखकर मैं बहुत खुश हुआ। रोटरी अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष इयान रिसले का सभी रोटरी क्लबों को सुझाव कि वे कम से कम एक रोटारेक्ट क्लब को प्रायोजित करें और युवा रोटारेक्टरों की ऊर्जा का उपयोग सेवा परियोजनाओं में करें, वहीं उन्हें यह भी समझने दें कि रोटरी क्लब और रोटेरियन रोटरी जगत में उनका स्वागत करने के लिए बेसब्री से उनकी प्रतीक्षा कर रहे है, सभी क्लब के नेतृत्वकर्ताओं की आंखें खोल देने वाला है। REAP जैसी पथप्रवर्तक परियोजना का संपादक द्वारा किया गया संपूर्ण कवरेज शानदार है क्योंकि यह डीजी सुरेश मैथ्यू और उनके दल के समर्पित सदस्यों द्वारा उठाई गई तकलीफों की अच्छी तरह व्याख्या करता है। इस श्रमसाध्य परियोजना से जुड़े सभी लोगों को बधाई। मुझे सच में मंडल 3211 का रोटेरियन होने पर गर्व है।

एम टी फिलिप, रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सबअर्बन - मंडल 3211

रोटरी को जन संपर्क की लागत को कम करना चाहिए

समुदाय की सेवा रोटरी का आधार है और यह रोटरी की सार्वजनिक छवि में वृद्धि करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रोटरी के पोलियोप्लस और पोलियो उन्मूलन कार्यक्रमों ने दुनियाभर में रोटेरियनों की छवि में बहुत अधिक वृद्धि की है और तो और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन भी पोलियो पहल में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है।

यह हमें समझाती है कि हमारी सेवा हमें दान प्राप्त करने में मदद करती है और रोटेरियनों के रूप में दुनिया की उम्मीदों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है। इसलिए हमारे कार्यक्रमों और समारोहों को सादगी को प्रतिबिंबित करना चाहिए।

सार्वजनिक छवि में वृद्धि करने के लिए रोटरी अंतर्राष्ट्रीय का जन संपर्क खर्च 2-3 प्रतिशत है। मैं रोटरी क्लबों से उनके जन संपर्क खर्च को कम करने और भव्य आयोजनों पर ध्यान केन्द्रित करने के बजाए, बस सामुदायिक परियोजनाओं पर ध्यान केन्द्रित करने का आग्रह करता हूँ।

महेंद्र धाकड़
रोटरी क्लब मंदसौर - मंडल 3040

लेख *धोना है या पोछना है?* उन भारतीयों के लिए आंखें खोल देने वाला है जो सभी पश्चिमी चलनों को अपनाने का प्रयास कर रहे है। इस लेख को *द रोटेरियन* में भी प्रकाशित किया जाना चाहिए। लेखक राकेश भाटिया को इस लेख के लिए मैं बधाई देती हूँ।

सुजाता श्रीनिवासन
रोटरी क्लब कुड्डालोर सेंट्रल - मंडल 2981

कोवई की वीरांगनाएं

24 देशों के विभिन्न भू-भागों को पार करते हुए, तीन बहादुर महिलाओं द्वारा कोयम्बटूर से लन्दन कार चलाते हुए 26,800 किलो मीटर की दूरी को तय करना, वास्तव में प्रशंसनीय साहसिक कार्य है। यहाँ तक कि यूएस और कनाडा में रहने वाले हमारे बच्चों से मिलने हेतु एक औपचारिक दौरे के लिए भी हमें रास्ते में बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

लेकिन इन साहसी महिलाओं ने सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य को हासिल करके यह साबित कर दिया है कि इनके पास अंतरिक्ष यात्रियों वाला जिगर है। हम मीनाक्षी अरविंद, मूकाम्बिगा रथिनम और प्रिया राजपाल एवं उनकी साहसिक उपलब्धि में सम्मिलित अन्य नेक दिल व्यक्तियों को सलाम करते है।

पी अय्यप्पाराजन
रोटरी क्लब तेनी - मंडल 3000

उत्कृष्ट सम्पादकीय

अखंडता पर उत्कृष्ट लेख के लिए आपको बधाईयाँ। लेख बहुत ही बढ़िया है क्योंकि प्रत्येक वाक्य को गहन चिंतन के साथ लिखा गया है जो एक प्रभावशाली सन्देश प्रदान करता है। हम रोटेरियन बहुत से अच्छे कार्य करते है और आज हमारे कारण दुनिया एक बेहतर जगह है। हाँ, भारत की जनसंख्या के मुकाबले हमारी सदस्य संख्या बहुत कम है, लेकिन रोटेरियनों की यह छोटी जनसंख्या को समाज के विभिन्न तबकों, जिनमें राजनीती भी शामिल है, को उन मूल्यों के साथ प्रभावित और प्रेरित करने के योग्य होना चाहिए जिन्हें रोटरी हमें आत्मसात करने के लिए कहती है। मगर हम में से बहुत से लोग आराम से बैठे है और इसलिए भ्रम में है। यह सच है हम रातोंरात चीज़ों को नहीं बदल सकते लेकिन हम बहुत लम्बे समय से चुप बैठे है। जीवन के मूल्य कमजोर हो चुके है और चलता है वाले रवैये ने हम में से बहुत लोगों को जकड़ लिया है।

पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम हमेशा हर स्कूल और कॉलेज जिन्हें वह संबोधित करते थे, में एक सवाल पूछते थे: आप में से कितने लोग राजनीती से जुड़ना चाहते है? और हर बार मुश्किल से कुछ ही हाथ ऊपर उठते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि राजनीती समाज के एक बड़े तबके के लिए एक अभिशाप बन चुकी है और इसी कारण हम आज दिन-दहाड़े हजारों करोड़ो की लूट होते देखते है। विरोध करना तो छोड़ ही दीजिये, हम तो अपनी आवाज़ तक नहीं उठाते है; आधुनिक दुनिया का सबसे बड़ा पाप बेपरवाही है।

रॉबर्ट एफ रेगो
रोटरी क्लब बाजपे - मंडल 3181

कुछ बेईमान व्यवसायियों द्वारा भारत में किये गए विभिन्न घोटालों पर विचार-उत्तेजक संपादकीय, रोटेरियनों को अपनी अखंडता और सम्मान को बनाए रखने और अपने आत्मसंयम एवं अनुशासन के माध्यम से अच्छे मूल्यों को कायम रखने की आवश्यकता पर सतर्क करती है।

रोटरी में आने पर, इन बड़े उद्योगपतियों को परिवर्तित कर दिया जाएगा क्योंकि रोटरी के पास चार

मार्ग परीक्षण नामक पारस पत्थर है। लेकिन विडंबना यह है कि हम सभी को रोटेरियन नहीं बना सकते। क्या मैं एक ऐसी दुनिया की कल्पना कर सकता हूँ जहाँ प्रत्येक व्यक्ति तक रोटरी का सन्देश पहुँचेगा जिससे कि यह दुनिया भ्रष्टाचार से मुक्त हो सके और रहने के लिए एक बेहतर जगह बन सके।

अरुण कुमार दाश

रोटरी क्लब बारीपदा - मंडल 3262

बराबर महत्व

दिसंबर अंक में उत्तरपूर्व और रोई मंडल 3240 पर मुख्य फोकस के लिए मुझे संपादकीय दल को अवश्य बधाई देना चाहिए। यह एक दीर्घ-प्रतीक्षित कदम था जो आपके द्वारा उठाया गया। हम मंडल 3240 के रोटेरियन हमारी इस प्रतिष्ठित पत्रिका के कवर पेज पर हमारे मंडल के एक कार्यक्रम को सुशोभित देखकर अत्यंत प्रसन्न हुए। मंडल 3240 में हम प्राकृतिक रूप से धन्य है और मंडल के नौ राज्यों के रोटेरियनों के मध्य भाईचारे की भावना असाधारण है।

रोटरी के प्रति उनके असीम प्रेम और अगरतला में आयोजित बहुमंडलीय सम्मेलन जिसका समुचित रूप से नाम *सेतुबंधन* था में उनकी अनुकरणीय स्तर की सहभागिता के लिए भी मुझे मंडल 3282 के रोटेरियनों को बधाई देना चाहिए। आपने साबित किया है कि देश के किसी भी हिस्से में होने वाले अच्छे काम को रोटरी समाचार में बराबर महत्व मिलेगा।

डॉ प्रसन्नजीत घोष

रोटरी क्लब ग्रीन लैंड सिलचार - मंडल 3240

तोता बोलता है

मैं तमिलनाडू के इरोड से एक गैर-रोटेरियन हूँ और आपकी पत्रिका का नियमित पाठक हूँ। जयश्री द्वारा लिखा गया लेख तोते से पूछिए मुझे पसंद आया क्योंकि तोता ज्योतिष जैसे व्यवसाय जरुरतमंदों को कुछ आय प्रदान करते है। मंडल गतिविधियों में, इस बात की प्रशंसा की जानी चाहिए कि रोटरी क्लब तिरुपुर निट सिटी, मंडल 3202, द्वारा नि:शक्तजनों को चिकित्सा बीमा पॉलिसियाँ दी गई। सभी दानकर्ताओं को सलाम।

संपत कुमार, इरोड

पूरे परिवार के लिए एक पत्रिका

डिजिटल दुनिया में *रोटरी समाचार* सबसे अधिक प्रतीक्षित पत्रिकाओं में से एक है। कभी कभार ही ऐसा होता है कि महीना दर महीना प्रशंसा होती रहे, लेकिन आपका दल इसका हक़दार है। झठखझ राजेन्द्र साबू और उनकी पत्नी ऊषा साबू चिकित्सा मिशन में उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा के हक़दार है।

साथ ही, रोटरी बैठकों में शोबाजी जन संपर्क के लिए जरुरी है लेकिन अब यह आडंबरपूर्ण होता जा रहा है और इसलिए इसे नियंत्रित करने की आवश्यकता है। कुछ मानदंड निर्धारित किये जाने चाहिए और मंडल एवं क्लब स्तर पर सदस्यता शुल्क में से केवल 40 प्रतिशत ही खाने, मनोरंजन और पेय पदार्थों पर खर्च किया जाना चाहिए।

क्रिकेट की दो महान हस्तियों युवराज सिंह और ज़हीर खान (फरवरी अंक) का कवरेज आवश्यक था क्योंकि उनका योगदान याद किये जाने योग्य है। *रोटरी का यंग टर्क* एक अन्य स्फूर्तिदायक कहानी थी और यह सत्य है कि जो क्लब विकास नहीं कर रहे है वे खत्म हो जाएंगे। *विकलांगता को कम करने के लिए पहिये की मदद* (रोटरी क्लब धारापुरम, मंडल 3240) *और एक स्कूल जी उठा* (रोटरी क्लब सिलीगुड़ी सेंट्रल, मंडल 3240) दो ऐसी परियोजनाएं है जो रोटरी के सन्देश को प्रसारित करती है और वास्तव में जरुरतमंदों को लाभान्वित करती है।

टीसीए श्रीनिवास राघवन द्वारा डइथ लेख हमेशा की तरह ही विचार-उत्तेजक है। *संक्षेप में* एक दिलचस्प संकलन है। इस पत्रिका को मेरे पूरे परिवार के लिए सबसे अधिक प्रतीक्षित पत्रिका बनाने के लिए मैं संपादकीय दल को बधाई देता हूँ।

आदेश सिक्वी

रोटरी क्लब नवी मुंबई - मंडल 3142

एक यथार्थवादी दृष्टिकोण

लेख 21वीं सदी के *युवा क्या चाहते है...* भविष्य की योजना के साथ एक यथार्थवादी दृष्टिकोण का वर्णन करता है। तथ्यों और आंकड़ों से भरी प्रतिलिपि ने हमारे मन को छू लिया है। यह उचित रूप से इस बात की ओर इशारा करता है कि हमारा मिशन बेरोजगारी और सामाजिक संघर्ष को कम करना है। हाल ही के हमारे सामाजिक और राजनैतिक परिदृश्य से इस कारण के आशय को देखा जा सकता है। रोई महासचिव जॉन ह्यूको को मेरी शुभकामनाएं।

सौमित्र चक्रबोर्ती

रोटरी क्लब टोलिगुंगे - मंडल 3291

धन्यवाद

एक *मदद के हाथ* लेख में सैंट जूड के बारे में इतने जोशपूर्ण एवं मानवीय ढंग से लिखने के लिए आपका धन्यवाद रशीदा भगत। हम वाकई में विभिन्न रोटरी क्लबों के आभारी है जो निरंतर सैंट जूड को समर्थन दे रहे है।

उषा बेनर्जी, गैर-रोटेरियन

एक प्रेरणात्मक कहानी

लेख जहाँ *रोटरी पसंदीदा साझेदार से अधिक है* ने लोगों की नज़र को महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों की तरक्की के लिए एक ठोस कदम उठाने की ओर मोड़ दिया है। साथ ही, रोटरी क्लब पुणे मगरपट्टा सिटी, जहाँ पर मैं उस दल का हिस्सा था जिसने मगरपट्टा के ज़िला परिषद स्कूलों को कुछ किटें प्रदान की थी, का एक रोटेरियन होने के नाते इस लेख को पढ़कर मुझे ख़ुशी मिली। ऐसे लेख अधिक रोटेरियनों को इस तरह की गतिविधि से जुड़ने के लिए उत्साहित करेंगे।

मिलिंद शिंदे, रोटरी क्लब पुणे मगरपट्टा सिटी

मंडल 3131

अपने विचार संपादक को भेजें: rotarynews@rosaonline.org; rushbhagat@gmail.com **पर ई-मेल करें।**

Governors Council

RI Dist 2981	DG	P S Ramesh Babu
RI Dist 2982	DG	Dharmesh R Patel
RI Dist 3000	DG	P Gopalakrishnan
RI Dist 3011	DG	Ravi Choudhary
RI Dist 3012	DG	Sattish Singhal
RI Dist 3020	DG	G V Rama Rao
RI Dist 3030	DG	Dr K Sunder Rajan
RI Dist 3040	DG	Dr Zamin Hussain
RI Dist 3053	DG	Rajkumar Bhutoria
RI Dist 3054	DG	Maullin Manubhai Patel
RI Dist 3060	DG	Ruchir Anirudh Jani
RI Dist 3070	DG	Parvinder Jit Singh
RI Dist 3080	DG	T K Ruby
RI Dist 3090	DG	Bagh Singh Pannu
RI Dist 3110	DG	Vinay Kumar Asthana
RI Dist 3120	DG	Ranjeet Singh
RI Dist 3131	DG	Abhay Gadgil
RI Dist 3132	DG	Vyankatesh Vithal Channa
RI Dist 3141	DG	Prafull J Sharma
RI Dist 3142	DG	B M Sivarraj
RI Dist 3150	DG	J Abraham
RI Dist 3160	DG	Madhu Prasad Kuruvadi
RI Dist 3170	DG	Anand G Kulkarni
RI Dist 3181	DG	M M Chengappa
RI Dist 3182	DG	G N Prakash
RI Dist 3190	DG	Asha Prasanna Kumar
RI Dist 3201	DG	Vinod Krishnan Kutty
RI Dist 3202	DG	Sivashankaran P M
RI Dist 3211	DG	Suresh Mathew
RI Dist 3212	DG	Chinnadurai Abdullah
RI Dist 3231	DG	Jawarilal Jain K
RI Dist 3232	DG	R Srinivasan
RI Dist 3240	DG	Sunil Saraf
RI Dist 3250	DG	Vivek Kumar
RI Dist 3261	DG	Harjit Singh Hura
RI Dist 3262	DG	Ajay Agarwal
RI Dist 3291	DG	Brojo Gopal Kundu

Board of Permanent Trustees & Executive Committee

PRIP	Rajendra K Saboo	RI Dist 3080
PRIP	Kalyan Banerjee	RI Dist 3060
PRID	Sudarshan Agarwal	RI Dist 3011
PRID	Panduranga Setty	RI Dist 3190
PRID	Sushil Gupta	RI Dist 3011
PRID	Ashok Mahajan	RI Dist 3141
PRID	Yash Pal Das	RI Dist 3080
PRID	Shekhar Mehta	RI Dist 3291
PRID	P T Prabhakhar	RI Dist 3232
PRID	Dr Manoj D Desai	RI Dist 3060
RID	C Basker	RI Dist 3000

Executive Committee Members (2017–18)

DG B M Sivarraj — RI Dist 3142
Chair – Governors Council

DG R Srinivasan — RI Dist 3232
Secretary – Governors Council

DG Abhay Gadgil — RI Dist 3131
Secretary – Executive Committee

DG Vivek Kumar — RI Dist 3250
Treasurer – Executive Committee

DG P Gopalakrishnan — RI Dist 3000
Member – Advisory Committee

ROTARY NEWS / ROTARY SAMACHAR

Editor
Rasheeda Bhagat

Senior Assistant Editor
Jaishree Padmanabhan

Send all correspondence and subscriptions to

ROTARY NEWS TRUST
3rd Floor, Dugar Towers, 34 Marshalls Road
Egmore, Chennai 600 008, India.
Phone : 044 42145666
e-mail : rotarynews@rosaonline.org
Website : www.rotarynewsonline.org

Printed by Mukesh Arneja at Thomson Press (India) Ltd, Plot A-9, Industrial Complex, Maraimalai Nagar 603209, India and published by Mukesh Arneja on behalf of Rotary News Trust from Dugar Towers, 3rd Flr, 34, Marshalls Road, Egmore, Chennai 600 008. Editor: Rasheeda Bhagat.

The views expressed by contributors are not necessarily those of the Editor or Trustees of Rotary News Trust (RNT) or Rotary International (RI). No liability can be accepted for any loss arising from editorial or advertisement content. Contributions – original content – is welcome but the Editor reserves the right to edit for clarity or length. Content can be reproduced, but with permission from RNT.

संपादक
का संदेश

सम्पत्ति कई रूपों में आती है

हाल ही में *फ़ोर्ब्स* ने अरबपतियों की अपनी नवीनतम सूची जारी की है जिसमें अमेज़ॅन के जेफ बेज़ोस ने दुनिया में सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में बिल गेट्स को पीछे छोड़ दिया है, वहीं महिला अरबपतियों के लिए यह एक रिकार्ड वर्ष रहा है, अभी तक की सबसे ज़्यादा 256 महिलाओं ने 2018 में *फ़ोर्ब्स* वर्ल्डस बिलियनेयर्स रैंकिंग में यह गौरव प्राप्त किया है । दिल थाम के बैठिये, इन महिलाओं की कुल सम्पत्ति (नेटवर्थ), 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक! हालाँकि इस सूची में अधिकतर महिलाओं को यह संपत्ति विरासत में मिली है, फिर भी सबसे प्रशंसनीय बात यह है कि दुनिया की सबसे अमीर महिलाओं में से एक चौथाई से ज़्यादा सेल्फ स्टार्टर्स हैं जिन्होंने नये कीर्तिमान स्थापित करते हुए स्वयं को पीछे छोड़ दिया है। पहली बार यह संख्या 72 पर पहुंच गई है, जो एक साल पहले तक सिर्फ 56 थी। वॉलमार्ट के संस्थापक सैम वाल्टन की इकलौती बेटी ऐलिस वाल्टन ने दुनिया में सबसे अमीर महिला का ताज़ फिर से हासिल कर लिया है, पिछले वर्ष की तुलना में उनकी संपत्ति 33.8 बिलियन डॉलर से बढ़ कर 46 बिलियन डॉलर पहुंच गई है। यह खिताब उन्होंने लॉरियल की उत्तराधिकारिणी लिलीएन बीतांकू से ले लिया है, जिनका निधन सितंबर 2017 में 94 वर्ष की उम्र में हो गया था। उनकी एकमात्र बेटी, फांसवाज़ बीतांकूमैय 42.2 अरब डॉलर की शुद्ध सम्पत्ति के साथ नंबर दूसरे स्थान पर उभरी हैं। *फ़ोर्ब्स* की इस कवर स्टोरी से एक दिलचस्प बात यह निकल कर आई कि यदि आप एक योग्य, संपन्न महिला बनना चाहती हैं - मतलब, नेट वर्थ की - अपने दम पर, तो फिर आपको अमेरिका और चीन में ही होना चाहिए। स्वयं के बलबूते पर अरबपति बनीं दो-तिहाई महिलाऐं इन्ही दो देशों से हैं।

रंक से राजा बनने की ये दिलचस्प कहानी, अपने दम पर सबसे अमीर बनी, हांगकांग की रहने वाली झोउ कुनफेई की है, जिसने अपनी मां को बचपन में खो दिया था और काम करने के लिए16 की उम्र में स्कूल छोड़ना पड़ा । कई वर्षों तक फैक्ट्रियों में काम कर के और अनुभव लेने के बाद, उन्होंने लेंस बनाने का काम शुरू किया। आखिरकार वह सेलफोन के ग्लास कवर बनाने के व्यवसाय में उतरी और आज उसके ग्राहकों में ऐप्पल और सैमसंग शुमार हैं । उनकी स्वअर्जित सम्पत्ति है: 7.8 बिलियन डॉलर।

हालांकि इन महिलाओं को सौभाग्य, उन्नति, सफलता और दुनिया के सभी ऐशो आराम हासिल है पर रोज़मर्रा की ज़िंदगी में भी हम ऐसी कई महिलाओं के सम्पर्क में आते हैं - ये महज़ इत्तेफ़ाक़ है कि यह सम्पादकीय मैं महिला दिवस पर लिख रही हूँ - जिनके पास नाना प्रकार की सम्पत्ति है। इस अंक की आवरण कथा पर काम करते हुए, पुणे में मेरी मुलाकात एक ऐसी ही महिला से हुई जिसमें प्रेम, दया और करुणा कूट कूट कर भरी है। दर्शन में स्नातकोत्तर, रेणुताई ने मुंबई में सारस्वत बैंक में अच्छी तनख्वाह वाली, अधिकारी की नौकरी छोड़ने के बाद, ''समाज के लिए कार्य करने और जो प्यार से वंचित हैं, उनमें प्यार बाँटने के लिए कई दशक बिताए हैं।'' करीब 20 वर्षों से वह बुद्धवार पेठ, पुणे के विशाल क्षेत्र में फैले रेड लाइट एरिया की सड़कों पर बच्चों को ढूंढती रही है, जिसमें हज़ारों यौनकर्मी होने का अनुमान है। रेणुताई को सबसे बड़ा डर यह है कि इन वर्कर्स के बच्चों को अंततः देह व्यापार खींच लेगा और हाँ बाल तस्करी की ऐसी कई घिनौनी कहानियां भी हैं जो उसे सही साबित करती हैं। मेरे रोंगटे खड़े हो गए, जब रेणुताई ने मुझे एक नौ साल की लड़की की कहानी सुनाई जिसे उन्होंने छुड़ाया था और उसे वह पुणे में उनके द्वारा चलाई जा रही आवासीय सुविधा में रखती थीं, वहाँ के बच्चे एक निजी स्कूल में पढ़ने जाते हैं। मां ने इसकी सहमति भी दे दी थी, लेकिन सिर पर कर्ज होने के कारण, मां ने ही चुपचाप अपनी लड़की को एक तस्कर के हाथों बेच दिया। यहां तक कि बच्ची को बचाने के और यहां तक कि उसे वापस खरीदने के सभी प्रयास विफल रहे। उसकी मायूसी और तड़प देख कर दलाल ने बताया: 'आप इतनी दुखी क्यों करती हो, वो अब बैंगलोर की खिड़की (देह व्यापार) में हैं।'

सिर्फ 9 साल की बच्ची; ज़रा सोचिये इसके बारे में...



रशीदा भगत

अध्यक्ष
की ज़बानी

हमारे ग्रह को हमारी जरूरत है

प्रिय साथी रोटेरियन,

1990 में, ऑरेगोन के पोर्टलैंड में रोटरी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में, तत्कालीन निर्वाचित अध्यक्ष पाउलो कोस्टा ने एकत्रित हुए रोटेरियनों से कहा, ''अपनी आवाज़ उठाने, अपने नेतृत्व का दावा करने, और हमारे प्राकृतिक संसाधनों को बचाने हेतु समाज सुधारक लड़ाई लड़ने के लिए रोटेरियनों को उत्तेजित करने का रोटरी का वक्त आ गया है।'' पृथ्वी ग्रह को बचाने के लिए उन्होंने एक रोटरी पहल की घोषणा की, जिसमें उन्होंने रोटरियनों से पर्यावरण संबंधी समस्यायों को अपने सेवा एजेंडा: पेड़ लगाना, अपनी हवा और पानी को स्वच्छ रखने के लिए कार्य करना, और ''अपने ग्रह को भावी पीढ़ी के लिए बचाना,'' का हिस्सा बनाने के लिए कहा।

अध्यक्ष कोस्टा ने कहा कि रोटरी में उस समय मौजूद 1.1 मिलियन सदस्यों में से प्रत्येक सदस्य एक पेड़ लगाए। हम रोटेरियनों ने, अपनी आदत अनुसार बेहतर करते हुए, रोटरी वर्ष के अंत तक लगभग 35 मिलियन पेड़ लगाए। संभवतः उनमें से बहुत से पेड़ आज भी फल-फूल रहे है, पर्यावरण से कार्बन सोंख रहे है, ऑक्सीजन छोड़ रहे है, हवा को ठंडा कर रहे है, मिट्टी की गुणवत्ता को बेहतर कर रहे है, पक्षियों, जानवरों, कीड़े-मकोड़ों को आवास एवं भोजन प्रदान करने के साथ अन्य लाभ प्रदान कर रहे है। दुर्भाग्यवश, जहाँ वे पेड़ पर्यावरण के लिए अच्छा करने में लगे है, वहीं संपूर्ण रोटरी ने अपनी पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को आगे नहीं बढ़ाया।

इसलिए, इस वर्ष की शुरुआत में, मैंने पाउलो कोस्टा के उदहारण का अनुसरण किया और रोटरी के प्रत्येक सदस्य के लिए कम से कम एक पेड़ लगाने के लिए कहा। उन 1.2 मिलियन (या इससे भी अधिक!) पेड़ों द्वारा होने वाले उस विचारणीय लाभ के अतिरिक्त, मेरा लक्ष्य कुछ अच्छा करने का है। मुझे आशा है कि पेड़ लगाने से रोटेरियन अपने ध्यान को, एवं अपनी रूचि को फिर से उस मुद्दे के लिए जागृत कर पाएंगे जिसे रोटरी के एजेंडा में हमें अवश्य शामिल करना चाहिए। और वह मुद्दा है: हमारे ग्रह की दशा।

पर्यावरण के मुद्दे हमारे प्रत्येक ध्यान केन्द्रित करने वाले क्षेत्रों से गहराई से जुड़े हुए है और इनसे 'रोटरी का मामला नहीं है' कहकर इनकार नहीं जा सकता। प्रदूषण विश्वभर में में स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है: शहरी क्षेत्रों में 80 प्रतिशत से अधिक लोग असुरक्षित हवा में साँस लेते है, और यह संख्या निम्न और मध्यम आय वाले देशों में 98 प्रतिशत तक पहुँच जाती है। अगर वर्तमान दौर चलता रहा, तो वर्ष 2050 तक संभवतः समुद्रों में मछलियों से ज्यादा प्लास्टिक का वज़न होगा। और बढ़ते हुए तापमान के बारे में सब जानते है: औसत वार्षिक वैश्विक तापमान वर्ष 1880 से वर्ष 2015 तक लगभग 2 डिग्री F (1.1 डिग्री C) से बढ़ा। ये परिवर्तन मनुष्यों के कारण हुए है यह वैज्ञानिक वाद-विवाद का विषय नहीं है, और ना ही इस बात में दो राय है कि अगर यह दौर ऐसे ही बिना रोके चलता रहा तो विशाल आर्थिक और मानव व्यवधान की संभावना भी है। कार्यवाही करने की जरुरत पहले से सर्वाधिक है - उतनी ही जरूरत वास्तविक प्रभाव लाने के लिए हमारी क्षमता की भी है।

जैसा की पूर्व UN महासचिव बान की मून ने कहा था, ''कोई दूसरा प्लान नहीं हो सकता, क्योंकि कोई दूसरा ग्रह नहीं है।'' हमारा ग्रह हम सबका, हमारे बच्चों का और उनके बच्चों का है। इसे बचाना हम सभी की, और एक परिवर्तन लाने के लिए रोटरी में हम सभी की जिम्मेदारी है।

इयन एच एस राय्सली
अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल

रो ई निदेशक

का संदेश

पोलियो को खत्म करने के लिए हाथ मिलाएं

प्रिय रोटेरियन,

माताएं तब प्रसन्न होती है जब उनके बच्चे स्वस्थ होते है।

मझे विश्वास है कि आप जानते है रोटरी संस्थान की सहायता से रोटरी, हमारे समाज के सुविधाओं से वंचित तबके की माताओं एवं बच्चों की भलाई के लिए दुनियाभर में अनेक कार्यक्रमों का निष्पादन करती है। जहाँ संभव होता है वहाँ रोटरी उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाती है, ताकि वे अधिक स्वस्थ एवं लंबी ज़िंदगी जी सकें। हम गुणवत्तापूर्ण देखभाल तक अपनी पहुँच का विस्तार करते है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि गरीब परिवारों की माताओं एवं बच्चों को एक स्वस्थ एवं खुशहाल भविष्य के लिए संपन्न परिवारों की तरह ही समान अवसर मिल सकें।

यह चौंकाने वाली बात है कि आज भी, दवाईयों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में इतनी तकनीकी उन्नति के बावजूद, प्रतिवर्ष 5 वर्ष से कम उम्र के 5.9 मिलियन बच्चे कुपोषण, अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं एवं घटिया सफाई व्यवस्था के कारण मर जाते है।

रोटेरियन होने के नाते, हम ऐसी घटनाओं को होने से रोक सकते है। सबसे बड़ी चुनौती बच्चों तक टीके के साथ पहुँचने की है। उदाहरण के लिए, हालाँकि रोटरी की सामरिक योजना में पोलियो को खत्म करने के लिए एक मजबूत संरचना शामिल है, फिर भी कुछ निश्चित प्राथमिकताओं एवं गतिविधियों पर दोबारा ध्यान देने की तुरंत आवश्यकता है। इसमें बिमारियों के निरीक्षण में वृद्धि, टीकाकरण मुहिम की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी और किसी प्रकोप का प्रत्युत्तर देने की क्षमता शामिल है।

रोटरी ने अपने विश्वव्यापी संसाधनों का इस्तेमाल किया है और कुछ बच्चों को छोड़कर पूरी तरह से पोलियो को खत्म कर दिया है। मगर रोटेरियनों और अन्य लोगों को कार्य करते रहना होगा। लोग स्वाभाविक रूप से कहेंगे, 'खैर, ऐसा लगता है यह मूल रूप से खत्म हो गया है तो चलो कुछ और करते है,' लेकिन वास्तव में यह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। अगर हम आगे बढ़ गए और अपने वादे के मुताबिक कार्य नहीं किया, तो हमें पोलियो वायरस के लौटने के खतरे का सामना करना पड़ेगा।

पिछले वर्ष, जब मैं रोई मंडल 3830 के सम्मेलन के लिए मनीला में था, तो रोटेरियनों ने मुझे बताया कि वर्ष 1979 में फिलिपीनी रोटेरियनों और फिलिपीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने एक प्रायोगिक स्तर पर मौखिक टीका पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम को लागू करने के लिए एक साथ काम किया। सैकड़ों स्वयंसेवकों ने मनीला के बच्चों को मौखिक पोलियो टीके की बूँदे देकर उनकी सहायता की। जब तत्कालीन रोटरी अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष जेम्स एल. बोमर जूनियर ने एक बच्चे के मुँह में पहली पोलियो टीके की बूँदे डाली, तब उन्होंने औपचारिक रूप से फिलिपींस के पोलियोमायलिटीस टीकाकरण प्रयास की शुरुआत की। देश के स्वास्थ्य मंत्री एनरिक एम. गार्शिया के साथ, उन्होंने एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया जिसके तहत रोटरी अंतर्राष्ट्रीय और फिलीपींस की सरकार पांच साल के लिए संयुक्त प्रयास द्वारा लगभग 760,000 डॉलर की लागत से लगभग छह मिलियन बच्चों का पोलियो का टीकाकरण करने के लिए प्रतिबद्ध हुए।

पोलियोप्लस परियोजना की सफलता ने दुनिया को पोलियो मुक्त करने की रोटरी की शीर्ष प्राथमिकता के लिए परिस्थितियाँ तैयार की। रोटरी ने तब अपना पोलियो-प्लस अभियान शुरू किया था और तब से दुनियाभर में पोलियो के मामले 99 प्रतिशत से अधिक कम हो चुके है, और इसका वायरस केवल तीन देशों - अफ़ग़ानिस्तान, नाइजीरिया और पाकिस्तान - के क्षेत्र विशेष में बचा है। अब भी, हमें पोलियो को खत्म करने के लिए अपने योगदान को जारी रखना होगा। पोलियो का अंतिम मामला सामने आने के बाद भी, दुनिया को पोलियो मुक्त घोषित होने के लिए तीन साल और लगेंगे। इसलिए टीकाकरण गतिविधियों के लिए कम से कम वर्ष 2020 तक स्वयंसेवकों और निधीयन की जरुरत होगी। दुनिया को पोलियो मुक्त बनाने के लिए यह हर रोटेरियन का कर्तव्य है कि वह रोटरी की सहायता करें। मानवता की सच्ची जीत तभी होगी जब हम पोलियो के अभिशाप को खत्म कर देंगे और दुनिया को यह दिखा देंगे कि कैसे रोटरी परिवर्तन ला रही है।

C. Bask

सी भास्कर

निदेशक, रोटरी इंटरनेशनल

फाउंडेशन न्यासी

अध्यक्ष का संदेश

वैश्विक अनुदान - एक सहायक उपाय

दुनिया भर में रोटेरियनों से मेरी मुलाकात के दौरान अक्सर नए अनुदान मॉडल सामने आते है। हमेशा ही यह जानना निराशाजनक होता है कि क्लब या मंडल वैश्विक अनुदान में हिस्सा लेने में रूचि नहीं दिखाते है।

प्रायः वह कौन से कारण है जिन्हें मैं सुनता हूँ? वैश्विक अनुदान बहुत जटिल होते है। उन्हें अधिक मेहनत, बहुत सारे धन की आवश्यकता होती है। या DDF (डिस्ट्रिक्ट डेज़िग्नेटेड फण्ड) का उपलब्ध पूल शायद मांग की पूर्ती करने के लिए पर्याप्त बड़ा नहीं है।

फिर भी आंकड़े एक कहानी बयान करते है जिसे सकारात्मक समझा जा सकता है। रोटरी संस्थान के शताब्दी वर्ष 2016-17 के दौरान, 1260 वैश्विक अनुदान प्रदान किये गए, जो कि उसके पिछले वर्ष से 8 प्रतिशत अधिक थे। और इस रोटरी वर्ष के आंकड़े पिछले वर्ष के मुकाबले आगे चल रहे है।

आपकी निरंतर प्रतिपुष्टियों एवं सुझावों ने एक बदलाव लाने में मदद की है। वैश्विक अनुदान की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में अनेक सुधार किये गए है। वैश्विक अनुदान की प्रोसेसिंग में लगने वाला समय उल्लेखनीय ढंग से कम हुआ है। 2016-17 में, एक अनुदान आवेदन के जमा होने से प्रथम भुगतान तक औसत 129 कार्य दिवस लगा करते थे। 1 फरवरी तक औसत 107 कार्य दिवस पर आ गया था।

यदि आपके क्लब ने एक वैश्विक अनुदान में हिस्सा नहीं लिया है, तो मैं आपको अब मौजूदा संसधानों पर फिर से एक नज़र डालने के लिए प्रेरित करता हूँ। *grants.rotary.org* पर हाल ही में फिर से डिज़ाइन किये गए रोटरी ग्रांट सेंटर से देखना शुरू कीजिये। दाहिने कॉलम में जुड़े हुए व्यापक स्त्रोतों को देखिये।

हमारे संस्थान का उत्कृष्ट अनुदान स्टाफ मदद करना चाहता है, उनकी विशेषज्ञता एवं ढठऋ के सामूहिक अनुभव का इस्तेमाल करके। आपके मंडल की परियोजना के लिए स्टाफ के संपर्क से संबंध स्थापित कीजिये। दी रोटरी सपोर्ट सेंटर एक कार्य दिवस के भीतर संपर्क जानकारी प्रदान कर सकता है (*rotarysupportcenterrotary.org*)।

रोटरी संस्थान का तकनीकी सलाहकारों का कैडर स्वयंसेवी रोटेरियनों का एक समूह है जो रोटरी परियोजनाओं की योजना बनाने वाले एवं उन्हें करने वाले रोटेरियनों को तकनीकी विशेषज्ञता एवं सलाह भी प्रदान करता है। यदि आप परियोजना नियोजन की प्रक्रिया की शुरुआत में मार्गदर्शन हासिल करना चाहे, तो *cadrerotary.org* पर संपर्क कीजिये।

ट्रस्टियों की एक महत्वपूर्ण भूमिका सुनने की होती है। रोटरी सदस्यों ने बातचीत की है। एक साथ हम स्वयंसेवकों की एक ताकतवर शक्ति है जो जरूरतों को पहचानकर उदारता, सृजनात्मकता एवं जोश के साथ प्रतिक्रिया देती है। रोटरी अनुदान हमें विचारों को साकार करने एवं एक स्थायी प्रभाव, चाहे स्थानीय स्तर पर या वैश्विक स्तर पर, को जन्म देने के अनुपम अवसर प्रदान करते है।

पॉल ए नेटज़ेल
फाउंडेशन न्यासी अध्यक्ष

आपकी चुनौतियाँ क्या है?
मैं आपके विचार सुनना चाहता हूँ।
ईमेल करें paul.netzel@rotary.org पर।

Häcker
kitchen. germanMade.

DELHI	MUMBAI	BENGALURU	KOCHI	COIMBATORE	CHENNAI	HYDERABAD	AHMEDABAD	LUDHIANA	JAIPUR	INDORE	THRISSUR	MANGALURU
9313134488	9322987229	9740999350	9895058285	9500210555	9442081111	9700058285	9879538977	9815048222	9414058718	9425803599	7025991000	7899119955

E-mail: info@hacker-kitchens.com
Website: www.haecker-india.com / www.haecker-kuechen.com

बच्चों के अवैध व्यापार के खिलाफ उन्होनें एक जंग छेड़ रखी है

रशीदा भगत

पुणे में रेणुताई के घर-सह-स्कूल मे बच्चों के साथ रोटेरियन सदानंद भागवत और (चरम दाएं) दीपा भागवत।

पुणे में इस महिला ने ज़्यादा से ज़्यादा लड़कियों को वेश्यावृत्ति से और लड़कों को बाल-श्रम से बचाने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए उन्हे निडरता, निर्भीकता, हिम्मत और करुणा की जरूरत थी ... और ये गुण उसमें कूट-कूट कर भरे है ।

एक साधारण सी इमारत के गलियारे में, जिसे अब छत से भली भांति ढक दिया गया है, पुणे की रोटेरियन रेणु गावस्कर को, इस उदारता के लिए धन्यवाद,जो रेणु ताई के नाम से जानी जाती हैं, अपने 50 बच्चों के साथ बातचीत में संलग्न है। उनके लिए वह जो कुछ कर रही है वह मानवता में आपके विश्वास को बहाल करता है। चमकती आँखों वाले जोश भरे इन ज़िंदादिल,समझदार बच्चों, 4 से 11 की आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों दोनों को अत्यधिक हिंसा,सदमे,कटु अनुभव और अवैध व्यापार व देह व्यापार के ख़तरे से बचाया गया है।

पुणे के बुधवार पेठ स्थित रेड लाइट एरिया से ये बच्चे सेक्स वर्कर्स के हैं, जहां हज़ारो सेक्स वर्कर्स होने का अनुमान है, और एक सामाजिक कार्यकर्ता रेणू ताई, जो न केवल अत्याधिक धैर्य और दृढ़ संकल्प बल्कि असाधारण करुणा व कोमलता की मूर्ती हैं, अकेले ही उन्हें हिंसा और भय के उस माहौल से मुक्त करवा कर, अब प्यार और ममता के साथ उनकी देखभाल कर रही हैं। उनके द्वारा स्थापित एकलव्य ट्रस्ट को धन्यवाद, अब बच्चे प्राइवेट स्कूल में जाते है, उनके घर में बनाये गए छोटे से विद्यालय में अतिरिक्त पढ़ाई करते हैं, जहां न केवल नृत्य, गायन, मुसकुराहट है बल्कि सपने भी हैं।

अभी अभी पौंछे गए चेहरे, नम्रता से मेरा अभिवादन करते हैं, ये सभी आगंतुक को ले कर उत्साहित हैं, उत्सुक हैं। ''वे तुम्हारे जाने के बाद मुझसे तुम्हारे बारे में खूब सारे सवाल पूछेंगे,'' मुस्कुराते हुए रेणु ताई ने कहा, ''और मैं उन्हें बताऊंगी कि अगर वे कड़ी मेहनत करेंगे और

इन बच्चों की प्रतिक्रिया आप समझ सकते हैं। सबके सपने अलग अलग हैं; जहां बाकी बच्चे सम्पन्न और खुश रहना चाहते हैं, वहीं ये बच्चे अपने कष्ट से छुटकारा पाना चाहते हैं।

रेणुताई

अच्छी तरह से पढ़ाई करेंगे तो वे भी तुम्हारी तरह बन सकते हैं!''

रोटरी से जुड़ाव

रेणुताई के साथ रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड का जुड़ाव चार साल पहले हुआ जब उसके पूर्व अध्यक्ष सदानंद भागवत ने अपने अध्यक्ष स्थापन की बैठक के दौरान उनकी बात सुनी थी। ''मुझे लगा हमें उनके स्कूल के साथ किसी तरह जुड़ कर काम करना चाहिए, पर वहाँ जा कर लगा कि बहुत कुछ किया जा सकता है।''

रेणुताई दो इकाइयां चलाती हैं; एक आवास में बुधवार पेठ के बच्चे रहते हैं और दूसरे में सड़क के लावारिस बच्चे।

जब सदानंद उनसे मिले, तो उनकी कहानियां सुन कर उनके रोंगटे खड़े हो गए। जैसे एक बार एक 8 वर्षीय बच्चे ने उनसे पूछा: *आज्जी* (दादी) आपके दोस्त आपसे मिलने आ रहे हैं, पर आपने लाल साड़ी क्यों नहीं पहनी और लिपस्टिक भी नहीं लगाई है? जब मेरी मां के दोस्त आते हैं, तो मां हमेशा लाल साड़ी पहनती है और लिपस्टिक भी लगाती है।''

एक और किस्सा, रेणुताई के छोटे से घर में चल रहे, इन बच्चों के स्कूल में, वो एक 8 साल के लड़के से बात कर रहे थे और उससे कहा कि ''मैं एक कप चाय पीऊंगा, तुम दूध लोगे?'' उसने कहा: 'नहीं, मैं बीयर लूंगा।' उत्सुकतावश मैंने उससे पूछा कि तुम बीयर के बारे में कैसे जानते हो? और उसने बताया कि उसकी मां के दोस्त उसे ₹100 या 150 दे कर घर के सामने की दुकान से बीयर लाने के लिए कहते हैं। ''पर वे आधी पीते हैं और बाकी छोड़ देते हैं और क्योंकि बची हुई बेकार हो जाएगी, मैं इसे पी जाता हूं।''

लेकिन इससे भी ज्यादा दिल दहलाने वाली बात, उनकी पत्नी दीपा भागवत ने बताई, जो उसी क्लब की पूर्व अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। जैसा अक्सर होता है कि घर में जगह तो होती नहीं, इसलिए जब उनकी मां ग्राहकों के साथ होती हैं, बच्चे उसी बिस्तर के नीचे रहते हैं।

लेकिन मेरे सामने का दृश्य ... खुशी से चहकते बच्चे, जो काम चलाऊ कक्षा में एकत्रित हुए थे - वास्तव में ये एक गलियारा था जिस पर भागवत ने, जो कंस्ट्रक्शन व्यापार में है,सुन्दर सी छत बनवा दी थी, ... देख कर आत्मा प्रसन्न हो जाती है। ''यह ₹1 लाख से भी कम में बन गई,'' वह मुस्कुराते हुए कहते हैं, ''इसे बनाने की ज़रूरत इसलिए महसूस हुई क्योंकि बच्चे खुले गलियारे में धूल, मिट्टी, बारिश और सूरज के बीच काफी वक़्त बिताते थे। चार साल पहले हमने यहां छत डाली थी, और कल इसे फिर से बनाया गया है।''

फौरन ही उनका क्लब शामिल हो गया और फिर रसोईघर का फर्श बदला गया तथा प्लेटफार्म बनाया गया। रोटेरियनों ने तुरन्त ही बच्चों को स्कूल

रेणु की कहानी

खुद रेणू का बचपन दुख से भरा था। वह 13 वर्ष की थी, जब उनकी मां को पारकिंसन की बीमारी हुई, ''और जब मैं 25 साल की थी, मेरी मां का देहांत हो गया था। हम मुंबई में रहते थे और वो 12 साल अत्यंत भयानक थे। मेरे पिता बहुत परेशान रहते थे, और मां की मृत्यु से चार महीने पहले, कैंसर से उनकी मृत्यु हो गई । मेरा बचपन बहुत ही कष्टप्रद और दुख भरा था।''

दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर, उन्हें सारस्वत बैंक में एक अधिकारी की नौकरी, सीधी भर्ती के जरिए मिली। वह बहुत भाग्यशाली थी कि उनकी शादी नारायण गावस्कर से हुई, ''जो एक सच्चे नारीवादी थे, उन्होंने मुझे बाहर जाने और समाज के लिए अच्छे काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनका मानना था कि महिलाओं को पूर्ण स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। अपने जीवन में हुई सभी अच्छी बातों के लिए मैं उनकी ऋणी हूं। मेरे द्वारा किये गए हर अच्छे कार्य का रास्ता उन्होंने ही दिखाया।''

उनका यह भी मानना था कि केवल एक ही साथी को काम करना चाहिए और ''मुझे इस्तीफा देने के लिए राज़ी किया हर समय पढ़ें और बाहर जाकर लोगों की सहायता करें'' लेकिन ताई का वैवाहिक जीवन केवल 11 वर्षों में समाप्त हो गया, 42 वर्ष की उम्र में ही, दिल का दौरा पड़ने से वह 34 वर्षीय रेणु के पास 7 और 9 वर्ष के दो छोटे बच्चों को छोड़ कर चल बसे।

लेकिन वो ताई के भीतर समाज के लिए काम करने का बीज बो चुके थे; ''उन्होंने मुझे किताबें पढ़ने और उन लोगों के लिए काम करने के लिए कहा जिन्हें प्यार और स्नेह नहीं मिलता।'' करीब 20 साल पहले, उन्होंने मुंबई से पुणे जाने का फैसला लिया।

क्यों,यह पूछने पर वह मुस्कुराते हुए कहती है, ''मुंबई महानगर है और धन जुटाने की तरह ही, ऐसे काम करने के लिए जगह मिलनी बहुत मुश्किल है। पुणे का दिल बहुत बड़ा है और मुझे इसने सब कुछ दिया है। एक बार जब लोग आप की ईमानदारी पर विश्वास कर लें,तो वे प्रचुरता में देते हैं। मैंने इन रोटेरियनो से कभी भी कुछ नहीं मांगा, उन्होंने स्वयं मुझसे संपर्क किया ... जिस तरह यहाँ सामाजिक और सामुदायिक कार्य किये जाते हैं, यही पुणे की महानता है। वे तुम्हें कुछ मांगने नहीं देते।''

पुणे में, रेणु एक प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता विजया लवाटे से मिली,जो अब दिवंगत हो चुकी है। वह मुझे अपने साथ बुधवार पेठ ले गई, एक बच्चे की देखभाल करने के लिए जिसकी हड्डी टूट गई थी और उस दिन, मेरे लिए एक नई दुनिया खुल गई। महिलाएं खड़ी हैं और जो खड़े रह कर इंतजार कर रही हैं ... सिर्फ एक आदमी का, क्योंकि उसका और उसके बच्चों का अगला भोजन उसी आदमी से मिलेगा।

धीरे-धीरे वह इस क्षेत्र के बच्चों और उनकी मां से जुड़ती गई। ''एक दयावान बिल्डर ने मुझे यह कह कर जगह दी कि यह जगह कुछ कानूनी पेचीदगियों में उलझी हुई है और इसे कोई नहीं ले रहा है। मुझे यकीन है कि आप इसे सोना बना देंगी, और यह हमारा ग्यारहवां साल है!''

शुरु में ज़रूर कुछ गुंडों ने उसे परेशान किया था क्योंकि उन्हें उनकी अगली पीढ़ी अपनी उंगलियों से फिसलती लग रही थीं, लेकिन निष्ठा और ईमानदारी से काम करते देख उन्हें कुछ पुलिसकर्मियों और राजनेताओं से भी समर्थन और सहयोग मिला है।

वह अपनी बेटी गौरी के साथ इस क्षेत्र का दौरा करती और माताओं से बात करती और ''वे मुझे अपने बच्चों को वहां से निकालने की अनुमति दे कर खुश होती थीं। मैंने इन बच्चों के बचपन बचाये रखने की कोशिश की है ... वे खेलते हैं, गाते हैं और नाचते हैं, और यहां रहते हैं।'' वे सभी एक निजी स्कूल आदर्श विद्यालय में जाते हैं, और उनकी फीस पूर्व छात्रों द्वारा अदा की जाती हैं।

अतिरिक्त पढ़ाई उनके यहां होती है जिसमें रोटेरियनो भी मदद करते हैं, खासकर गणित और अंग्रेजी में। और भागवत की बहन वर्षा भावे, जो महाराष्ट्र की प्रसिद्ध गायिका हैं, उन्हें संगीत सिखाती हैं। ■

बुधवार पेठ महिलाएं खड़ी हैं और जो खड़े रह कर इंतजार कर रही हैं ... सिर्फ एक आदमी का, क्योंकि उसका और उसके बच्चों का अगला भोजन उसी आदमी से मिलेगा।

वर्दी, अध्ययन सामग्री, नोट बुक, स्कूल बैग और फिर डेस्क उपलब्ध करवाई। ''वे फर्श पर बैठते हैं, और लिखने के लिए नीचे झुकना पड़ता है। ज़रा सोचिये कि उनकी पीठ के साथ क्या होता होगा। और मेरा मानना है कि जिसकी पीठ झुकी हुई है, उसका मस्तिष्क भी झुक जाता है, और एक टेढ़े मस्तिष्क के साथ व्यक्ति कभी भी सीधा खड़ा नहीं हो सकता,'' भागवत अपने विचित्र दर्शन को समझाते हुए कहते हैं!

बच्चे बेहद खुश थे, क्योंकि उन्हें लगा ''हमें भी कुछ मिलता है।'' फिर आई जन्मदिन मनाने की बात। उन्होने अपने स्कूल में देखा था कि दूसरे घरों में माता-पिता अपने बच्चों के जन्मदिन मनाते हैं, लेकिन उन्होंने इसका अनुभव कभी नहीं किया था। पर अब रोटेरियन्स रेणुताई के बच्चों के जन्मदिन, केक काट कर और बच्चे को नई ड्रेस दे कर मनाते हैं!

सपने भरपूर

एक बड़ी मज़ेदार बात, बच्चे अपने सपने एक दूसरे को बताते हैं, लेकिन इनकी सीमाएं भी हैं। कक्षा 4 का छात्र तरुण,पुलिस में शामिल होना चाहता है, जोकि अधिकांश लड़कों और कुछ लड़कियों की भी

रेणुताई बच्चों के साथ।

तमन्ना है। तो सलोनी का भी यही सपना है। जब पूछा क्यों, वह बड़ी सरलता से कहती है, ''लोगों को न्याय दिलवाने के लिए।'' रेणुताई विस्तार से बताती है, ''उनकी नज़र में, पुलिस न सिर्फ लोगों को मारती है बल्कि भ्रष्ट भी है; वो पैसे लेती है और निर्दोष लोगों को फंसाती हैं, इसलिए वह ऐसे लोगों की मदद उन्हें न्याय दिलवाना चाहती है।''

मैंने धीरे से पूछा, यदि अच्छी नौकरी मिल गई और वह महिला पुलिस बन गई, तो क्या वह अपनी मां को इस गन्दगी से बाहर निकालेगी, सबसे पहले ''मैं एक अच्छा सा घर लूंगी, और परिवार को साथ रखूँगी (उसके भाई और बहनों को अलग कर दिया गया था, हालांकि उसकी एक बहन मनीषा यहीं है)। मेरे दो भाई गेराज में काम करते हैं, लेकिन मेरे घर में हम सब एक साथ रहेंगे,'' वो खुश हो कर कहती है। सौभाग्य से, भाई बहन मिलते रहते हैं और मां भी नियमित रूप से अपने बच्चों से मिलने आती रहती है।

मुझे लगता है, भविष्य की योजना बताने में और अपनी माँ को उनकी वर्तमान दुर्दशा से

मेरे पति ने मुझे बाहर जाने और समाज के लिए अच्छे काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने जीवन में हुई सभी अच्छी बातों के लिए मैं उनकी ऋणी हूं।

पुणे का दिल बहुत बड़ा है और मुझे इसने सब कुछ दिया है। एक बार जब लोग आप की ईमानदारी पर विश्वास कर लें,तो वे प्रचुरता में देते हैं। मैंने इन रोटेरियनो से कभी भी कुछ नहीं मांगा, उन्होंने स्वयं मुझसे संपर्क किया।

निकालने में लड़कियां ज्यादा आगे हैं। चाहते लड़के भी यही है, लेकिन एक आवरण ओढ़े रहते है और इस के बारे में कुछ नहीं बताते। दूसरी ओर, जब अनुराधा से पूछा गया कि वह अपनी मां के लिए क्या करना चाहती है तो वो ज़रा भी नहीं हिचकिचाई। ''वह बीमार है और कष्ट झेल रही है। और आज वो जो कुछ भी कर रही है, मैं उसे आगे नहीं करने दूंगी क्योंकि वह बहुत दुखी है। मैं एक नर्स बनूंगी और जब अच्छी नौकरी मिल जाएगी, तब मैं उसे यहां से बाहर निकाल लूंगी।''

काफी बच्चे हीरो बनना चाहते हैं! ''मेरा पसंदीदा नायक सलमान खान है,'' रोहन मुस्कराता है। राजेंद्र, जो एक बढ़िया नर्तक है, वो भी सलमान की तरह बनना चाहता है। रेणुताई जल्दी से कहती है, ''लेकिन यहां पुराने बच्चे सलमान को पसंद नहीं करते क्योंकि उन्हें लगता है कि उसने किसी की हत्या की है।''

कुछ अन्य लड़के सुपरमैन बनना चाहते हैं। सब पुलिस में क्यों, रेणुताई कहती है, ''इसका एक विशेष पहलू है; इन्हें और उनकी माताओं को पुलिस ने इतना प्रताड़ित किया है कि वे खुद को सुरक्षित करना चाहते हैं, और हीरो भी तो यही करता है।'' अनुराधा की छोटी बहन लक्ष्मी, सैनिक बनना चाहती है। ''उसे लगता है कि देश व समाज को सुरक्षित रखने का और उसकी मां को बचाने का एकमात्र यही तरीका है। सुरक्षा देने वाला कोई नहीं है, रक्षक के अभाव में, इन बच्चों की प्रतिक्रिया आप समझ सकते हैं। सबके सपने अलग अलग हैं; जहां बाकी बच्चे सम्पन्न और खुश रहना चाहते हैं, वहीं ये बच्चे अपने कष्ट से छुटकारा पाना चाहते हैं।

बच्चों का अवैध व्यापार

रेणुताई का बच्चों के प्रति इस जुनून, समर्पण और उनका बचपन वापस लौटाने के पीछे मुख्य उद्देश्य, जहां तक हो सके बच्चों की तस्करी को रोकना है। उन्हें जरा भी संशय नहीं है कि अंततः लगभग सभी लड़कियां अवैध रूप से बेच दी जाएंगी। ''और यह मत सोचना कि लड़के सुरक्षित हैं। रोहन को देखो, कितना खूबसूरत है, और यह वो भी जानता है! पर वो भी खतरे में है।''

और लड़कों पर कामुक दृष्टि रखने वाले, पूछते हुए मेरा दिल बैठा जा रहा था। ''वो ज्यादा नहीं हैं, क्योंकि उन्हें महिलाओं को प्रेम विवाह में फंसा फुसला कर रेड लाइट एरिया में लाने के लिए तैयार किया जाता है, जहां से बचना असंभव है,'' रेणुताई ने कहा। फिर नौ साल की लड़की की एक मर्मभेदी कहानी सुनाई, जिसे उन्होंने छुड़ाया था, लेकिन उसकी मां ने उसे बेच दिया जिसकी हमें जानकारी नहीं थी, वो कर्ज में थी। ''वह एक सुंदर लड़की थी, ढूंढने की हमने बहुत कोशिश की, लेकिन वो गायब हो गई। उसे वापस लाने की कोशिश में जब

सहभागीता के लिए अमेरिका में
एक रोटरी क्लब की तलाश

दीपा और सदानंद भागवत बच्चों के साथ।

आवासीय घर, जहां 50 बच्चों को अतिरिक्त स्कूली शिक्षा मिलती है, पुणे में *एकलव्य ट्रस्ट* द्वारा चलाया जाता है, अब पुणे नगर निगम की इमारत में चल रहा है ,जो ठेकेदार के निर्माण में देरी करने की वज़ह से कानूनी विवाद में फंसी हुई है। मामला लगभग 20 सालों से लंबित है। रेणुताई के अपना उद्यम शुरू करने के बाद, बाल तस्करी रोकने के लिए,11 साल पहले, बिल्डर ने उस से कहा, ''वैसे भी यह इमारत बेकार पड़ी है, इसलिए अदालत का फैसला आने तक आप इसका उपयोग क्यों नहीं कर लेते।''

मामले की तारीखें अब दे दी गई हैं और फैसला आने की उम्मीद है। ''हमने सोचा कि अगर यह इमारत निगम में वापस चली गई, तो ये बच्चे उसी नरक में वापस चले जाएंगे। इसलिए हम उन्हें स्थायी जगह देने की कोशिश कर रहे हैं और अमेरिका में एक एनआरआई दाता सुधा महर्षकर और उनकी 3 बेटियों ने ₹4 करोड़ देने का वायदा किया है जो मेरा ग्राहक भी है।'' रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड के पूर्व अध्यक्ष सदानंद भागवत कहते हैं, साल भर में इन बच्चों के लिए 7,000 वर्ग फुट में बढ़िया सुविधाऐं तैयार करने के लिए फंड तैयार हैं।

लेकिन अमेरिका में कर बचाने के लिए, ये ज़रूरी है कि है, कि इस राशि को अमेरिका में अपने ट्रस्ट से एक स्वैच्छिक संगठन के माध्यम से दान किया जाए। यह तब किया जा सकता है जब एक अमेरिकी रोटरी क्लब इस पैसे को स्वीकार करने के लिए सहमत हो और फिर पुणे में रोटेरियनों के साथ मिल कर एक संयुक्त परियोजना करे, ताकि मुक्त हुए बच्चों के लिए उचित शिक्षा और एक सभ्य आजीविका सुनिश्चित की जा सके।

भागवत का कहना हैं की डगड के खरीब, पुणे के बहारी इलाकों में उन्होंने एक 15,000 वर्ग फुट का प्लाट देख रखा है जहाँ लड़कियाँ के लिए होस्टेल बन सकता हैं। साथ ही घएच अस्पताल जो रेणताई द्वारा चलाया जा रहा है और जो 60 सड़क से उठायें गए बच्चों का निवास हैं रोटेरियन इन बच्चों की देखभाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने लगभग 6,000 वर्ग फुट का प्लाट इन बच्चों के लिए भवन बनाने हेतु पुणे के बाहरी इलाके अंबागांव में देख ली है। भागवत ने कहा ''तो इसके साथ ही अन्य संभावनाएं भी हैं, लेकिन अभी तक हम यूएस में एक साथी क्लब की पहचान करने में कामयाब नहीं हुए हैं, क्योंकि इसमें शामिल राशि में बहुत बड़ी है - लगभग 600,000 डॉलर। जैसे ही हमें अमेरिका में एक साथी क्लब मिल जाएगा, इन बच्चों को एक अनिश्चित भविष्य से बचाया जा सकता है।'' ■

हमने बिचौलिये से संपर्क किया तो उनमें से एक ने कहा: 'आप इतने दुखी क्यों हैं, अब वह बैंगलोर के व्यापार में है।' यह करीब 15 साल पहले मेरे काम की शुरुआत की घटना है। और फिर मैं समझ गई कि हर लड़की को संरक्षित किया जाना ज़रूरी है। लड़कों को भी; गोरा और सुंदर होना यहां एक अभिशाप है।''

वह आगे बताती है, लड़कियों को शादी में फँसाने और देह व्यापार में लाने के अलावा, लड़कों का इस्तेमाल, भोजन, दारू लाने, बाल मजदूरी और अन्य कामों में भी किया जाता है। ''बच्चे खुश रहते हैं क्योंकि उनकी ज़रुरत भोजन है, पढ़ाई नहीं, और बाल श्रम यहां बहुत ही सस्ता है।''

लावारिस बच्चों की दुर्दशा

रेणुताई की दूसरी सुविधा में, उसने 62 लावारिस बच्चों को बचाया और उन्हें स्कूलों में डाला। ''पर मैं जानती हूँ कि 62,000 लड़के हैं जो गांवों से आए हैं और फुटपाथ पर रह रहे हैं । मैंने अपने आप से कहा बहुत हो चुका अब और नहीं ... जितना हो सके उतना करते चलो। मेरी बेटी गौरी, मेरे साथ है, मुझे पता है वो मेरे काम को आगे बढ़ाएगी।''

तो बाकी लावारिस और बेघर बच्चों का क्या होता है?

''वे अपराध में लिप्त हो जाते हैं ... सड़कों पर रहने वाले ये लोग डकैती, हत्या या वेश्यावृत्ति के रैकेट में जा सकते हैं। वे अपराध में इसलिए

एक शिक्षक घर-सह-स्कूल में बच्चों को पाठ पढ़ाती हुई।

संलग्न हो जाते हैं क्योंकि और कोई विकल्प नहीं है; वे ड्रग्स लेते हैं ... कौन है जो उन्हें नौकरी देगा? पुणे रेलवे स्टेशन पर, आप, चारों तरफ घूम रहे बहुत सारे बच्चे देखेंगे। वे हमारा चेहरा पहचानते हैं, और हमें देखते ही भाग जाते हैं क्योंकि वे यहाँ नहीं आना चाहते। उन्हें लगता है, वे यहां कैद में हैं, और फिर उन्हें ड्रग्स कौन देगा। वे भीख में मिले वड़ा पाव से खुश हैं।''

उनका मानना है कि जब तक सरकार की तरफ से भागीरथ प्रयास नहीं किया जाएगा, ''इन बच्चों को बचाया नहीं जा सकता और वे अवैध व्यापार या आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो जायेंगे।''

तो उनके हिसाब से, अपनी मां की नौकरी खत्म कराने वाली लड़कियों का प्रतिशत कितना है?

''सीधे तौर पर, बहुत कम,'' वह कहती है, ''क्योंकि मां अपनी बेटी को इस नरक में नहीं देखना चाहती। लेकिन लड़कियों की शादी हो जाती है ... ज़्यादातर प्रेम विवाह, लेकिन उनके साथ क्या होता है, हम नहीं जानते। क्योंकि वे जिन पुरुषों से शादी करती हैं, उनमें से कुछ पहले से शादी शुदा होते हैं... माहौल तो वही है ना, और आखिरकार उन्हें छोड़ देते हैं। अक्सर वे बच्चे के साथ लौटती हैं।''

हर लड़की को संरक्षित किया जाना ज़रूरी है। लड़कों को भी; गोरा और सुंदर होना यहां एक अभिशाप है।

यह पूछने पर कि क्या बच्चों के पिता उनसे मिलने आते हैं, रेणुताई कहती हैं कि ''कुछ आते तो हैं, लेकिन यह पहचान अक्सर गलत निकलती है। मां द्वारा लाये गए व्यक्ति को बच्चे स्वीकार कर लेते हैं; वो चला जाता है फिर अन्य व्यक्ति आता है, बच्चे उसे भी स्वीकार कर लेंगे क्योंकि उनकी ज़िन्दगी में इतनी ज़्यादा हिंसा है कि अपनी रक्षा के लिए उन्हें किसी पुरुष का आसरा चाहिए ... रोज़ाना वे इस हिंसा के साक्षी बनते हैं, माँ के बिस्तर के नीचे से,कभी कभी दुखी मन से।''

फिर क्या आश्चर्य, अक्सर अपनी मां को निर्ममता के आगे विवश देख, ये बच्चे, महिलाओं को कमजोर वर्ग समझते हैं।

चित्र: रशीदा भगत

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

परिकल्पना की तलाश

अध्यक्ष-निर्वाचित बैरी रेसिन इस बारे में बात करते है कि रोटरी कहाँ पहुँची है, उन्हें इसे कहाँ ले जाने की उम्मीद है - और कैसे संस्थान ने गहराई से उनके जीवन को परिवर्तित किया है।

अध्यक्ष निर्वाचित बैरी रेसिन।

जब बैरी रेसिन अध्यक्ष निर्वाचित के रूप में उनके पहले दिन के लिए सुबह 4 बजे इवेंस्टन स्थित रोटरी मुख्यालय पहुँचे, तो उनके सिक्यूरिटी कार्ड ने लिफ्ट में काम नहीं किया। ठीक एक दिन पहले, एक अति शीघ्र प्रक्रिया के तहत, उन्हें सैम एफ. ओवोरी, जिनका जुलाई में अकस्मात निधन हो गया था, के स्थान को भरने के लिए नामांकित किया गया था। अब रेसिन, रोटरी क्लब ईस्ट नासाउ, बहमास, के रोटरी क्लब के एक सदस्य, के पास ईमारत में प्रवेश करने के लिए सुबह के शुरूआती घंटों में सही परिचय पत्र नहीं था। वह कहते है, ''मुझे सुरक्षा कर्मी को स्थिति समझानी पड़ी, जिसे बेशक कोई भनक नहीं थी कि मैं कौन हूँ।''

जब रेसिन कुछ करना चाहे तो बहुत कुछ उन्हें रोक नहीं सकता। वन रोटरी सेंटर की 18वीं मंजिल पर पहुँचने के बाद, उन्होंने पाँच दिन के उन्मुखीकरण कार्यक्रम को छोटा करके डेढ़ दिन में करने की, अंतर्राष्ट्रीय सभा का नियोजन करने की, और उनकी अध्यक्षीय थीम: *प्रेरणा बनिए* के संचालन की शुरुआत की। वह कहते है, ''मेरी शख्सियत ऐसी है कि मैं सभी विकल्पों को सुनता हूँ, निर्णय लेता हूँ, और फिर अगली चीज़ की ओर बढ़ता हूँ। इसलिए हमने प्रक्रिया को काफी शीघ्रता से पूर्ण कर लिया।''

अध्यक्ष-निर्वाचित बनने से पूर्व, रेसिन को वर्ष 2010 में हाइती में आए भूकंप के बाद रोटरी के राहत एवं प्रतिलाभ प्रयासों, जिनमें रोटरी द्वारा वित्तपोषित 105 पृथक परियोजनाएं शामिल थी, का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छे से जाना जाता था। ''मेरे पास एक स्प्रेडशीट थी जिसमें 132 पन्ने थे एवं हर एक परियोजना की प्रत्येक जानकारी थी,'' वह कहते है। लोग उसे देखकर कहते थे, 'आप कैसे इसे करते है?' लेकिन मुझे उसमें मज़ा आता था।

उनकी नेतृत्व की काबिलियतों ने एक हॉस्पिटल प्रबंधक के रूप में उनके पेशेवर जीवन में उनकी अच्छी तरह सहायता की। रेसिन, जो बहामास में अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ हेल्थकेयर एग्जीक्यूटिव्स के पहले सदस्य है, हाल ही में डॉक्टर्स हॉस्पिटल हेल्थ सिस्टम से 37 वर्षों के बाद अध्यक्ष रहते हुए सेवानिवृत्त हुए, जहाँ वह अभी भी एक सलाहकार के रूप में सेवा देते है।

वह वर्ष 1980 से एक रोटेरियन है और उनके कार्यो के लिए उन्हें रोटरी का सर्वोच्च सम्मान, स्वयं से ऊपर सेवा पुरस्कार, मिला है। वह और उनकी पत्नी, एस्थर, बड़े दानकर्ता है और रोटरी संस्थान के संरक्षक है।

एक स्थानीय कॉफ़ी शॉप में एक फोटो शूट के तुरंत बाद, *द रोटेरियन* के प्रधान संपादक जॉन रेज़ेक और वरिष्ठ स्टाफ लेखिका डायना शोबर्ग ने अक्टूबर में इवेंस्टन स्थित रेसिन के कार्यालय में उनसे बात की। उसी समय कॉफ़ी शॉप में एक जन्मदिन की पार्टी भी बुक की गई थी, लेकिन पार्टी में जाने वालों ने शायद ध्यान नहीं दिया। (उनमें से एक फुसफुसाया, ''वह फ़िल्मी सितारे जितना महत्वपूर्ण है।'') इसके बाद, रेसिन ने फोटो शूट को लेकर मज़ाक किया: ''यह डेंटिस्ट के पास जाने जैसा था।''

सैन डिएगो में 2018 के अंतर्राष्ट्रीय असेंबली में पत्नी एस्थर के साथ।

द रोटेरियन: रोटरी एक आपदा राहत संगठन नहीं है। हाल ही के समय में कुछ बदतर आपदाओं में रोटरी सबसे आगे रही है, तो क्या आपको लगता है कि हमें कुछ परिवर्तन करना चाहिए?

रेसिन: हाँ, रोटरी अंतर्राष्ट्रीय राहत संगठन नहीं है, लेकिन मैं आपदा क्षेत्रों एवं संभावित दानकर्ताओं के मध्य एक बेहतर संप्रेषक और उत्प्रेरक बनना चाहूँगा। दुनिया भर में रोटेरियन किसी आपदा के विषय में सुनते है और वे मदद करना चाहते है। हमें संपर्क के एक बेहतर तरीके की आवश्यकता है ताकि हम उन्हें बता सकें की कैसे समुचित तरीके से मदद की जाए। यह उपयुक्त नहीं कि आप आपकी अलमारी खोलें और आपके सभी कपड़ों को भेज दे, क्योंकि यह अनिवार्य रूप से आवश्यक नहीं है। सबसे पहले हमें आपदा क्षेत्रों में लोगों से सुनना होगा। उनकी जरूरतें दैनिक स्तर पर बदल सकती है, तो यह संप्रेषण वाकई महत्वपूर्ण है। मुझे उम्मीद है कि हमारी वेबसाइट पर प्रत्येक आपदा के आते से ही हमारे पास अधिक अप-टू-डेट जानकारी होगी।

हमारे पास एक रोटेरियन एक्शन ग्रुप है जो आपदा सहायता पर ध्यान केन्द्रित करता है। उस समूह के पास रोटरी अंतर्राष्ट्रीय के स्टाफ के साथ काम करने का एक बढ़िया अवसर है। आज हम जितना समय लेते है, उससे अधिक शीघ्रता से हम प्रतिक्रिया दे सकते है। एक आपदा में हमें सबसे पहले पहुंचकर पूछना चाहिए, ''क्या आप ठीक है? हम यहाँ है, हमें आपकी चिंता है, आपकी मदद करने के लिए हम क्या कर सकते है?'' केवल ये शब्द उस क्षेत्र के लोगों को कम अकेला महसूस करवाते है। फिर हम उन्हें परामर्श दे सकते है कि कैसे उन राहतों को तत्काल जुटाएं जिन्हें हम प्रदान नहीं कर सकते, उन एजेंसियों के माध्यम से जिनके साथ हम पहले से ही काम कर रहे है।

द रोटेरियन: क्या रोटरी इस जानकारी के लिए क्लबों पर निर्भर है?

रेसिन: क्लब एवं मंडल ज़मीनी स्तर पर है। वे जानते है कि क्या हो रहा है। उन्हें यह पता होना चाहिए कि सहायता के लिए किससे, कैसे और कब रोटरी अंतर्राष्ट्रीय में संपर्क करें। हमें वह लिंक प्रदान करना है। यह रोटरी अंतर्राष्ट्रीय का काम है।

अगर आप एक आपदा पीड़ित क्षेत्र में रहते है, तो आप त्वरित राहत प्रदान करेंगे क्योंकि आपके दोस्त तकलीफ में होते है। यह स्वाभाविक है। रोटरी की बड़ी भूमिका अगला कदम है, जो है दीर्घकालिक प्रतिलाभ प्रयास।

हाइती में भूकंप को आए आठ साल हो चुके है, और रोटरी अंतर्राष्ट्रीय अब भी वहाँ है। बहुत सी अन्य संस्थाओं ने तत्काल राहत प्रदान की, और फिर वे चले गए। हम वहाँ लंबे समय से है। रोटेरियन वहाँ रहते है; वे उनके समुदायों को वापस वहाँ ले जाना चाहते है जहाँ वह पहले थे। हमारी भूमिका ऐसा करने में उनकी मदद करने की है। जरूरी नहीं कि पैसे से ही, बल्कि परामर्श से, मार्गदर्शन से, और सहानुभूति से भी।

द रोटेरियन: आप चाहते है कि रोटरी एक परिवर्तनकारी प्रभाव लाए। ऐसा करने के लिए हमें अपने संसाधनों को कैसे आवंटित करना चाहिए?

रेसिन: छोटी परियोजनाएं करना ठीक है – मुझे गलत मत समझिये। हम उन्हें हमेशा ही करते रहेंगे। लेकिन मैं चाहूँगा कि प्रत्येक क्लब उनके द्वारा की जा सकने वाली कम से कम एक ऐसी उच्च-प्रभाव वाली सेवा परियोजना के बारे में सोचे जिससे लोगों की ज़िंदगियाँ बदल सके। यह आवश्यक नहीं है कि उनमें बहुत सारा धन लगे। हमारे द्वारा हाइती में दी गई जीप का मैं हमेशा ही उदाहरण देता हूँ। $60,000 से $70,000 में, हमने दाईयों के एक समूह को एक गुलाबी जीप प्रदान की जो समुदाय में जाकर ऐसी माताओं की प्रसवपूर्व देखभाल करती थी जिन्हें किसी अन्य माध्यम से वह प्राप्त नहीं हो पाती। शिशु मृत्यु दर प्रभावशाली रूप से कम हो गया। यह परिवर्तनकारी है।

रोटरी संस्थान ने लंबे समय से संवहनीयता के बारे में बात की है। संवहनीय होने के लिए –

हमारे द्वारा किये गए अच्छे कार्यों को दीर्घकालिक बनाने के लिए - आपको परिवर्तनकारी होना चाहिए, ताकि यह संस्थान के न्यासियों एवं वैश्विक अनुदान द्वारा किये जाने वाले कार्यों के तालमेल में बैठ सके। मंडल भी मंडल अनुदानों पर समान विचार करके ऐसा ही कुछ कर सकते है। हमारे पास संसाधन है। हमें बस थोड़ा अलग सोचने की आवश्यकता है।

द रोटेरियन: क्या हाइती में पुनर्निर्माण के कार्यों का रोटरी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा?

रेसिन: अगर आप हाइती के निश्चित हिस्सों में रोटरी के चक्र के साथ जाते है, तो वे आपका धन्यवाद करेंगे, क्योंकि वे जानते है कि रोटेरियनों ने क्या किया है। रोटरी ने उन्हें खाना, पानी, उनके बच्चों के लिए स्कूल प्रदान किया है। परिवर्तनकारी की बात करें तो, एक परियोजना जिस पर हम काम कर रहे है वह है पूरे हाइती देश में पीने योग्य पानी प्रदान करना। प्रधानमंत्री एक रोटेरियन एवं उनके क्लब के पूर्व अध्यक्ष है। वह हमारे साथ काम कर रहे है, और उनके पास एक सरकारी संस्था है जो सीधे हमारे साथ काम करने जा रही है। यह किसी भी वैश्विक अनुदान से काफी ऊपर है, लेकिन हम इसके लिए योजना बना सकते है और इसे टुकड़ों में करने का रास्ता निकाल सकते है। मुझे विश्वास है कि दुनिया भर के मंडल एवं क्लब इसका हिस्सा बनना पसंद करेंगे। यह परिवर्तनकारी है। यह एक ऐसी चीज़ है जो एक क्षेत्र को हमेशा के लिए बेहतर क्षेत्र में परिवर्तित कर सकती है।

द रोटेरियन: आपके वर्ष में आपकी किन अन्य लक्ष्यों को हासिल करने की कामना है?

रेसिन: रोटरी अंतर्राष्ट्रीय में जो हम करते है - जिसे हम वाकई बहुत अच्छी तरह करते है - और रोटरी क्लब द्वारा किये जाने वाले कार्यों में बहुत अंतर है। मैं इस अंतर को मिटाना चाहता हूँ। हमारी सामरिक प्राथमिकताओं में से एक है क्लबों को मजबूती प्रदान करना, जिसमें सदस्यता और संस्थान को दान जैसी चीज़ें शामिल है। हम क्लबों तक नहीं पहुँच रहे है और उन्हें यह नहीं समझा पा रहे है कि क्यों हमें इनमें से कुछ चीज़ों को करने की जरुरत है, और इसलिए कुछ क्लब उन्हें नहीं करते है।

मैं नए रोटरी क्लबों को शुरू करने के तरीके खोजना चाहता हूँ। बाहर अनेक क्लब मौजूद है। हम उन्हें कहते रहते है, ''आपको नए सदस्यों को शामिल करना है।'' लेकिन हो सकता है कि उनकी क्लब संस्कृति अन्य लोगों को आकर्षित करने वाली नहीं है। ठीक है - उन्हें अपने क्लब का आनंद लेना चाहिए, और फिर पास में ही एक दूसरा क्लब शुरू करना चाहिए। हम इस बात को सुनिश्चित करने पर कार्य कर रहे है कि सबको पता हो कि रोट्रैक्ट क्लब रोटरी क्लबों की शुरुआत कर सकते है। हमें रोट्रैक्टरों को यह कहने की आवश्यकता है कि जब वे 30 वर्ष की आयु के बाद आगे बढ़ेंगे, तो वे जिसके साथ भी चाहें उसके साथ रोटरी क्लब शुरू कर सकते है। रोट्रैक्ट हमारा गुप्त हथियार है, और हमें रोट्रैक्ट का रोटरी में भिन्न तरीके से पारगमन के विकास हेतु समय देना होगा।

हमें सामाजिक मीडिया पर बेहतर बनना होगा। जब आप किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति को लाइक करने वालों की संख्या की तुलना हमारी संख्या से करेंगे, तो आप पाएँगे कि हम उनके सामने कुछ भी नहीं है। हमें जरूरत है कि रोटेरियन और रोट्रैक्टर सामाजिक मीडिया तक पहुंचे और उसका इस्तेमाल हमारी सार्वजनिक छवि को बेहतर करने के लिए करें। और इसका दूसरा पहलू यह है कि: मुझे इस बात पर विश्वास है कि हमारे समुदाय नहीं समझते है कि रोटरी क्या है। मैं ङ्गरोटरी दिनोंफ का आयोजन करना चाहता हूँ ताकि क्लब और मंडल अपने समुदायों में जाकर रोटरी के बारे में बात कर सकें - कि रोटरी में हम क्या करते है और क्यों करते है।

मैं चाहता हूँ कि क्लबों के पास उनके सदस्यों के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम हो। रोटरी का नया परिकल्पना कथन कहता है: ''एक साथ, हम एक ऐसी दुनिया देखते है जहाँ लोग एकजुट होकर - संपूर्ण विश्व में, हमारे समुदायों में और हमारे स्वयं के भीतर - एक स्थिर परिवर्तन लाने के लिए कार्य करते है।'' सभी को यह याद दिलाने का सुअवसर है कि रोटरी क्लबों का सदस्य होने के नाते, हम वहाँ व्यक्तिगत विकास के लिए भी मौजूद है। युवा बढ़ने एवं विकसित होने के तरीकों को तलाश रहा है, और यह बात उन्हें रोटरी से जुड़ने का एक अन्य कारण प्रदान करती है। ये सब वे प्रमुख चीज़ें है जिनको साथ लेकर मैं चलना चाहता हूँ।

द रोटेरियन: आपने रोटरी के नए परिकल्पना कथन का ज़िक्र किया। हमारे पास पहले से ही एक आदर्श वाक्य है, *स्वयं से ऊपर सेवा*। हमारे पास प्रति वर्ष अध्यक्षीय विषय-वस्तु होती है। फिर हमें एक परिकल्पना कथन की भी जरुरत क्यों है?

रेसिन: हमें एक परिकल्पना कथन की जरुरत दुनिया को यह बताने के लिए है कि दीर्घावधि के लिए हमारे बुनियादी मूल्य क्या है। यह रोटेरियनों और गैर-रोटेरियनों को यह समझने में मदद करता है कि जब बात हमारी दुनिया को परिवर्तित करने की आती है तो हमारे लक्ष्य क्या है। इस परिकल्पना कथन को जन्म रोटेरियनों ने दिया है, जिन्होंने प्रत्येक लफ्ज़ की अनुशंसा की। अंत का परिणाम भविष्य के लिए हमारी परिकल्पना और वहाँ तक पहुँचने के रास्ते को प्रदर्शित करता है।

द रोटेरियन: कैरिबीअन के रोटारेक्ट और रोटरी क्लबों में अच्छे संबंध है। क्या वजह है?

रेसिन: मेरा क्लब एक उदाहरण है। जब कोई रोटारेक्ट हमारे क्लब में आता है, वह उस पूरे दिन हमारा मेहमान नहीं होता। वह एक सदस्य के रूप में अंदर आता है। तो तुरंत वे ऐसा महसूस कर रहे होते है जैसे वे हम में से ही एक है। यही आवश्यक है। हम यह भी सुनिश्चित करते है कि हमारे क्लब से एक रोटेरियन हमेशा रोटारेक्ट बैठकों में शामिल हो ताकि संबंध हमेशा बने रहे। पिछले दो सालों में, मेरा मानना है कि हमने रोटारेक्ट का रोटरी में 100 प्रतिशत पारगमन हासिल कर लिया है। वे हमारे पास आते है और हमारे क्लबों से जुड़ते है क्योंकि वे हमें जानते है। हमें इस संबंध को बरकरार रखना होगा।

द रोटेरियन: आपने रोटारेक्टरों से क्या सीखा?

रेसिन: रोटारेक्ट ऊर्जावान है। वे जोशीले है। वे अच्छा करना चाहते है, और वे वाकई में एक दूसरे के साथ काम करना पसंद करते है। निराशा की बात यह है कि किसी अन्य क्लब में पारगमन करना उनके लिए तब मुश्किल होता है जब उस क्लब की संस्कृति एकदम अलग हो, उसमें ऊर्जा ना हो, और उसे यह भी ना पता हो कि सामाजिक मीडिया का उपयोग कैसे करें। रोटारेक्ट रोटरी का भविष्य है, और हमें उनकी वहाँ तक पहुँचने में मदद करने की आवश्यकता है। जब वे 40 वर्ष के हो जाएँगे, तब वे एक क्लब में क्या देखना चाहेंगे? हमें इसके जवाब के साथ तैयार रहना है और फिर रोटरी क्लबों का निर्माण करना है, या फिर ऐसे रोटरी क्लबों की स्थापना करने में उनकी मदद करनी है जो उन्हें वहाँ ले जा सके।

द रोटेरियन: रोटरी के बिना अपने जीवन की कल्पना करें।

रेसिन: सच कहूँ तो, ऐसा करना मुश्किल है। मैंने 37 सालों से रोटरी में अपना दिल और जान लगाई है, और इसके बिना मेरे पास दोस्त नहीं होते जो आज है और ना ही उन कार्यों को करने की क्षमता होती जो मैं कर सकता हूँ। मैं हमेशा मेरे पहले भाषण का उदाहरण देता हूँ। मैं मंच पर खड़े होकर मेरे द्वारा लिखे भाषण को पढ़ रहा था, और जब मैं उस भाषण के पहले पन्ने के अंत तक पहुँचा, मैं इतना घबराया हुआ था कि मैं पन्ना नहीं पलट सका। लेकिन मेरा क्लब मुझसे बोलने के लिए कहता रहा, तो मैंने ऐसा ही किया, और अब मैं सार्वजनिक रूप से आत्मविश्वास के साथ बोलता हूँ। मैं ऐसा रोटरी के बिना नहीं कर सकता था।

द रोटेरियन: आप भाषण की शुरुआत कैसे करते है?

रेसिन: आपके दर्शकों में मौजूद लोगों को पहचानना और उनका आभार प्रकट करना जरुरी है। आप किसी भी प्रकार से उनसे जुड़ना पसंद कर सकते है, या तो धन्यवाद कहकर या यहाँ आकर अच्छा लगा बोलकर, या किसी विशेष व्यक्ति को पहचान कर। जब भी मैं भाषण देता हूँ, मैं उसे जितना हो सके उतना व्यक्तिगत बनाना चाहता हूँ।

द रोटेरियन: अगर रोटरी की किसी एक चीज़ को आप बदल सकते, तो वह क्या होती?

रेसिन: रोटरी में हमारी चुनौतियों में से एक है विधान परिषद्। रोटरी की संचालन नीतियों को बदलने पर विचार करने के लिए हम हर तीन वर्ष में मिलते है, लेकिन कानून का प्रस्ताव रखने की समय सीमा के कारण बदलाव लाने में समय ज्यादा लग जाता है जैसे साढ़े चार साल या पांच साल। इसके लिए दुनिया बहुत तेज़ी से बदल रही है। हमें संगठन को प्रभावित करने वाले बड़े फैसलों पर त्वरित निर्णय लेने के लिए एक तरीके की आवश्यकता है। हमारी विधान परिषद् को यह समझने की जरुरत है कि शायद अब उस बदलाव को लाने का वक्त आ गया है। मैं हमारी पुनर्गठित परिषद् को देखना पसंद करूंगा। एक तरीका प्रतिवर्ष उन बैठकों को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से करना हो सकता है। यह एक चुनौती हो सकती है क्योंकि ऑनलाइन एक ऊर्जस्वी बहस करना कठिन होता है, लेकिन मुझे लगता है कि रोटरी इतनी तो चतुर है कि यह पता लगा सके कि इसका समाधान कैसे करें।

द रोटेरियन: क्या रोटरी की कोई ऐसी परंपरा है जिससे आप कभी भी दूर नहीं हो पाएँगे?

रेसिन: मैं कभी भी हमारे चार-मार्ग परीक्षण से दूर नहीं हो पाऊँगा। मैं कभी भी व्यावसायिक सेवा से दूर नहीं हो पाऊँगा। साप्ताहिक क्लब की बैठकों से कुछ परंपरा दूर हो सकती है। मुझे नहीं लगता क्लब की बैठकों में अब इतना औपचारिक होने की आवश्यकता है। लेकिन जब आप बुनियादी मूल्यों या नीतियों या वर्गीकरण को देखते है, ये वो चीज़ें है जो हमारे साथ हमेशा रहेंगी। यही हम है और यही वो बातें है जो हमें दूसरों से अलग बनाती है, और हमें इनकी सराहना करनी चाहिए और उन सिद्धांतों का विकास करते रहना चाहिए।

© *The Rotarian*

रोटरी क्लब नागपुर डाउनटाउन की

दो हरित पहल

रसीदा भगत

इस अंक में, हम आपको एक कहानी बताने जा रहे हैं कि कैसे एक रोटेरियन जो उस समुदाय की सेवा करने के जोश-खरोश से लैस है, जिसमें वह रहती हैं, और अपने व्यवसाय या पेशे का इस्तेमाल लोगों के जीवन में सकारात्मक अंतर पैदा करने के लिए कर सकती हैं, और यह कार्य वह केवल एक परियोजना के माध्यम से नहीं, लेकिन दो परियोजनाओं के माध्यम से कर रही हैं। रोटरी क्लब नागपुर डाउनटाउन, मंडल 3030 की सदस्या, प्रतीक्षा माई, अंकुर सीड्स की एक उप महाप्रबंधक है, और वह महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में किसानों की दुर्दशा देख कर अत्यंत व्यथित थी, जहां उनका क्लब स्थित है और जो सूखे से बुरी तरह से प्रभावित है। विदर्भ अक्सर सभी गलत कारणों से सुर्खियां में रहा है - मुख्य रूप से किसानों द्वारा आत्महत्याएं करने के ख़बरों के कारण।

प्रतीक्षा कहती हैं, ''इस साल, गुलाबी बोल्वर्म ने इस क्षेत्र को व्यापक रूप से प्रभावित किया है जिसने कपास की फसल को तबाह कर दिया है, जो इस क्षेत्र की मुख्य फसल, इसके कारण स्थिति बद से बदतर हो गई।'' वह कहती हैं कि इस कीट द्वारा ढाए जाने वाले कहर को रोकने के लिए, विदर्भ में अनेक किसानों ने विभिन्न प्रकार के (कीटनाशक स्प्रे) अंधाधुंध उपयोग किया। कपास के पौधों पर रासायनिक कीटनाशकों का छिडक़ाव करते हुए और सावधानियों की कमी ''कुछ किसानों की मौत के लिए उत्तरदायी थे और यह एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गया है।''

चूंकि वह एक कृषि से संबंधित उत्पाद से जुड़ी है, इसलिए उनके मन में किसानों से संबंधित एक सेवा परियोजना करने का विचार आया और इसके लिए उन्होंने बाकायदा सबसे पहले इस परियोजना में सहयोग करने के लिए अपनी कंपनी से सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त की, जिसका उद्देश्य पौधों पर रासायनिक कीटनाशकों के छिडक़ाव के दौरान किसानों को सुरक्षा उपायों और आवश्यक सावधानियां बरतने के लिए शिक्षित करना है। ''हमारे अध्यक्ष विजय ठाकरे और सचिव डॉ. ऋषिकेश मई सहमत हुए'' और एक साथ हमने क्लब के

गांमताला के किसानों और अन्य सदस्यों के साथ (बाएं से दूसरे) रोटरी क्लब नागपुर डाउनटाउन के सचिव डॉ ऋषिकेश माई (बाएं से तीसरे) अध्यक्ष विजय ठाकुर, (चरम दाएं) रोटेरियन प्रतीक्षा माई।

अनेक क्लब सदस्यों ने अपना फसल उगाने के नए तरीके तलाशने के लिए मुझसे परामर्श किया था इसलिए मेरे मन में इस पॉट टू प्लेट परियोजना को निष्पादित करने का विचार आया।

प्रतीक्षा माई

पार्ट टू प्लेट परियोजना।

दत्तक गांव गुम्थाला के किसानों के बीच रासायनिक कीटनाशक के खतरों पर जागरूकता का प्रसार करने की योजना बनाई, जो कि नागपुर से लगभग 35 किलोमीटर दूर है।

इस गांव के किसानों को निमंत्रण पत्र भेजे गए, और उनसे क्लब द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अनुरोध किया गया। ''इस गांव में 90 प्रतिशत से अधिक किसान कपास उगाते हैं, दूसरी फसल मिर्च है। हमने खेती करने वाले परिवारों से महिलाओं को शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया, क्योंकि वे खेतों में पुरुषों के साथ काम करती हैं, उनमें से कुछ ठेका मजदूर के रूप में भी काम करती हैं, और इसलिए वे ऐसी लोगों में शामिल थी जो खेतों में कीटनाशकों का छिडक़ाव करती हैं,'' प्रतीक्षा कहती है।

गांव के सरपंच और उसके सदस्यों को भी इस कार्यक्रम में मेहमान के रूप में आमंत्रित किया गया था जिससे कि गांव के प्रमुखों के मध्य में जागरूकता का प्रसार किया जा सके ताकि वे फसलों के मौसम में गांव में अनुवती कार्रवाई कर सके। इंडियन सोसायटी फॉर कॉटन इम्प्रूवमेंट, मुंबई और अंकुर सीड्स द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में गुम्थाला और आसपास के गांवों के 100 से अधिक किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कृषि महाविद्यालय, नागपुर के वैज्ञानिक डॉ एच एल सावल और डॉ. सुभाष पोटदुखे को रासायनिक कीटनाशकों के उचित उपयोग और जैव-उर्वरकों के उपयोग से मिलने होने वाले पारिस्थितिकीय लाभों के बारे में बताने के लिए आमंत्रित किया गया था।

अंकुर सीड्स के विशेषज्ञों की एक टीम ने दिखाया कि रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग करते समय सुरक्षा उपायों का उपयोग कैसे करना चाहिए। हाथ के दस्ताने, एक टोपी, सुरक्षात्मक आईवियर और एक मास्क वाले सुरक्षा किट कुछ परिवारों को उपलब्ध कराया गया।

सरपंच सुशीलताई जामगडे क्लब के इस कार्यक्रम के लिए आभारी थे और उन्होंने कहा कि इस बैठक में किसानों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी किसानों के जीवन को बचाने में काफी मददगार होगी।

पॉट टू प्लेट

क्लब द्वारा आयोजित एक और अभिनव परियोजना, जिसे प्रतीक्षा द्वारा शुरू किए गए 'पॉट टू प्लेट' पहल के कारण क्लब द्वारा निष्पादित किया गया, प्रतीक्षा बोर्ड के सदस्य होने के साथ-साथ *डाउनटाउन बज़* नामक मासिक पत्रिका की संपादिका भी है। यह एक साधारण परियोजना है जिसका लक्ष्य है कि रोटेरियन को कीटनाशकों से मुक्त जैविक उत्पादों के उपभोग के महत्व के बारे में शिक्षित करना और अपनी सब्जियों और साग-भाजियों को स्वयं उगाने के लिए उत्साहित करना है।

वह कहती है कि ''इसकी पृष्ठभूमि यह है कि हमारे अनेक क्लब सदस्यों ने अपना फसल उगाने के नए तरीके तलाशने के लिए मुझसे परामर्श किया था इसलिए मेरे मन में इस पॉट टू प्लेट परियोजना को निष्पादित करने का विचार आया।'' रोटेरियन को उनके छत या बगीचे पर पॉट में सब्जी खेती करने के बारे में सलाह दी गई।

प्रतिक्षा कहती है, ''यह न केवल स्वस्थ और ताजा भोजन खाने के बारे में बल्कि हमारे पर्यावरण को हरा-भरा बनाने की जरूरत के बारे में एक संदेश फैलाता है।'' उन्होंने क्लब की पत्रिका *डाउनटाउन बज़* के जून अंक के लिए अपनी कंपनी द्वारा प्रायोजित टमाटर, मिर्च, बैंगन, सेम और चपटे जैसे सब्जियों के बीज का एक छोटा पैकेट संलग्न किया, और उसे केवल अपने क्लब के 100 सदस्यों के लिए भेजा बल्कि मंडल अधिकारियों को भी प्रेषित किया, ''ताकि सदस्य रोटेरियन सैश काशीकर द्वारा लिखित लेख के माध्यम से बीज बोने और अपने स्वयं की सब्जियां उगाना सीख सकें। सदस्यों को सलाह दी गई थी कि हरी पत्तेदार सब्जयों जैसे पालक, मेथी और धनिया न केवल आपके छत या बगीचे को हरा-भरा बनाए रखते हैं, बल्कि रोजाना भोजन की आवश्यकताओं के लिए पौष्टिक सब्जियों की कभी भी न समाप्त होने वाली आपूर्ति भी उपलब्ध कराते हैं,'' वह आगे कहती है।

अपेक्षित रूप से, रोटेरियन और उनके बच्चों ने बहुत रुचि और उत्साह दिखाते हुए बीज बोयां, और अपने नन्हें पौधों की सावधानी से देखभाल की और बेहतर उत्पादन प्राप्त किया।

शीघ्र ही पॉट टू प्लेट बहुत ही लोकप्रिय पहल बन गई और तस्वीरों और फीडबैक को रोटेरियन के बीच साझा किया गया कि पहली बार में मिर्च या टमाटर उगाने का उनका पहला अनुभव कैसा रहा। ''हाल ही में आयोजित मंडल सम्मेलन के दौरान हमारे मंडल के अन्य क्लबों के रोटेरियन और हमारे डीजी के सुंदरराजन ने इस परियोजना की सराहना की,'' वह आगे कहती हैं। ■

TORONTO 2018

Rotary | ROTARY: MAKING A DIFFERENCE

Join the Traditional South Asian Reception

RI Convention, Toronto

Invite your global partners who support your service projects.
Bring your Rotary friends to show how Rotary works globally.
Opportunity to meet all the world leaders of Rotary.

Venue:
The Ritz-Carlton Hotel
Ball Room, 181, Wellington Street West, Toronto,
ON M5V 3G7, Canada. Tel: +1 416-585-2500

RID C. Basker
& Malathi Basker

We cordially invite
the Rotary family of South Asia
to a traditional reception
on Saturday, June 23rd, 2018
at The Ritz-Carlton Hotel
between 5.00 pm - 7.00 pm

Chairman - PDG R. Theenachandran
& Vasanthi Theenachandran

Registration Fee: INR 5,000 / US $ 75 per person

Payment can be made by cheque payable at par or DD favouring
R. THEENACHANDRAN payable at MADURAI, TAMIL NADU and send to:

PDG R. Theenachandran, Chairman - South Asian Reception
Devi House, 281-4, Sivagangai Main Road, Gomathipuram, Madurai - 625020 Tamil Nadu, India.
Tel: +91 452 4370027, Mob: +91 94430 53301 E-mail: theena3000@gmail.com

District Wise TRF Contributions as on February 2018

(in US Dollars)

District Number	APF	PolioPlus	Other Restricted	Endowment Fund	Total Contributions	EREY Donors (in numbers)	EREY %
			India				
2981	24,995	1,215	0	0	26,211	147	3.4%
2982	44,158	226	2,725	0	47,109	208	7.7%
3000	38,178	7,159	88,541	0	133,878	1,822	36.0%
3011	69,639	414	75,106	0	145,159	185	6.1%
3012	38,482	6,693	46,590	3,016	94,780	213	6.1%
3020	27,796	21,542	49,950	42,478	141,766	76	1.8%
3030	923	22,724	1,050	0	24,697	3	0.1%
3040	6,163	0	36,518	0	42,681	30	1.4%
3053	6,252	78	22,129	0	28,459	19	0.6%
3054	3,500	203	215,150	0	218,853	13	0.2%
3060	57,809	740	30,206	18,000	106,755	550	14.4%
3070	32,200	148	25,793	789	58,931	165	5.6%
3080	101,888	13,742	15,578	92	131,300	165	5.1%
3090	508	0	2,500	0	3,008	2	0.1%
3100*	8,419	0	0	0	8,419	41	2.6%
3110	63,658	2,848	60,631	0	127,136	157	4.1%
3120	80,667	508	50,000	0	131,175	110	3.8%
3131	256,142	(3,900)	257,521	66,297	576,059	804	15.8%
3132	46,925	1,106	7,875	16,000	71,906	136	3.1%
3141	459,590	17,634	571,789	33,785	1,082,798	877	17.2%
3142	218,411	3,053	350	(1,000)	220,814	466	17.3%
3150	51,297	12,458	9,050	62,000	134,805	251	7.0%
3160	105,341	1,000	0	0	106,341	148	6.3%
3170	23,015	7,789	17,707	0	48,511	287	5.4%
3181	55,469	637	0	78	56,184	363	12.0%
3182	46,501	0	20,843	0	67,345	425	13.5%
3190	101,489	15,925	37,145	16	154,575	72	1.4%
3201	111,432	7,991	163,642	15	283,081	150	2.9%
3202	24,501	3,719	0	1,016	29,235	82	1.7%
3211	72,144	0	0	43,846	115,991	83	1.9%
3212	221,545	34,472	32,500	1,000	289,517	420	11.4%
3231	82,490	1,400	121,250	45,914	251,054	75	3.0%
3232	117,187	21,310	89,351	600	228,448	184	5.0%
3240	68,277	342	0	8,367	76,986	257	8.8%
3250	48,537	100	0	10,000	58,637	172	4.9%
3261	23,769	100	0	0	23,869	90	3.8%
3262	71,982	150	0	0	72,132	248	7.5%
3291	51,139	25,075	58,789	6,202	141,205	48	1.3%
India Total	**2,862,417**	**228,600**	**2,110,277**	**358,512**	**5,559,805**	**9,544**	**7.0%**
3220 **Sri Lanka**	101,553	10,293	6,940	1,217	120,004	437	22.9%
3271 **Pakistan**	33,101	57,410	1,050	0	91,561	79	5.5%
3272 **Pakistan**	15,977	1,523	0	1,000	18,500	50	1.8%
3281 **Bangladesh**	361,546	13,830	208,628	85,037	669,041	549	9.7%
3282 **Bangladesh**	84,478	1,766	0	1,000	87,243	361	9.6%
3292 **Nepal**	117,125	20,239	245,713	0	383,077	562	12.8%
South Asia Total	**3,576,195**	**333,661**	**2,572,609**	**446,766**	6,929,231	**11,582**	**7.0%**
World Total	**75,851,189**	**23,776,338**	**10,625,332**	**16,142,661**	**126,395,520**		

** Non-districted*

Source: RI South Asia Office

रोटरी के लिए कॉर्पोरेट सदस्यता?

रशीदा भगत

यदि प्रयोग के तौर पर चल रहे पायलट प्रोग्राम, रोटरी विश्व के कुछ देशों में, सफल रहे, तो रोटरी इंटरनेशनल शीघ्र ही अपने दरवाजे कॉरपोरेट सदस्यता के लिए खोल सकता है, फरवरी में हैदराबाद में आगामी गवर्नर्स के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम 'दिशा' में रो इ के निदेशक सी भास्कर ने बताया।

''रो ई बोर्ड सदस्यता मॉडल का अध्ययन कर परख रहा है, और अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा, तो 1 जुलाई से कंपनियों के लिए हमारी कॉरपोरेट सदस्यता भी खोली जा सकती है।''

पीडीजी सेम पतिबंदला की अध्यक्षता में संपन्न इस सफल आयोजन में लगभग 180 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। बीच बीच में परिहास के कुछ

बाएं से : डीजीईओं प्रवीण गोयल (3080), निखिलेश एम त्रिवेदी (3261), शशि शर्मा (3141), प्रियेश भंडारी (3053), सी आर चन्द्रा बॉब (3231), विश्वा बन्धु दीक्षित (3090), आर वी एन कण्णन (3000), दूषन सोज़ा (3220), नीरज सोगानी (3054) डीजी मौलिन पटेल (3054), डीजीईओं एशस् गंगूली (3142) और रमेश वंगाला (3150) दीशा सम्मेलन में।

हल्के फुल्के क्षण ज़रूर आये थे, लेकिन मुख्य रूप से जिन विषयों पर चर्चा हुई वे थे, सदस्यता का स्तर बनाए रखने पर और जिला नेतृत्व किस प्रकार क्लबों को अधिक सशक्त और जीवंत बनाने में सहायक हो सकता है। डीजीई, रोटरी कोऑर्डिनेटर्स, रीजनल रोटरी फाउंडेशन अध्यक्ष, रोटरी पब्लिक इमेज कोऑर्डिनेटर और एंडोमेंट मेजर गिफ्ट एडवाइजर के साथ-साथ सभी 39 जिलों से, नेपाल और श्रीलंका सहित, इन विभागों के मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया। रो इ दक्षिण एशिया कार्यालय का प्रतिनिधित्व आरआईएसएओ(RISAO) के प्रमुख राजीव रंजन, संजय परमार और जतिंदर सिंह ने किया वहीं रोटरी ग्लोबल रिवॉर्ड्स की जानकारी के लिए इवान्स्टन से नईश शाह आये थे।

बैठक को संबोधित करते हुए, निदेशक भास्कर ने कहा, ''भारत में रोटरी का विकास बड़े पैमाने पर हुआ है और पिछले दस वर्षों में हमने जो वृद्धि की है, उससे हमने दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। पूरा रोटरी विश्व आज हमें सम्मान की दृष्टी से देखता है क्योंकि हम टीआरएफ़ में नंबर 2 बन चुके हैं और इसलिए भी क्योंकि हम अपने क्षेत्रों (ज़ोन्स) में प्रशंसनीय योजनाएं भी करते हैं।'' और इसके बावजूद, जितना भी किया गया वह पर्याप्त नहीं है क्योंकि हमारे देश के सामने इतनी अधिक चुनौतियाँ और समस्याएं हैं कि अभी भी बहुत सारा काम करना बाकी है। इसलिए इस बैच से बड़ी उम्मीदें हैं। हमें नई विचारधारा स्थापित करने की आवश्यकता है, पर मैं आपसे आग्रह करता हूं कि सदस्यता या फाउंडेशन दान के लक्ष्य निर्धारित करते समय, लक्ष्य वास्तविक रखें, वही लक्ष्य जिन्हें हासिल किया जा सके।''

भारत में रोटरी का विकास बड़े पैमाने पर हुआ है और पिछले दस वर्षों में हमने जो वृद्धि की है। पूरा रोटरी विश्व आज हमें सम्मान की दृष्टी से देखता है क्योंकि हम टीआरएफ़ में नंबर 2 बन चुके हैं और इसलिए भी क्योंकि हम अपने क्षेत्रों में प्रशंसनीय योजनाएं भी करते हैं।

रो ई निदेशक सी भास्कर

उन्होंने कहा कि ''पिछले वर्षों में हम बड़ी बड़ी बातें करते रहे हैं और उन वादों के आधार पर मैंने रो इ बोर्ड को जो आश्वासन दिया था कि हम इस-इस तरह उन लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे, जबकि बड़ी मुश्किल से हम लक्ष्य का सिर्फ 60 प्रतिशत ही हासिल कर पाए। तो ध्यान रखें और पिछड़े बिना,यथार्थवादी लक्ष्यों का ही निर्धारण करें।''

अपने क्लब की सेवा करें

कई अलग अलग ग्रुप में सामूहिक चर्चाओं के साथ, पारस्परिक प्रभाव डालने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में, भास्कर ने कहा कि डीजीई को यह हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि ''मंडल का अस्तित्व केवल क्लबों की सहायता करने में है; मंडल की सभी गतिविधियाँ क्लबों को प्रोत्साहित और मजबूत करने पर केंद्रित होनी चाहियें । याद रखें, मण्डल की स्वतंत्र सत्ता नहीं है। लेकिन दुर्भाग्यवश, हमारे अँचलों में हो इसका उलटा रहा है, गवर्नर्स और मण्डल क्लबों की गतिविधियों को समर्थन देने के बजाय समानांतर अथवा प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।''

डीजी को क्लबों की मदद करने के लिए एक टीम बनानी चाहिए जो सदस्य बनाने और टीआरएफ़ के लिए धनराशि एकत्रित करने में सहयोग करे, ''लेकिन अपने दिल पर हाथ रखिये और बताइये, कि क्या वास्तव में ऐसा हो रहा है।''

भास्कर ने स्वीकार किया, पिछले साल तक, वास्तव में वे नहीं जानते थे कि ये बीमारी कितनी ज़्यादा फ़ैल चुकी है, ''लेकिन कुछ ही महीनों से मुझे

इसका आभास होने लगा था। हम लगातार सीखते रहते हैं; इसलिए मैं चाहता हूं कि सभी डीजीई ये भली भांति समझ लें कि आपका काम डिस्ट्रिक्ट असेंबली और अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अपने क्लब अध्यक्ष और सचिव को प्रशिक्षित करवाना है।'' उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए डीजीई से आग्रह किया कि मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम सिर्फ क्लब अधिकारीयों तक ही सीमित रहे न कि सभी सदस्यों व अन्य के लिये।

इतनी मामूली संख्या को हम, बदनाम करने की इजाज़त क्यों देते हैं। आप कल का नेतृत्व हैं; आइये, कमर कस लें और टीआरएफ़ में,किसी को भी भारतीयों का नाम कलंकित नहीं करने दें।

ट्रस्टी इलेक्ट
गुलाम वाहनवती

क्लब स्वतंत्र हैं

निदेशक ने कहा कि सभी डीजीई को सैद्धान्तिक रूप से समझना होगा कि प्रत्येक रोटरी क्लब एक स्वतंत्र इकाई है, और यदि कुछ रोटेरियन्स स्तरीय नहीं हैं या संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं, तो डीजी नहीं, केवल क्लब अध्यक्ष के पास ही ऐसे रोटेरियन्स को क्लब से निकालने का अधिकार है। ''इसका कारण यह है कि हर क्लब स्वायत्तशासी है और प्रत्येक क्लब का अपना संविधान और उपनियम होना चाहिए। आगामी डीजी के रूप में आपको अपने पेट्स और सेट्स के दौरान इस बारे में जागरूकता पैदा करनी है और साथ ही उन्हें यह भी बताएं कि वे अपने उपनियमों में किस प्रकार संशोधन कर सकते हैं।''

क्लबों के आकार पर, उन्होंने स्पष्ट किया कि मंडल सदस्यता अध्यक्ष को सुनिश्चित करना होगा कि क्लब की सदस्य संख्या कम से कम 20 अवश्य हो और उनसे आश्वासन मांगा कि 1 जनवरी 2019 तक हमारे ज़ोन में किसी भी क्लब की सदस्य संख्या 20 से कम नहीं होगी। 20 से कम सदस्यों वाले क्लब अन्य क्लबों के साथ विलय किए जा सकते हैं।

जब उन्हें वहां इकट्ठे हुए रोटरी नेताओं से भरपूर आश्वासन मिला, तो भास्कर ने कहा: ''मैं बहुत ही कारगर सहयोगी हूं, मैं आसानी से चीजों को नहीं भूलता और याद दिलाता रहता हूँ! यदि आप सफल नहीं होते हैं, तो क्लब में 20 से कम प्रत्येक सदस्य के लिए, मैंने ट्रस्टी इलेक्ट गुलाम (वाहनवती) को आश्वासन दिया है कि डीएमसी को टीआरएफ में 100 डॉलर देने पड़ेंगे। गुलाम ने शुरुआत में पहले 1000 डॉलर कहा था लेकिन मैंने इसे 100 डॉलर करवाया है! अकेला ही हिटलर नहीं हूं मैं यहां पर!''

मंडल क्षेत्र के बाहर प्रशिक्षण कार्यक्रम को निरुत्साहित किया गया

डीजीई और मंडल के नेताओं के लिए दिशा प्रशिक्षण कार्यक्रम में, रो इ के निदेशक सी भास्करने जिला प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन पर RIOT नियम पढ़ा और कुछ सख्त दिशा निर्देश तैयार किए। उन्होंने कहा कि PETS और SETS डीजीई के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम थे, क्योंकि जब तक क्लब काम नहीं करता, ''तब तक आप उन लक्ष्यों तक नहीं पहुंच सकते, जिन्हें आपने तय किया है। इसलिए कृपया इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गंभीरता से लें और उन्हें ज़रा भी कमज़ोर न होने दें। आपमें से कुछ इन कार्यक्रमों को देश से बाहर ले जाने की योजना बना रहे थे, जिसे मैंने रोक दिया। और अगले साल, यदि आप अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम मंडल के क्षेत्र से बाहर आयोजित करना चाहते हैं, तो आपको अनुमति की आवश्यकता होगी।''

ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि भारत से कई शिकायतें रो इ तक पहुंची थीं कि प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत महंगे आयोजित हो रहे हैं। हालाँकि वो उनकी विदेश जाने की तमन्ना और उसका आकर्षण समझते थे, पर प्रशिक्षण कार्यक्रम तो पुनीत थे और मंडल के सभी अध्यक्षों को उसमें आमंत्रित किया जाना चाहिए।

साथ ही, उन्होंने डीजीई से आग्रह किया कि वे क्लब अध्यक्ष के मैनुअल क्षेत्रीय भाषाओं में छाप कर उन्हें वितरित करें ताकि क्लब की बैठकों का आयोजन भली भाँति किया जा सके। ''गत वर्ष इसका खर्च मैंने अपनी ही जेब से उठाया था, क्योंकि यह एक परिचयात्मक प्रस्ताव था, लेकिन इस साल मैं दिवालिया हो गया हूँ, इसलिए ये इंतज़ाम आपको ही करना होगा! पुस्तिकाओं की सॉफ्ट प्रतियां विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में साझा की जाएंगी, और एक प्रति की छपाई की लागत केवल ₹30-40 पड़ती है।

इसके अलावा, निदेशक ने कहा, डीजीई को बहुत ज़्यादा कार्यक्रमों में जाने से बचना चाहिए क्योंकि भारत में रोटरी के जितने कार्यक्रम व सम्मलेन आयोजित किए जाते हैं उतने दुनिया में और कहीं भी आयोजित नहीं होते। यह सदस्यों के धन और समय दोनों पर दबाव डालता है। इसके अलावा क्लब मीटिंग का समय 45 मिनट तक सीमित होनी चाहिए, और यह सही समय पर शुरू और सही समय पर ख़त्म होनी चाहिए। ''साथ ही, कृपया अपने डीजी विज़िट को जितनी जल्दी हो सके शुरू कर दें, तभी आप क्लब की समस्याओं के बारे में जान पाएंगे और उनका समाधान बता सकेंगे। नौ महीनों के अंदर अपनी सभी विज़िट पूर्ण कर लें, और अपने सभी सन्देश, संचार ईमेल के माध्यम से ही करें। अगर पदाधिकारियों के पास ई-मेल आईडी नहीं हैं, तो उन्हें अपने पदाधिकारी न बनायें।'' ■

बाएं से : रो ई निदेशक सी भास्कर, दिशा चेयर सेम पतिबंदला और आरपीआईसी राजा माइकल।

My Rotary में भाग लेना आवश्यक था; उन्होने इस बात पर अफ़सोस जाहिर किया कि सिर्फ 30 प्रतिशत क्लबों ने ही रोटरी क्लब सेंट्रल में अपने लक्ष्यों को प्रदर्शित किया था। ''सुनिश्चित करें कि प्रत्येक क्लब जुलाई 2018 से पहले दर्ज़ कर लें।''

इसके अलावा, उन्होंने कहा, रोटरी का उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है, ''इसलिए कृपया उन परियोजनाओं को करें जिनकी समाज को ज़रुरत है। टीआरएफ के पास डीडीएफ में 52 मिलियन डॉलर उपलब्ध हैं, जिसे आगे ले जाया जाएगा, इसलिए अपने डीआरएफसी के माध्यम से इसका उपयोग असरदार तरीके से करें।''

भास्कर ने यह भी जोड़ा कि कई क्लब टीआरएफ में कोई योगदान नहीं कर रहे थे और यह ऐसे नहीं चलेगा; ''अपने मंडलों में प्रत्येक सदस्य को कम से कम 100 डॉलर देने के लिए कहें तो हो सकता है कि वे कम से कम 26.5 डॉलर तो दे ही दें।''

उन्होंने डीजीई से अपने मंडल की नेतृत्व टीमों को उत्तरदायित्व सौंपने के लिए कहा और बोला कि पिछले 5 साल का विश्लेषण किया गया है कि लोग रोटरी छोड़ क्यों देते हैं, जिसे उनके साथ साझा किया जाएगा और आगे मण्डल सदस्यता अध्यक्ष द्वारा आगे की कार्यवाही की जानी चाहिए।

टीआरएफ की प्राथमिकताऐं

सम्मेलन को संबोधित करते हुए, ट्रस्टी इलेक्ट वाहनवति ने दुनिया भर में पोलियो से छुटकारा पाने के लिए, डीजीई को ध्यान केंद्रित करने के लिए आग्रह किया और साथ ही रोटेरियन्स में दान देने की आदत डालने के लिए कहा, चाहे राशि कितनी ही

डीजीईयों द्वारा करोकी का एक प्रयास।

छोटी क्यों न हो। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और दक्षिण एशिया व भारत दोनों में, ''पिछला साल टीआरएफ के कीर्तिमान (रिकॉर्ड) तोड़ने वाला साल था और हमारे लिए, भारत में यह अत्यन्त गौरव की बात थी क्योंकि ट्रस्टी चेयर के रूप में पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी ही उसका नेतृत्व कर रहे थे।''

गत वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर ही ट्रस्टी चेयर इलेक्ट रॉन बर्टन ने अगले साल 380 मिलियन डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

अब चुनौती है, इस ज्ञान और ऊर्जा को अपनी मण्डल की टीमों से होते हुए क्लबों तक प्रवाहित करने की। दिशा की रूप रेखा निर्धारित करते हुए सामने मुख्य उद्देश्य था।

दिशा चेयर
पीडीजी सेम पतिबंदला

वाहनवती ने कहा कि पोलियो खत्म करने के अलावा ''दुनियाभर के बच्चों से किये वायदे के अनुसार हम प्रतिबद्ध हैं,'' मेम्बरशिप में वृद्धि रो इ की सर्वोच्च आंतरिक प्राथमिकता है। ''दूसरी हमारे सभी फोकस क्षेत्रों में हमारे सेवा प्रोजेक्ट्स के परिमाण को बढ़ाना और उनकी निरंतरता सुनिश्चित करना है तीसरी प्राथमिकता, जिसे निदेशक भास्करने पहले ही छुआ था,यह है कि; हमारे पास उपलब्ध डीडीएफ का उपयोग। कृपया अपने मंडल को, उपलब्ध डीडीएफ के हर अंश का उपयोग, दुनिया में अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करें।''

उनका कहना था, हालाँकि कुछ मंडलों में यह राशि बहुत ज़्यादा थी वहीं हमारे ज़ोन के अन्य मंडलों में, जो बहुत ज्यादा पैसा एकत्रित नहीं कर सकते, वहाँ परियोजनाओं को करने के लिए धन की आवश्यकता थी। ''इसलिए जिन मंडलों को बड़े डीडीएफ का आशीर्वाद प्राप्त है वे, कृपा कर ज़रूरतमंद मंडलों का ख़याल रखें। याद रखें कि रोटेरियनों ने टीआरएफ को धन दिया है ताकि आप इसका उपयोग करें ना कि इसे बचत खाते में डालें।'' चौथी प्राथमिकता है स्थायी कोष का निर्माण करना और धर्मार्थ दान की प्रवर्ति को बढ़ावा देना है। ''स्थायी निधि कोष, रोटरी के भविष्य का फंड है ख हमारा लक्ष्य 2025 तक इस फंड में 2 बिलियन और 25 मिलियन डॉलर जुटाना है । जरा सोचिए, हमारे कोष में 2 बिलियन डॉलर के ब्याज से मिलने वाली राशि से हर साल हम क्या-क्या कर सकते हैं।''

वाहनवती ने कहा दूसरी जरूरत है हमारे पूर्व रोटेरियनों के संपर्क में रहें और सही समय पर उन्हें रोटरी में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें। ठीक मेरी तरह। मैं 1978 में जीएसई टीम का सदस्य था और 1979 में मुझे रोटरी में शामिल होने के लिए पुनः आमंत्रित किया गया था। और आज वही सदस्य, जीएसई टीम के सदस्य से एक रोटरी सदस्य फिर आरआरएफसी सदस्य और अब एक टीआरएफ ट्रस्टी इलेक्ट की यात्रा पर है। मैं आपको बता दूँ कि हम सभी को हमारे समाज की सेवा करने का एक असाधारण अवसर दिया गया है।''

एक अन्य जरूरत थी दानदाताओं के आधार का विस्तार करना और दान करने के लिए लोगों को अपना विकल्प रोटरी को चुनने का, चूंकि चैरिटी नेविगेटर द्वारा इसे दो मापदंडों, वित्तीय स्थिति और पारदर्शिता के कारण, 4-स्टार रेटिंग दी गई थी, जो यूएस में 9,000 से अधिक परोपकारी संस्थाओं का मूल्यांकन करती है। ''2017 में, लगातार 10 वें वर्ष

बाएं से : RISAO के प्रमुख राजीव रंजन, RRFC अविनाश पोतदार, RC अशोक गुप्ता, EMGA अशोक पंजवानी, RPIC आशीष देसाई और RRFC विजय जलान।

हमारे पूर्व रोटेरियनों के संपर्क में रहें और सही समय पर उन्हें रोटरी में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें।

के लिए, टीआरएफ़ को 4-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई, जो सर्वोच्च रेटिंग है, और दो अन्य गैर-सरकारी संगठनों के साथ टीआरएफ़, चार्ट के शीर्ष पर थे।''

जतिन्दर सिंह ने ऑनलाइन टूल इस्तेमाल करने के लिए एक विस्तारपूर्ण प्रस्तुति दी और उस प्रक्रिया की व्याख्या की जिसके तहत क्लब के बिल तैयार किए जाते हैं और किस प्रकार, अगर अध्यक्षों ने समय रहते नाम नहीं हटाए, तो क्लब छोड़ गए सदस्यों सहित बनाये गए बिल को नहीं बदला जा सका।

रोटरी नेताओं जैसे, आरसी अशोक गुप्ता और राजेंद्र राय; आरआरएफसी विजय जालान और अविनाश पोद्दार; आरपीआईसी आशीष देसाई और राजा माइकल और ईएमजीए अशोक पंजवानी ने इन दोनों क्षेत्रों में मंडल अध्यक्षों को मौजूदा स्थिति से अवगत कराया और उनके साथ लक्ष्य निर्धारण के सन्दर्भ में बातचीत की।

प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए ''हैदराबाद में मोती, बिरयानी और प्रेम का शहर,'' जो निज़ाम के समय से ही अपने आतिथ्य के लिए जाना जाता है, दिशा के अध्यक्ष सेम पतिबंदला ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य आगामी गवर्नर्स व उनकी मूल टीम का एक साथ विचार विमर्श और विचारों का आदान-प्रदान करना, एक दूसरे से सीखना और प्रेरित करना तथा रो इ निदेशक, ट्रस्टी इलेक्ट, आरसी, आरआरएफसी, आरपीआईसी, ईएमजीए और रिसाओ के वरिष्ठ लोगों के साथ बातचीत करना था। ''अब चुनौती है, इस ज्ञान और ऊर्जा को अपनी मण्डल की टीमों से होते हुए क्लबों तक प्रवाहित करने की। दिशा की रूप रेखा निर्धारित करते हुए सामने मुख्य उद्देश्य था : सुगमता से परस्पर चर्चा और विचार विमर्श कर ऐसे तरीके निकालना जिससे अपने मण्डल में पेट्स और असेंबली जैसे आयोजनों को प्रभावी और व्यावहारिक रूप से संचालित किया जा सके'' पतीबंदला ने कहा।

मेज़बान मंडल अध्यक्ष जे अब्राहम ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया और दिशा सचिव टीवीआर मूर्ति के निर्देशन में संचालन का पूरा ध्यान रखा गया।

चित्र: रशीदा भगत

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

भ्रष्ट आचरण के प्रति पूर्ण असहिष्णु बनें

टीआरएफ ट्रस्ट इलेक्ट गुलाम वाहनवती, आरआईडी सी भास्कर और EMGA अशोक पंजवानी।

दिशा सम्मेलन में, ट्रस्टी इलेक्ट गुलाम वाहनवती ने मुट्ठी भर रोटेरियन्स के भ्रष्ट आचरण की वजह से भारत की छवि कलुषित होने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ट्रस्टी चेयर इलेक्ट रॉन बर्टन ने अगले साल टीआरएफ़ के लिए 380 मिलियन डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। और इस लक्ष्य में, भारत से बहुत उम्मीदें रखी गई हैं। ''टीआरएफ ने हमेशा हम पर भरोसा किया है और हमने अपनी मर्ज़ी से इस भरोसे को कायम रखा है; पिछले साल हम दूसरे नंबर पर रहे थे। सिर ऊँचा रखने के लिए हमारे पास इतना अधिक है, फिर हम थोड़े से रोटेरियन्स को हमारा नाम खराब करने की अनुमति क्यों दें?''

उन्होंने कहा कि सैन डिएगो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय असेंबली के अंतिम दिन, जब डीजीई को वरिष्ठ नेताओं जैसे पीआरआईपी और टीआरएफ न्यासी के आर रवींद्रन, निदेशक बास्कर, निदेशक सुशील गुप्ता और स्वयं उन्होंने संबोधित किया था, ''जो बताया गया वह काफी निराशाजनक था और उससे मैं बहुत परेशान हुआ था और मैं जानता हूँ कि आप में से भी कई बहुत परेशान हैं क्योंकि बाद में आप लोगों ने मुझसे बात भी की थी। मैंने अपनेआप से पूछा, आखिर ऐसे रोटेरियन्स कितने होंगे जिनकी वजह से हमारी बदनामी होती है ... 20, 30, 40? मान लो यह संख्या 40 हो, तो भी भारत में 1 लाख 40 हज़ार रोटेरियन्स के सामने यह केवल 0.003 प्रतिशत है! और इतनी मामूली संख्या को हम, बदनाम करने की इजाज़त क्यों देते हैं। आप कल का नेतृत्व हैं; आइये, कमर कस लें और टीआरएफ़ में,किसी को भी भारतीयों का नाम कलंकित नहीं करने दें।''

उन्होंने जोड़ा: ''हमें पूरी तरह असहिष्णु होना चाहिए, इसलिए नहीं कि न्यासी ऐसा चाहते हैं, बल्कि इसलिए कि हम सभी संदिग्ध कार्य प्रणाली को बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम अपने और अपने दान दाताओं के ऋणी हैं। '' ■

गेझा स्कूल में नई WASH सुविधा

जयश्री

रोटरी क्लब दिल्ली अशोक, मंडल 3012, ने रोटरी क्लब बॉक्स हिल सेंट्रल, मंडल 9810, ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से, नोएडा के निकट गेझा स्कूल में मौजूदा शौचालयों का जीर्णोद्धार करवाया, नए शौचालय बनवाई और हैंडवॉश की सुविधाएं स्थापित कीं। इस परियोजना को पूरा करने के लिए 30,000 डॉलर व्यय किया गया, और इसके लिए आर्थिक मदद टीआरएफ. की वैश्विक अनुदान द्वारा दी गई थी और यह उन 11 सरकारी स्कूलों में से एक है जिसका आधुनिकीकरण क्लब ऑस्ट्रेलियाई साझेदार के सहयोग से करना चाहता है। वर्ल्ड विजन इंडिया क्षमता निर्माण के लिए परियोजना का समर्थन कर रहा है।

यूनिसेफ इंडिया WASH विशेषज्ञ प्रतिभा सिंह, टीआरएफ ट्रस्टी और WinS कमेटी के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, कमेटी के सदस्य पीडीजी रमेश अग्रवाल और रोटरी क्लब बॉक्स हिल सेंट्रल के मार्क बाला की उपस्थिति में केन्द्रीय संस्कृति और पर्यावरण राज्य, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री महेश शर्मा ने स्थापित की गई बुनियादी सुविधाओं

WinS - अपडेट

रोटरी फाउंडेशन ने, रो ई के निदेशक सी भास्कर और WinS चेयर सुशील गुप्ता के साथ परामर्श में, - रोटरी इंडिया नेशनल WinS रिकॉग्निशन कमेटी - नामक एक नई समिति का गठन किया है, जो पहले प्रत्येक मंडल में गठित मंडल मान्यता समितियों की जगह लेगी। इस नई संरचना का निर्माण संचार को सुव्यवस्थित बनाने और रोटरी क्लब को लक्षित चुनौतियों में रुचि बनाएं रखने के लिए बेहतर सहयोग प्रदान करने के लिए किया गया है और यह 2020 तक कार्य करता रहेगा। इस टीम में 12 रोटेरियन शामिल हैं - पीडीजी रमन अनेजा, सरबजीत सिंह, आर रेगुनाथ, गणेश जी भट, अरजीत के एन्डो, बिंदू सिंह, रमेश अग्रवाल और पूर्व अध्यक्ष हेमंत जगताप और बालासुब्रमण्यम, अध्यक्ष के रूप में पीडीजी के साम्बाशिवा राव पतिबंदला (मंडल 3150), उपाध्यक्ष ए बी मोहपात्र (मंडल 3262) और सचिव रमेश अग्रवाल (मंडल 3054)

पांच लक्षित चुनौतियों वाले देशों के 46 आवेदनों में से तेरह को थळपड प्रतियोगी अनुदान के चरण 1 के लिए नामित किया गया था, जिसमें समुदाय की आवश्यकताओं का मूल्यांकन करने के लिए 10,000 डॉलर का अनुदान प्राप्त करना शामिल हैं। स्कूलों की स्टीयरिंग कमेटी में वॉश ने हाल ही में छः मंडलों का चयन किया है, जिनमें से दो मंडल 3131 और 3211 - भारत के हैं, जिन्हें दूसरे चरण के लिए 150,000 डॉलर - 500,000 डॉलर का वित्तीय अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीडीजी शरत जैन, डीजी सुभाष जैन, डीजीएन दीपक गुप्ता और डीजीएनडी आलोक गुप्ता भी उपस्थित थे।

रोटेरियनों ने शौचालयों को रैंप से सुसज्जित किया, ताकि विकलांग और अशक्त बच्चों द्वारा उनका आसानी से उपयोग किया जा सके, स्कूल में बेहतर फर्श, ताजा रंग-रोगन करवा कर और चहारदीवारी को फिर से बनवा कर स्कूल को एक नया रूप प्रदान किया। एक बाल संसद का गठन किया गया जहां बच्चों ने स्वास्थ्य और स्वच्छता के संदेश का फैलाया और अपने सहपाठियों के बीच अच्छी आदतों पर अमल करना सुनिश्चित किया। बच्चे, परिवर्तन के वाहक के रूप में,

ऊपर : टॉइलट ब्लाक के उद्घाटन के समय Wins लक्ष्य चैलेंज समिति चेयर सुशील गुप्ता और सदस्य रमेश अग्रवाल के साथ केन्द्रीय राज्य मंत्री मुकेश शर्मा गेजा स्कूल में।

बाएं : छात्र सामूहिक हाथ धोने का प्रदर्शन करते हुए।

यह संदेश घर में माता-पिता और पडोसियों तक फैलाएंगे और उन्हें स्वच्छ तरीके अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही वे घरों में शौचालय का निर्माण करवाने और खुले में शौच करने जाने से रोकने के लिए भी राजी करेंगे। स्कूल के प्राचार्य हरियाली श्रीवास्तव ने कहा, ''मैं उपस्थिति में अत्यधिक वृद्धि देखकर आश्चर्यचकित था और हमें अगले शैक्षणिक वर्ष में नए नामांकन के लिए भी अनेक पूछताछ प्राप्त हो रहा हैं, जिसके लिए रोटेरियन को कोटि-कोटि धन्यवाद।'' बच्चों की निगरानी और शिक्षित करने के लिए शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया गया।

क्लब के पहल की सराहना करते हुए, ट्रस्टी गुप्ता जी ने निरंतर उपलब्धि प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से समाज के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए अपनी चिंताओं को दोहराया। केन्द्रीय मंत्री शर्मा ने बताया कि 'ग्रुप हैंड वॉशिंग' पद्धति एक ऐसी अवधारणा है जो बच्चों को सीखने और उचित समय पर हाथ धोने की प्रथा का तुरंत पालन करना सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि क्लब के पहल अन्य स्थानीय स्कूलों को भी रोटरी से इसी तरह की मदद प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

एल गुनाशेकरण द्वारा रुपांकन

एक आभासी
विज्ञान प्रयोगशाला

रशीदा भगत

एक बार नई दिल्ली एअरपोर्ट से यात्रा करते हुए रोटरी क्लब जालना मिडटाउन, मंडल 3132, के अध्यक्ष अनूप करवा भारतीय वायु सेना द्वारा स्थापित एक सिमुलेशन बूथ को देखकर प्रभावित हुए, जो युवा यात्रियों को यह सिखाने के लिए स्थापित किया गया था कि एक वायुयान कैसे कार्य करता है। एक छोटी दो कंप्यूटर वाली मेज़ वायुगति विज्ञान पर सिमुलेटेड शिक्षा प्रदान कर सकी ''और यह इतना प्रेरणात्मक था कि इसने मुझे हमारी शिक्षा प्रणाली को प्रभावित करने वाली बहुत सी चीज़ों के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया,'' वह याद करते है।

उन्हें एहसास हुआ कि जहाँ निजी स्कूल छोटे बच्चों की विभिन्न चीज़ों, विशेषकर विज्ञान, को लेकर उनकी जिज्ञासा को संतुष्ट करने के लिए जरूरी साधन उपलब्ध करवा सकते है, वहीं सरकारी स्कूल समुचित बुनियादी शिक्षा प्रदान करने के लिए भी संघर्ष कर रहे है। ''मेरा दिमाग नए विचारों को खोजने में लग गया कि कैसे भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जैव विज्ञान में सीखने के दायरे को विस्तृत करके कम से कम कुछ सरकारी स्कूलों को ऐसे उपकरणों के साथ समर्थ बनाया जाए। दो दिग्गजों, विज्ञान के प्रति उनके प्रेम के लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे कलाम से, और रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन हेतु उनके आदर्श मार्गदर्शन के लिए पूर्व रोई अध्यक्ष कल्याण बैनर्जी से प्रेरित होकर, रोटरी क्लब जालना मिडटाउन ने एक ऐसी परियोजना के बारे में विचार किया जो भारतीय विद्यार्थियों की अगली पीढ़ी को विज्ञान-प्रेमी उपकरणों से सशक्त बनाकर विज्ञान के क्षेत्र में कैरियर तलाशने के लिए उनमें रूचि पैदा कर सके,'' करवा ने कहा।

परिणामस्वरुप डॉक्टर कलाम के नाम पर एक प्रयोगशाला परियोजना का सृजन हुआ, ''जो कि एक ऐसी अभूतपूर्व आभासी सिमुलेशन लैब परियोजना है जिसे किसी भी कंप्यूटर या टेबलेट द्वारा डिजिटल रूप से एक्सेस किया जा सकता है; इसके लिए केवल इंटरनेट कनेक्शन वाले एक सामान्य कंप्यूटर की जरूरत होती है।'' कलाम किड्स नामक इस आभासी

रोटरी क्लब जालना मिडटाउन के अध्यक्ष अनूप करवा, पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी और डीजी व्यंकटेश चन्ना (दाएं) की उपस्थिति में आभासी विज्ञान प्रयोगशाला का एक डेमो प्रस्तुत करते हुए।

प्रयोगशाला को एक डेनिश साझेदार द्वारा विकसित किया गया है और ''यह एक सस्ते वार्षिक शुल्क पर बड़ी संख्या में छात्रों को नामांकित कर सकती है। इस उपकरण ने अनेक नवप्रवर्तन पुरस्कार जीते है जिसमें TED टॉक में प्रदर्शित अभूतपूर्व तकनीक शामिल है,'' वह आगे कहते है।

जालना में RHV इंग्लिश स्कूल में पहली प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए, पीआरआईपी बेनर्जी ने कहा कि वह युवा पीढ़ी, जिनमें कार्यक्रम के लिए आए सात स्कूलों के बच्चे शामिल है, की कंप्यूटर की समझ को देखकर अचंभित है। ''इससे मुझे यह पता चला कि कंप्यूटर से संबंधित सभी चीज़ों से हमारी युवा पीढ़ी कितना करीब से जुड़ी हुई है। हमारे पास यहाँ मौजूद अधिकतर छात्र रूचि रखनेवाले, समर्पित है, और बेशक कंप्यूटर के साथ अपनी व्यस्तता का आनंद ले रहे है।''

लेकिन अधिकतर लोग ''जो दो पीढ़ी पुराने है, जैसे कि मैं हूँ, ना केवल चकराए हुए है बल्कि आईटी से थोड़ा डरे हुए भी है और इससे दूर रहने का प्रयास करते है। यदि मुझे कोई जानकारी या किसी चीज़ को समझने की कोई आवश्यकता होती है, मैं मेरे 11 वर्षीय पोते से पूछता हूँ और वह कुछ क्षणों में उसे कर देता है। यह मुझे चकित करता है, और मुझे युवाओं की समझ एवं आईटी जागरूकता पर वाकई में गर्व है।''

पीआरआरपी कल्याण बेनर्जी कलाम किड्स विज्ञान प्रयोशाला के उद्घाटन में सभा को संबोधित करते हुए।

उनसे युवा नेतृत्वकर्ताओं का निर्माण कैसे किया जाए पर बोलने के लिए कहा गया। ''मेरा स्वयं का अनुभव है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता यदि आप अमीर नहीं है। मैं आज के युवा अरबपतियों को जानता हूँ जो मुश्किल से 22 वर्ष के है; वे जीन्स और टी-शर्ट पहनते है, लेकिन उनके पास मेरे द्वारा अब तक कमाए गए पैसे से दस गुना अधिक पैसा है! तो बुद्धिमत्ता आपको वहाँ ले जाती है, परन्तु कड़ी मेहनत, इमानदारी एवं सच्चाई के साथ।''

अखंडता एवं ईमानदारी पर ज़ोर देते हुए, बेनर्जी ने गांधीजी के जीवन की एक अल्प ज्ञात कहानी सुनाई। जब वह नागपुर जेल में थे, कस्तूरबा उनसे रोज़ाना मिलने जाती थी। एक बार, एक मुलाकात के दौरान, जेल प्रतिनिधि बाहर गया और 20 मिनट बाद लौट कर आया, और पाया कि दोनों ने हाथ थामें हुए है लेकिन बात नहीं कर रहे है। जब उसने आश्चर्य प्रकट किया, गांधीजी ने कहा कि जेल के नियमों के अनुसार, वे केवल जेल प्रतिनिधि के सामने ही बात कर सकते है। ''चूंकि आप कुछ देर के लिए बाहर गए थे, हमने बात करना बंद कर दिया,'' उन्होंने कहा।

''यह है सच्ची ईमानदारी; जो अंदर से आती है, बेनर्जी ने कहा।''

परियोजना प्रमुख रोटेरियन अनूज बंसल ने कहा कि सस्ती इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण, एक बड़ी जनसंख्या के लिए ''कल के लिए अधिक वैज्ञानिकों को बनाने हेतु ऐसे अत्याधुनिक साधनों को अपनाना अब संभव है।'' उन्होंने आगे कहा कि उनका क्लब जालना क्षेत्र के सरकारी स्कूलों को सशक्त बनाना चाहता है, उन्हें सुरक्षति इंटरनेट कनेक्शन वाला एक कंप्यूटर और एक लाइसेंसीकृत सदस्यता वाली एक ऐसी आभासी प्रयोगशाला देकर जो भौतिकी, रसायनशास्त्र एवं जीव-विज्ञान में 31 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों तक पहुँच प्रदान कर सके।

छात्रों की वैचारिक समझ का परीक्षण करने के लिए किट थ्योरी एवं प्रश्नोत्तरी सवालों से सुसज्जित है, उसकी बनावट संवादात्मक है, और उसमें खुले अनुसंधानों का समर्थन करने वाले गणितीय एल्गोरिथ्म पर आधारित आधुनिक लैब सिमुलेशन है। उसमें कहानी सुनाने एवं एक स्कोरिंग प्रणाली जैसे घटक भी मौजूद है जो छात्रों की स्वाभाविक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करते है और विज्ञान एवं बाहरी वास्तविक दुनिया के मध्य संबंध को समझाते है, करवा ने आगे कहा।

कलाम किड्स की विशेषताएं:

- 31 अनोखी PCB संवादात्मक लैब सिमुलेशन।
- हार्वर्ड, कैंब्रिज, इम्पीरियल कॉलेज, डेनिश और एमआईटी, यूएसए के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किया गया पाठ्यक्रम।
- विद्यार्थी आभासी रूप से वैज्ञानिक प्रयोग कर सकते है।
- इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले केवल एक टेबलेट या कंप्यूटर की आवश्यकता।
- कक्षा 5 और उच्चतर कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त।
- केवल रोटेरियनों एवं सरकारी स्कूलों के लिए, एक विशेष दर।

जी. अधि जानकारी के लिए *anupkarwa@gmail.com* पर संपर्क करे।

शेल्फ पर

पढ़ें, आगे बढ़े, सफलता प्राप्त करें

जयश्री





नेतृत्व करने के लिए तैयार हो जाएं - यह एक ऐसी पुस्तक हैं जो सकारात्मकता और प्रेरणास्पद विचारों से लबालब भरी है, और यह लक्ष्य निर्धारण, कौशल विकास, समय प्रबंधन, टीमवर्क और सामाजिक बुद्धि जैसे पहलुओं के बारे में बात करती है। केस स्टडीज के साथ मसालेदार और हास्य से परिपूर्ण यह पुस्तक वास्तव में पाठकों के लिए बहुत ही दिलचस्प कृति है।

उत्तरदायित्व के बारे में बात करते हुए, लेखक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को विस्तार से बताते हैं, जब उन्हें अपने पिता के निधन का समाचार अपने प्रिंटिंग यूनिट के कर्मचारियों को देर से दिया था ताकि एक ग्राहक को अगली सुबह उसका कार्य वादा किए गए समय के अनुसार पूरा किया जा सके।

टीम वर्क और लीडरमेंट पर, उन्होंने वर्ष 1983 में विश्व कप के फाइनल का एक उपाख्यान दिया है, जब भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ पीछा करते हुए केवल 183 रनों पर ढेर हो गई थी। दूसरे सत्र के लिए मैदान में जाने से पहले, ड्रेसिंग रूम में कपिल देव ने, कप्तान के रूप में, अपनी निराश टीम को प्रेरित करते हुए कहा, ''टीम, यदि यह जीत योग्य कुल रनों का आकड़ा नहीं है, तो यह निश्चित रूप से एक रक्षा करने योग्य कुल रनों का आकड़ा है।'' और तब ऐसा हुआ जब विंडीज.विजय लक्ष्य से 43 रन दूर रह गई, और भारत पहली बार विश्व चैंपियंस बन कर उभरा।

लेखक जी ओलिवनन मंडल 3232 के भूतपूर्व गवर्नर है। यह पुस्तक एमराल्ड पब्लिशर्स, चेन्नई से प्राप्त किया जा सकता है। फोन: 91 44 2819 3206/4214 6994। ई-मेल: *info@emeraldpublishers.com*.

रोटरी क्विज बुक

क्या आप जानते हैं कि शेल्टर बॉक्स दुनिया की सबसे बड़ी रोटरी की परियोजना है; यह आठ देशों में लगभग 5,000 क्लबों से जुड़ा हुइ है। वर्ष 1979 में, जब तत्कालीन आरआईपीई जेम्स बोरर ने रोटेरियन क्लबों को उनके नाम पर दान करके एक गैर-रोटरीयन को पीएचएफ बनाने की चुनौती दी थी, तो क्या आप जानते हैं कि रोटरी क्लब पिकेविले, यूएसए, ने मदर टेरेसा के नाम पर दान करके उनका जवाब दिया था।

भूतपूर्व प्रेसिडेंट नारायणा शगरिथया (रोटरी क्लब मुंबई भण्डअप, मंडल 3141) और कांटी सोलंकी (रोटरी क्लब थाणे मेट्रो, मंडल 3142) द्वारा संकलित इस संक्षिप्त क्विज बुक में इस तरह की ढेरों दिलचस्प जानकारी प्राप्त करें। रोटेरियन अपने रोटरी ज्ञान को बढाने के लिए या नए सदस्य को प्रेरित करने के लिए उपहार के रूप में उन्हें दे सकते हैं। पुस्तक में पॉल हैरिस से लेकर आरआईपीईई बैरी रस्सीन तक आरआई के प्रेसिडेंट की सूची उनके विषयों और अन्य महत्वपूर्ण संक्षिप्तताक्षरों के साथ शामिल है।

पुस्तक की कीमत ₹100 है और यह नारायण शग्रथया - मोबाइल: 98212 67367/98209 67367 या कांति सोलंकी 98670 26464 के पास उपलब्ध है।

और अब विकलांगों के लिए एक रोटरी क्लब

टीम रोटरी न्यूज

रोटरी क्लब बेंगलुरू, मंडल 3190, ने इस फरवरी में विकलांगों के लिए एक रोटरी क्लब का गठन कर एक प्रकार का इतिहास बना डाला है।

रोटरी क्लब बेंगलुरू के अध्यक्ष जरीरबाथा ने कहा कि 20 सदस्यीय क्लब का निर्माण पिछले ''आठ महीनों से अधिक समय से किया जा रहा है, और यह हमारे लिए बहुत खुशी का दिन है क्योंकि हम इस अनूठे क्लब का स्वागत कर रहे हैं।''

नए क्लब - रोटरी बेंगलुरू एबिलिटीज़ - को संबोधित करते हुए बाथा ने कहा कि नव-स्थापित क्लब के सभी 20 सदस्य ''वास्तव में विशेष लोग थे। और अगर साहस नामक कोई शब्द है, तो आप इसे अपने निजी जीवन के माध्यम से उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हैं। अपने सामने आने वाली चुनौतियों के बावजूद, आपने दुनिया में अच्छा करने की लड़ाई में शामिल होने का फैसला किया है। आप न केवल विकलांग लोगों की मदद करने के लिए, बल्कि सभी जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करने के लिए आगे आएं हैं, जिन्हें आपकी सहायता की आवश्यकता है।''

अपने सामने आने वाली चुनौतियों के बावजूद, आपने दुनिया में अच्छा करने की लड़ाई में शामिल होने का फैसला किया है। आप न केवल विकलांग लोगों की मदद करने के लिए, बल्कि सभी जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करने के लिए आगे आएं हैं, जिन्हें आपकी सहायता की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि उनका क्लब, जिन्होंने होमी भाबा और पीआरआईडी पांडुरंगा शेट्टी जैसे महत्वपूर्ण अध्यक्षों को देखा था, ने इसे नए और मजबूत क्लब बनाने के लिए सभी आवश्यक समर्थन देने के लिए सदैव तत्पर है।

नए क्लब के अध्यक्ष, जस्टिन फिलिप्स, जो *इनसाइट* नामक एक ब्रेल पत्रिका के संपादक हैं, ने कहा कि उनकी नई यात्रा शुरू होने के बावजूद, ''हम रोटरी आंदोलन की संस्कृति और आस्था का पालन करने के लिए स्वयं को प्रतिबद्ध करते हैं। मैं आरआई द्वारा निर्धारित नियमों को बनाएं रखने और उनका अनुपालन करने का वचन देता हूँ। मैं 4-मार्गी वाले परीक्षण का अनुपालन करने का भी वचन देता हूँ।'' एक प्रतिभाशाली संगीतकार, नेत्रहीन फिलिप्स गिटार और कीबोर्ड चलाने का गुर सिखलाते है; वे बाजार अनुसंधान कंपनियों के लिए एक ट्रांसक्रिप्शनिस्ट के रूप में भी कार्य करते है और ई-मेल और WhatsApp के माध्यम से संपूर्ण विश्व में छात्रों को अंग्रेजी भी सिखालाते है। क्लब के सचिव, प्रदीप के, भी आंशिक रूप से दृष्टिहीन है और एक सॉफ्टवेयर पेशेवर है; और कोषाध्यक्ष, श्रावणी रामचंद्रन, एक दुर्घटना में निम्नांगों के पक्षाघात से ग्रस्त है, और आईबीएम के साथ वित्तीय विश्लेषक के रूप में कार्य करते हैं।

रोटरी क्लब बेंगलुरू एबिलिटीज ने चार प्रमुख परियोजनाओं को निष्पादित करने की योजना बनाई है: सरकार और छोटे मॉल के मालिकों को अपने प्रतिष्ठानों को विकलांग लोगों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए संवेदनशील करने के उद्देश्य से लिए एक अभियान; विकलांग अभ्यर्थियों के लिए एक नौकरी मेला; विकलांग बच्चों के लिए एक ग्रामीण स्कूल और ब्रेल स्क्रीन रीडर का प्रायोजन, जिसमें से प्रत्येक की लागत लगभग ₹25,000 आती हैं।

पीआरआईडी शेट्टी और डीजी आशा प्रसन्ना कुमार ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। ■

बाएं से : रोटरी क्लब बेंगलुरु एबिलिटिज़ के सचिव प्रदीप के, अध्यक्ष जस्टिन फिलिप्स, कोषाध्यक्ष श्रावणी रामचन्द्रन (चरम दाएं) रोटरी क्लब बेंगलुरु एबिलिटिज़ के सचिव आर गिरीश, अध्यक्ष ज़रीर बाथा, डीजी आशा प्रसन्ना कुमार, पीआरआडी पांडुरंगा शेट्टी और अन्य चार्टर सदस्यों के साथ।

तमिलनाडु ने ब्राजीलियाई लोगों को आकर्षित किया

जयश्री

ब्राजील के एक आगंतुक इसाबेल रेजीना स्कीड ने कहा, ''गर्मजोशी से स्वागत किए जाने और उत्सव की भव्यता ने हमें सबसे अधिक प्रभावित किया।'' मैं मदुरै में मंडल सम्मेलन के मौके पर मंडल 4670, ब्राजील से चार सदस्यीय मैत्री एक्सचेंज टीम के साथ बातचीत कर रहा हूँ, जिनकी मेजबानी मंडल 3000 द्वारा की गई। इसाबेल, टीम का एकमात्र अंग्रेज़ी-बोलने वाला आगंतुक पेशे से पशु चिकित्सक है, यूजी एक्सचेंज के अध्यक्ष, इगीडो डेलग्नोनोल, एक मैकेनिकल इंजीनियर है, क्लीज़ा मारिया अल्फाया एक शिक्षक है और क्रिस्टियन डाइस एक म नोचिकित्सक और एक शौकीन योग-ट्रेनर है। तीन महिलाएं - इसाबेल, क्लीजा और क्रिस्टियन - परंपरागत रूप से एक नीली रेशम-सूती साड़ी में कपड़े पहने हैं, जो उनके बालों पर चमेली के फूलों के साथ बहुत सुंदर दिखाई दे रहा है और उनके माथे पर बिंदी चमक रही हैं।

पुदुक्कोट्टई में, जल्लीकट्टू कार्यक्रम जो पोंगल का उत्सव है, ने उन्हें मुग्ध कर दिया। इसाबेल ने कहा, ''जंगली बैल को पुरुषों द्वारा अपने कब्जे में करते हुए देखना बहुत ही रोमांचक था और यह कुछ खास तरह के स्पैनिश बुलफ्लाईट के समान था।''

तमिलनाडु की संस्कृति और परंपराओं से 10 दिनों तक ओत- प्रोत होने के बाद, एगीडो ब्राजील के लिए रवाना हो गए, जबकि तीन महिलाएं दिल्ली गई जहाँ डीजी सुभाष जैन ने उनका स्वागत किया। वे दिल्ली दौरे के बाद आगरा में ताजमहल देखने गई और उनके देश के लिए उड़ान भरने से पहले ऋषिकेश में उन्होंने कुछ योग सीखा।

''अनेकों छोटे शहरों में अपने प्रवास के दौरान, आगंतुकों को विविधतापूर्ण अनुभव पसंद आया; मंदिरों, स्थानीय लोक कार्यक्रमों और चेट्टीनाड पैलेस होटल की भव्यता देखकर वे आश्चर्यचकित रह गए,'' डिस्ट्रिक्ट यूथ एक्सचेंज के चेयरमैन एक कुमारप्पन ने कहा, जो दौरे पर विदेशियों के साथ थे। एक गांव में अपने चचेरे भाई की शादी में भाग लेते हुए और चेत्तीनाद की भव्यता का अनुभव करना टीम के लिए एक अतिरिक्त बोनस था।

वे विशेष रूप से डिंडीगुल में मानसिक स्वास्थ्य मिशन परियोजना और करूर के व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र से प्रभावित हुए। इसाबेल ने एक छोटे शहर, वाथलागुंडु में एक स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह को याद किया। ''हमें आश्चर्य हुआ जब स्कूल ने भारतीय ध्वज के अलावा ब्राजील के ध्वज को सम्मानित किया। ये साड़ियां हमें प्राचार्य ने उपहार में दिया।''

क्लीज़िया ने कदंबवनम (मदुरई के पास एक रिसोर्ट) और लोक प्रदर्शन के माहौल का आनंद उठाया। ''मुझे भारतीय व्यंजनों में अनेक प्रकार के

पुदक्कोट्टई में, जल्लीकट्टू उत्सव में क्रिस्टेन डाइस और क्लीज़ा मारिया अल्फाया।

एगीडीयो डेल्लाग्रोल, क्रिस्टेन डाइस, इसाबेल रेजिना स्कीड और क्लीज़ा मारिया अल्फाया मंडल फ्रेंडशिप एक्सचेंज अध्यक्ष पी कुमारप्पन की घर की शादी में।

स्वादों वाला व्यंजन अधिक स्वाद पसंद है और केला के पत्ते पर खाने का अनुभव अद्वितीय था। इसके लिए कुछ विशेष कौशल की आवश्यकता होती है,'' उसने पुर्तगाली में कहा जिसे इसाबेल ने अनुवादित किया है। रिसॉर्ट में रोटरी क्लब मदुरै इनोवेटर्स के सदस्यों ने टीम के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया था।

रामेश्वरम में स्नोर्कलिंग और डोंगी की सवारी ने उनके दौरे को और अधिक यादगार बना दिया।

कुमारप्पन की अगुवाई वाली दस सदस्यीय टीम मई में उनके आतिथ्य और संस्कृति का अनुभव करने के लिए ब्राजील जाने की तैयारी में है। ■

दरवाजे पर एक ब्लड बैंक

टीम रोटरी न्यूज़

रोटरी क्लब पूना, मंडल 3131, ने जाइलोगप्लास्ट अलॉयज के सहयोग से हाल ही में रक्त संग्रह करने के लिए एक वैन प्रायोजित किया। ₹35 लाख की लागत वाली यह वैन, एकत्र किए गए रक्त को ब्लड बैंक/अस्पताल तक पहुँचाने के लिए दो गहरे फ्रीजर, इनवर्टर और बैटरी से लैस है।

डीजी अभय गाडगील ने पीडीजी विनय कुलकर्णी, डीजीएन रश्मी कुलकर्णी और क्लब के अध्यक्ष प्रकाश तेलंग की मौजूदगी में बीजे मेडिकल कॉलेज और ससून जनरल अस्पताल के डीन डॉ अजय एस चंदनवाल को वैन की चाभी सौंप दिया।

बाएं से : अंजली तेलांग, डीजीएनडी रश्मी कुलकर्णी, रोटरी क्लब पुणे के अध्यक्ष प्रकाश तेलांग, पीडीजी विनय कुलकर्णी, राजेश भाल और मंडल मेडिकल सर्विसेस डिरेक्टर अनिल पारमार रक्त संग्राह वेन के साथ।

तेलंग जी ने कहा, ''हमारे इस अभियान का लक्ष्य ब्लड बैंकों या अस्पतालों से दूर रहने वाले रक्त दाताओं को रक्तदान करने में मदद करना हैं।'' डीजी गाड्गील खुश हैं कि रोटरी-सीएसआर की पहल सफल हो गई है और उन्हें आशा है कि अधिक से अधिक क्लब इस अभियान का अनुकरण करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा, ''बहुत से सारे अच्छे कार्यों को तब निष्पादित किया जा सकता हैं जब कंपनियां समाज के विकास के लिए रोटरी के साथ सहयोग करेंगी।''

वर्ष 1936 में स्थापित इस 80 वर्षीय क्लब का अस्पताल के साथ दीर्घकालिक संबंध रहा है, और क्लब ने अस्पताल को एक ह्यूमन मिल्क कलेक्शन वैन और बाल चिकित्सा वार्ड को विभिन्न चिकित्सा उपकरणों को दान में दिया था। तेलंग ने रक्त संग्रह प्रयासों के लिए वैन की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए संपूर्ण महाराष्ट्र के रोटरी क्लब को आमंत्रित किया है। ■

वाराणसी
के लघुचित्र



तीर्थ नगर वाराणसी पर आधारित *द बुक ऑफ़ बनारस* नामक एक चिकनी कॉफ़ी-टेबल किताब, जिसका प्रकाशन रोटरी क्लब बनारस, मंडल 3120, के तत्कालीन डीजी वेद प्रकाश के कार्यकाल (2015-16) में किया गया था, पाठकों को इस रंगीन आध्यात्मिक केंद्र का सुहावना दौरा करवाती है।





जापानी मंदिर।

बाएं : धमेख स्थूपा।



दुर्गा कुंद और मंदिर।

122 पन्ने की यह किताब, जिसे डॉ. विश्वनाथ पाण्डेय द्वारा लिखा गया और मनीष खत्री द्वारा चित्र और रूपरेखा तैयार की गई, में दुनिया के सबसे पुराने जीवित शहर का अच्छा उल्लेख है। इस किताब के पन्नों में गंगा के घाट, सारनाथ, दरगाह और मस्जिदें, मंदिर, मेलें और त्यौहार एवं बनारस का जीवन जीवंत हो उठता है।



आलमगिर मसज़ीद/बेनी माधव का दारेरा, पंच गंगा घाट।

मणिकर्णिका घाट के पास
माँ गंगा मंदिर।
दाएं : मूलगंधाकुटी विहारा।

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

एक रोटरी-कॉर्पोरेट सौजन्यता

किरण ज़ेहरा

बेंगलुरु में रोई मंडल 3190 के रोटरी कर्नाटक CSR सम्मेलन में, ग्रे और सफ़ेद रंग की ड्राईवर की यूनिफार्म पहनकर और प्यारी सी मुस्कुराहट के साथ, सात महिलाओं ने उनकी ब्रांड न्यू इलेक्ट्रॉनिक टैक्सियों की चाबियाँ प्राप्त की। टैक्सियों को हरी झण्डी दिखाने से ठीक पहले, TRF न्यासी प्रमुख पॉल नेटज़ेल उनमें से हर एक के पास गए, उनसे हाथ मिलाया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा ''ऑल दी बेस्ट।''

सम्मेलन को संबोधित करते हुए, उन्होंने डीजी आशा प्रसन्ना से कहा, ''आपके समुदाय में कॉर्पोरेट एवं अन्य NGO से रोटरी को परिचित करवाने के नवीन विचार के लिए आपको और आपके टीम को बधाई।'' उन्होंने सभा में उपस्थित सभी लोगों को याद दिलाया कि ''हम में से प्रत्येक के लिए पैसा, मुद्दा एवं अवसर नहीं है। बल्कि वह अवसर है जो हमें यह पता लगाने के लिए दिया गया है कि कैसे हम एक दूसरे के साथ काम कर सकते है और कैसे रोटरी आपकी मदद कर सकती है।''

परिवहन लॉजिस्टिक्स प्रदाता भागीरथी ट्रेवल्स के साथ भागेदारी में, रोटरी क्लब बैंगलोर ऑर्चर्ड्स ने महिलाओं को रोजगार प्राप्त करने में उनकी सहायता करने के लिए उन्हें पेशेवर ड्राईवर के रूप में प्रशिक्षित करने की परियोजना शुरू की है। क्लब के सदस्य और इस सेवा प्रदाता के सह-संस्थापक नील माइकल जोसफ ने परियोजना की विलक्षणता - प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों की ड्राइविंग पर फोकस - पर प्रकाश डाला। क्लब की अगले तीन माह में 500 महिलाओं को कार चलाने हेतु प्रशिक्षित करने की योजना है।

STEM लर्निंग द्वारा संचालित और ढडचढ बेंगलुरु द्वारा समर्थित, और सूचना साझेदार के रूप में भारतीय CSR नेटवर्क के साथ, ''मंडल 3190 में यह सम्मेलन अपने तरह का अनोखा है, और यह एक वार्षिक कार्यक्रम होगा,'' डीजीएन समीर हिरानी ने कहा, और उन्होंने आगे कहा कि सम्मेलन में 170 प्रतिनिधि शामिल हुए।''

जहाँ सम्मेलन का आयोजन विभिन्न हिस्सेदारों और कॉर्पोरेट घरानों द्वारा कर्नाटक में समुदाय की सेवा के लिए किये गए उनके योगदान का उत्सव मनाने के लिए किया गया, वहीं डीजी आशा ने कहा कि कुछ वक्ता अपने स्वयं के खर्च पर दिल्ली और मुंबई से आये ''केवल यह जानने के लिए कि कैसे वह रोटरी के साथ मिलकर काम कर सकते है और शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और कौशल विकास के

टीआरएफ ट्रस्ट चेयर पॉल नेटज़ेल एक महिला ड्राइवर को शुभकामनाएं देते हुए। चित्र में पीआरआडी मनोज दिसाई भी शामिल हैं।

बाएं से : पीआरआईडी पांडुरंगा शेट्टी, टीआरएफ ट्रस्टी सुशील गुप्ता, टीआरएफ ट्रस्टी चेयर पॉल नेटज़ेल और पीआरआडी मनोज देसाई सीएसआर सम्मेलन, बेंगलूरु में।

क्षेत्रों में भारत की सबसे बड़ी चुनौतीपूर्ण समस्याओं का समाधान ढूँढ सकते है।''

रोटरी, एक वृहद संस्था

फिलिप्स, IDFC बैंक, अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन, कैपजैमिनी, एम्बेसी, NALCO, इंडिया CSR नेटवर्क, माइंडट्री फाउंडेशन, JSW फाउंडेशन, STEM लर्निंग, टेस्को बेंगलुरु, बॉश इंडिया फाउंडेशन, एडोब, ब्रिलियो, कॉग्निजेंट और ANZ जैसे विभिन्न संस्थानों एवं कंपनियों के प्रतिनिधियों ने शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, ग्रीन कर्नाटक, और ग्रामीण विकास जैसे विषयों से जुड़ी विभिन्न पैनल चर्चाओं में भाग लिया। सहकार्यता, पारदर्शिता और दायित्व सभी सत्रों के मुख्य शब्द थे।

पीडीजी के एस नागेन्द्र जिन्होंने ग्रामीण विकास के सत्र को संचालित किया ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ''हमें चेक्स से आगे बढ़ना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि सीएसआर साझेदारियां कार्यनीतियों के नियोजन में व्यस्त हो और उस प्रभाव पर फोकस करें जिसे हम एक साथ मिलकर ला सकते है।'' फिलिप्स की जन संपर्क और संवहनीयता निदेशक, सुमथी ए राव ने कहा, ''एक साथ मिलकर हम बड़े प्रभाव को जन्म दे सकते है। हमें केवल एक व्यापक संगठन की आवश्यकता है जो अलग-अलग संस्थानों को एक साथ ला सकें।'' डीजीएन हिरानी ने चट् से कहा: ''वह व्यापक संगठन इस कक्ष में मौजूद है - रोटरी।''

जहाँ थॉमस रयूटर्स की CSR प्रमुख, अर्चना सहाय ने रोटरी एक्सचेंज स्टूडेंट के रूप में शानदार दिनों को याद किया, वहीं IDFC बैंक के कार्यक्रम निदेशक, अरुण नाथन ने कहा, एक रोटारेक्टर रहते हुए, ''मैंने बहुत कुछ सीखा और अब समय रोटरी को वापस लौटाने और कुछ अच्छा करने का है।'' जब उनसे पूछा गया कि क्या वे रोटेरियन है तो अर्चना ने जवाब दिया ''अभी तक नहीं।''

बॉश इंडिया फाउंडेशन, भागीरथी ट्रेवल्स, कॉग्निजेंट फाउंडेशन, गोल्डमेन साक्स, इंटेल इंडिया, जीप, कर्नाटक स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, ओरेकल इंडिया, TCS और थॉमसन रयूटर्स को दुनिया में अच्छा करने हेतु उनके द्वारा दिए गए योगदान के लिए रोटरी कॉर्पोरेट अवार्ड दिए गए।

पीआरआईडी मनोज देसाई ने कहा ''आज मैंने CSR के बारे में और कॉर्पोरेट्स की उम्मीदों के बारे में बहुत कुछ जाना।'' उन्होंने TEACH और आशा किरण पहलों पर प्रकाश डाला जिसके कारण रोटरी इंडिया की कैलाश सत्यार्थी संस्थान के साथ साझेदारी हुई। पीआरआईडी सुशील गुप्ता ने संपूर्ण समुदाय में व्यावहारिक परिवर्तन लाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया और दर्शकों को रोटरी की WASH पहल से परिचित करवाया।

रोटरी से बेहतर कोई साझेदार नहीं

कॉर्पोरेट प्रमुखों को संबोधित करते हुए, नेटज़ेल ने कहा, ''भारत में CSR अवसर अधिक है और रोटरी के मूल्य और CSR एक दूसरे के अनुकूल है। दुनिया के अन्य शानदार संस्थानों और मानवीय संगठनों'' की अवहेलना किये बिना, उन्होंने बताया कि क्यों रोटरी एक अनोखा संगठन और एक बढ़िया साझेदार है। ''दुनिया के अन्य संगठनों के विपरीत, 35,000 क्लबों और 1.2 मिलियन रोटेरियनों के साथ हमारी 200 देशों में वैश्विक पहुँच है। दुनिया के लगभग हर समुदाय में, एक रोटरी क्लब है, जिसमें हर संभव रूप में विविधता मौजूद है।'' अगर कक्ष में मौजूद किसी भी कॉर्पोरेट ने रोटरी के साथ हाथ मिलाया

दाएं से : डीजी आशा प्रसन्नाकुमार, टीआरएफ न्यासी सुशील गुप्ता, पीडीजी के एस नागेंद्र और रोटरी बैंगलोर ऑचर्ड रोटेरियन किरणकुमार वी जी की उपस्थिति में टीआरएफ ट्रस्टी चेयर पॉल नेटज़ेल प्रशिक्षित महिला चालकों को नई इलेक्ट्रिक कार की चाबियाँ सौंपते हुए।

है, तो उन्हें पता होना चाहिए कि ''रोटरी में हज़ारों स्वयंसेवकों, नागरिकों और सर्वोच्च स्तर के सरकारी नेताओं तक पहुँचने और प्रमुख संबंधक के रूप में सेवा देने की क्षमता है। हमारा एक साधारण सा संगठन है और हमने साझेदार, सहकर्ता, पक्षसमर्थक बनने की क्षमता को साबित किया, लेकिन सबसे प्रमुख बात, हमने यह साबित किया कि यदि हम वादा करते है, तो उसे पूरा भी करते है।''

''TRF को दुनियाभर से 15 प्रतिबद्ध न्यासियों वाले एक समर्पित ट्रस्ट'' के रूप में परिभाषित करते हुए, उन्होंने कहा कि रोटरी की परोपकारी शाखा धन इकठ्ठा करने, छात्रवृत्ति और अनुदान प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है। ''पिछले 100 सालों में, रोटरी ने 4.3 बिलियन इकठ्ठा किये है निवेश किये है। यह आपको साफ तौर पर यह बताने के लिए है कि हमारे पास अच्छी तरह से परिभाषित लक्ष्य है और हम आने वाली सदी में अनेक मानवीय परियोजनाओं को समर्थन देंगे और उन्हें कार्यान्वित करेंगे।''

नेटज़ेल ने आगे कहा, ''शायद सबसे बड़ी पहल जो रोटरी की कार्य क्षमता के बारे में अच्छी तरह से बता सकती है वह पोलियो उन्मूलन पहल है।'' 1985 से यात्रा की शुरुआत को याद करते हुए जब रोटेरियनों ने दो साल में 247 मिलियन इकठ्ठा करने के बाद वैश्विक पोलियो उन्मूलन पहल की शुरुआत की थी, उन्होंने कहा की पोलियो खत्म करने की मुहिम के लिए रोटरी के कार्यों का प्रभाव इतना शक्तिशाली था कि वर्ष 2007 में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने कहा था: ''हम आपके साथ जुड़ना चाहते है।''

हमारा एक साधारण सा संगठन है और हमने साझेदार, सहकर्ता, पक्षसमर्थक बनने की क्षमता को साबित किया, लेकिन सबसे प्रमुख बात, हमने यह साबित किया कि यदि हम वादा करते है, तो उसे पूरा भी करते है।

टीआरएफ ट्रस्टी चेयर पॉल नेटज़ेल

हो सकता है कि इस वर्ष शायद दुनिया में पोलियो का अंतिम मामला मिले, फिर भी दुनिया को पोलियो-मुक्त घोषित करने में 36 माह और लग जाएँगे। ''सवाल यह है कि कैसे हम रोटेरियनों और साझेदारों की इस कार्यक्रम में रूचि को 36 माह तक बनाए रख पाएँगे,'' उन्होंने कहा, रोटेरियनों को उकसाते हुए कि इस पहलू पर से कभी ध्यान ना हटाएं। नेटज़ेल ने विश्व शांति की जरुरत पर ज़ोर देकर कहा, ''आज शाम जब हम यहाँ पर बैठे है, वहीं 1052 रोटरी शांति निर्माता बाहर है और दुनिया के सबसे अस्थिर क्षेत्रों में शांति का प्रचार कर रहे है।'' इस बात पर इशारा करते हुए कि रोटेरियनों को परियोजनाओं का चुनाव ध्यानपूर्वक करना चाहिए, उन्होंने सभा का समापन बिल गेट्स सीनियर के शब्दों में किया, जिन्होंने कहा था ''मैंने पिछला दशक भयानक समस्याओं के बारे में विचार करते हुए दुनिया भर का दौरा करते हुए बिताया। कैसे प्रभावशाली तरीके से रोटेरियनों ने करोड़ों लोगों की ज़िंदगियाँ बदल दी यह सोचने की कोशिश करने से भी दिमाग आश्चर्य में पड़ जाता है। जब अगली वैश्विक परियोजना को निश्चित करने का समय आएगा, रोटरी को बड़ा सोचने की जरुरत है, क्योंकि कोई भी छोटा विचार रोटरी की क्षमता की बर्बादी होगी।''

चित्र : किरण ज़ेहरा

रोई दक्षिण एशिया कार्यालय से सन्देश

हम जगह बदल रहे है: 16 अप्रैल से रोई दक्षिण एशिया कार्यालय इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के निकट नए कार्यालय में स्थानांतरित हो रहा है। नए कार्यालय का पता है:

रोटरी अंतर्राष्ट्रीय दक्षिण एशिया कार्यालय
पुलमेन/नोवोटेल कमर्शियल टावर,
1st फ्लोर, एसेट नं.2, हॉस्पिटैलिटी डिस्ट्रिक्ट,
एरोसिटी (IGI हवाईअड्डे के पास),
नई दिल्ली 110037
कार्यालय के टेलीफोन/फैक्स नंबरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, वे वैसे ही रहेंगे:
टेलीफोन नं. 91 11 42250101 से 42250105. फैक्स: 91 11 42250191 और 42250192

यदि आपका 16 अप्रैल 2018 के बाद दिल्ली आना हो, तो हमारे नए कार्यालय में जरूर पधारें।

★ वर्तमान क्लब अधिकारियों को प्राथमिकता पर नवनिर्वाचित **क्लब अधिकारियों की सूचना रोई को देनी चाहिए**। हमारे पास अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे क्लब अधिकारी है जिनकी सूचना हमें नहीं मिली है। My Rotary के माध्यम से ऑनलाइन या *datarotary.org* पर ईमेल भेजकर सूचना दी जा सकती है।

★ **सामूहिक सांकृतिक विनिमय कार्यक्रम** एक प्रकार का रोटरी मित्रता विनिमय है जो रोटेरियनों, गैर-रोटेरियनों एवं युवा पेशेवरों के अंतर्राष्ट्रीय दलों को एक साथ लाता है। अपने मंडल द्वारा विनिमय अवसरों के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने मंडल के रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज समिति प्रमुख से संपर्क करें। यदि आपके कुछ सवाल है, या कोई अनुभव जिसे आप साझा करना चाहते है, तो *rotary.service@rotary.org* पर संपर्क करें।

★ **पौधारोपण चुनौती** - यह शायद अपने क्लब के पेड़ लगाने का सबसे अच्छा समय है। पेड़ लगाकर ना केवल आप पर्यावरण के लिए अच्छा कर सकते है, बल्कि यह आपको रोटरी के उद्धरण के एक कदम और करीब भी लाता है। सुनिश्चित करें कि आप 22 अप्रैल (पृथ्वी दिवस) के पहले पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल तब तक करें जब तक कि वे स्वयं फलने-फूलने नहीं लग जाएं।

★ **वैश्विक अनुदान की रिपोर्ट:** रोटरी संस्थान ने ध्यान दिया है कि क्लब/मंडलों ने आवश्यक अंतरिम रिपोर्टों/अंतिम रिपोर्टों को जमा कर दिया है। *कृपया ध्यान दें कि रिपोर्टों को केवल ऑनलाइन जमा कर देने भर का यह मतलब नहीं है कि रिपोर्ट स्वीकार कर ली गई है या अनुदान समाप्त हो गया है।* रिपोर्ट जमा करने की आवश्यकताओं के अनुसार, संस्थान द्वारा अंतरिम रिपोर्ट को स्वीकार करने या अंतिम रिपोर्ट से सहमत होने के लिए क्लबों/मंडलों को सहायक दस्तावेज भी जमा करने होंगे।

नीचे दिए गए रेखा-चित्र में दर्शाया गया है कि ऑनलाइन रिपोर्ट जमा करने के साथ कौन से सहायक दस्तावेजों की मूल प्रति जमा करना आवश्यक है:

Reporting Documentation	Interim Report	Final Report
Submit report online	Yes	Yes
All original hard copies of the following documents required		
Original Utilisation Certificate and receipts/payment statement	Yes	Yes
Bank statement in original/certified true copy	Yes	Yes
Bills/invoices/receipts in original	NA	Yes
Undertaking (if copy of the above submitted)	NA	Yes
Beneficiary information	NA	Yes
Refund, if any	NA	Yes

समय सीमाओं पर ध्यान दें:

★ **अनुदान की रिपोर्ट जमा करने की समयसीमा** - सभी चालू अनुदानों की 31 मार्च, 2018 तक की गतिविधियों की अंतरिम रिपोर्ट को 31 मई, 2018 तक जमा करें। अन्यथा 1 जून, 2018 से अनुदान अतिदेय हो जायेगा। यदि किसी अनुदान प्रायोजक की संस्थान के किसी भी अनुदान की अतिदेय रिपोर्ट हुई, तो नए अनुदान आवेदनों को संस्थान द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा। रिपोर्ट जमा करने की आवश्यकताओं एवं अपेक्षित प्रारूप पर अधिक जानकारी के लिए, *http://www.rotaryfoundationindia.org/reporting/* पर क्लिक करें।

★ **2019-20 रोटरी पीस फ़ेलोशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन अब स्वीकार किये जा रहे है।** पीस फ़ेलोशिप आवेदन के बारे में अधिक जानने के लिए, *http://my.rotary.org/en/peace-fellowship-application* पर क्लिक करें। आवेदकों द्वारा उनके मंडलों में आवेदन जमा करने की समयसीमा **31 मई, 2018** है। मंडलों को 1 जुलाई तक अनुमोदित आवेदनों को रोटरी संस्थान में जमा करना होगा। पूछताछ के लिए, *rotarypeacecentersrotary.org* को लिखिए। ■

रोटरी मूडबिड्री के 50 वर्ष पूरा होने का जश्न

वी मुत्तुकुमारण

वर्ष 1968 में रोटरी क्लब मूडबिड्री, मंडल 3181, अपनी स्थापना के बाद से दक्षिण कन्नड़ के एक छोटे से शहर मूडबिड्री में सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए सुविधाएं और संरचनाएं स्थापित करने में व्यस्त रही है। रेडियो पविलियन, बस शेल्टर, पार्कों, कक्षाओं, स्कूल फ़र्नीचर, रोटरी शौचालय, झीलों और ब्लड बैंक जैसे अनेक सुविधाओं की स्थापना यहाँ के लोगों के साथ क्लब के अंतरंग संबंधों को रेखांकित करती हैं।

वास्तव में, क्लब, डॉ. टीएमए पाई के मस्तिष्क की उपज है, जो आधुनिक मणिपाल के निर्माता है, जिन्होंने अन्य दूरदर्शी लोगों के साथ मिलकर, वर्ष 1970 के दशक में इस छोटे से शहर के सामाजिक परिवर्तन की नींव रखी थी। निरंतर चलने वाली परियोजनाओं जैसे स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर और सामूहिक विवाह की जनता द्वारा बहुत सराहना की जाती हैं, इस प्रकार ये सभी कार्य मूडबिड्री में रोटरी की सार्वजनिक छवि को बढ़ाने में बहुत सहायता करते है।

रोटरी स्कूल

वर्ष 1981 तक, शहर में अंग्रेजी माध्यम का कोई स्कूल नहीं था और तीन दशक पहले रोटरी ने रोटरी इंग्लिश मिडियम स्कूल की स्थापना के लिए क्लब के सदस्यों के वित्तीय समर्थन से आगे कदम बढ़ाया था। हालांकि यह आर्थिक तौर पर व्यवहार्य नहीं था, लेकिन सदस्यों की उदारता ने इसे बिना किसी हिचकी के बनाए रखा। 25 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ, स्कूल एक विशाल संस्थान बन गया है जो कि किंडरगार्टन से माध्यमिक स्तर तक 2,500 बच्चों को शिक्षा प्रदान करता है। सीबीएसई पाठ्यक्रम के बाद, क्लब ने रोटरी सेंट्रल स्कूल के नाम को अपना लिया।

क्लब के अध्यक्ष श्रीकांत कामथ कहते हैं कि छात्रों के व्यक्तित्व और मूल्यों के समग्र विकास पर जोर देने के साथ, स्कूल ने प्रत्येक वर्ष सार्वजनिक परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल करने का रिकॉर्ड बनाया है।

रोटेरियन हाल डी में साफ की गई ताज़ी कडलाकेरे झील में नवा की सवारी करते हुए।

स्वर्ण जयंती मनाते हुए : (बाएं से चौथे) क्लब अध्यक्ष श्रीकान्त कामत और (बाएं से आठवें) डीजी सुरेश चेंगप्पा, मुख्य अतिथि डी वीरेन्द्र हेग्डे, धर्माधिकारी - धर्मस्थला मंदिर; के साथ सुप्रीम कोर्ट जड्ज एस अब्दुल नज़ीर; कर्नाटका हाई कोर्ट जड्ज बी वी नागर्तना और अन्य सदस्य।

रोटालेक्स

एक विस्तारित हो रहे बस्ती में लोगों को संघर्ष करता हुआ देखकर, क्लब एक दशक पहले पानी की कमी से पीडति लोगों के बचाव में आगे आई। प्रसिद्ध मंजूनाथ मंदिर और राज्य सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता के बल पर मराटेलैक्सफ परियोजना को धर्मशाला में निष्पादित किया गया। कड्लाकेरे नामक एक विशाल झील को फिर से जीवंत करने के लिए करीब ₹1 करोड़ खर्च किया गया। ''अब तक, हमने दो प्रमुख झीलों की सफाई कर उन्हें पुनर्जीवित किया है; इस साल, हम दो और झीलों को साफ और पुनर्जीवित करेंगे। हमारा लक्ष्य शहर में और आसपास के सभी 18 झीलों को पुनर्जीवित करना है,'' कामथ जी कहते है। रोटलैक्स के लिए ₹3 करोड़ की अस्थायी राशि आवंटित की गई है।

क्लब ने ₹25 लाख की कुल लागत पर अब तक 100 शौचालयों का निर्माण करवाया हैं ''और 100 अधिक शौचालयों का निर्माण का कार्य विचाराधीन है।

श्रीकांत कामथ अध्यक्ष,
रोटरी कल्ब मूडबिड्री

गरीबों के लिए शौचालय

वर्ष 2015 में प्रोजेक्ट रोटालेटे को शुरू किया गया था ताकि संपूर्ण क्षेत्र में ग्रामीण और वंचित परिवारों को शौचालय सह स्नानगृह उपलब्ध कराया जा सकें। क्लब ने ₹25 लाख की कुल लागत पर अब तक 100 शौचालयों का निर्माण करवाया हैं ''और 100 अधिक शौचालयों का निर्माण का कार्य विचाराधीन है,'' क्लब के अध्यक्ष कहते है। रोटरी शौचालयों को सरकार द्वारा बहुत सराहना की गई है और मीडिया द्वारा इस तरह के प्रयासों के लिए रोटरी का बहुत प्रचार किया जाता है।

एक रोटालेट स्थल।

स्वर्ण जयंती माइलस्टोन के उपलक्ष्य में, क्लब ने हाल ही में ₹70 लाख की लागत से एक ब्लड बैंक का उद्घाटन किया है। एक क्लब के सदस्य, जे जे पिंटो कहते हैं, ''हम समाज के लिए उत्सव के याद रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण देना चाहते हैं।''

''स्थापना के बाद से, हमने 87 सक्रिय सदस्यों और तीन चार्टर सदस्यों की वर्तमान सदस्यता के साथ एक लंबा सफर तय किया है। इसमें तीन प्रमुख दाताओं और 57 पॉल हैरिस फेलो शामिल हैं,'' कामथ जी गर्व से कहते है। उन्हें विश्वास है कि टीआरएफ. में 5,000 डॉलर दान करने के क्लब के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया जाएगा, जिसमें से 3,000 डॉलर पहले ही दिया जा चुका हैं। ■

मंडल 3232 का भव्य सम्मेलन

वी मुत्तुकुमारण

सेवा परियोजनाओं को पूरा करने के पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आईटी प्लेटफार्मों और प्रणालियों जैसे नवीन, अभिनव माध्यमों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आरआई के अध्यक्ष के प्रतिनिधि पीआरआईडी माइकल एहलबर्ग ने मंडल 3232 के *वान्नंगल* सम्मेलन में कहा कि यह आरआई अध्यक्ष इयान रिसेली के छह प्रिय विषयों में से एक है, जिन्होंने आठ सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया है, जिसमें रोटरी के भविष्य के स्पष्ट दृष्टिकोण से लिसे युवा पीडीजी शामिल हैं। उन्होंने रोटरी को बेहतर तरीके से आमजन के मध्य समाजों को बदलने वाली एक प्रासंगिक संस्था के रूप में प्रस्तुत करने के लिए अध्यक्ष रिसेली के दृष्टिकोण और योजना का उल्लेख किया।

एहलबर्ग ने आगे कहा: ''इयन चाहते है कि सभी क्लब दो संख्याओं को रिकॉर्ड करें - जिसमें पहला है परियोजनाओं पर व्यय किए गए मानवीय कार्य के घंटे, और उन सभी परियोजनाओं पर खर्च की गई संपूर्ण राशि।'' इसके बाद सदस्यता की बारी आती है, जो विकास के लिए महत्वपूर्ण है और यहाँ महिलाओं और युवा सदस्यों को शामिल करने पर अवश्य ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, जो सकारात्मक परिवर्तन का सूत्रपात कर सकते हैं। पुन: उन्होंने आगे कहा, ''हमें समूह सांस्कृतिक विनियमों को फिर से संगठित करना होगा, जो देश की सीमाओं के परे मित्रता को बढावा देने के लिए जीएसई का स्थान ले सकता हैं। और, अगर हम इस धरा पर एक स्थायी जीवन जीना चाहते हैं, तो प्रत्येक रोटरीयन को एक पेड. अवश्य लगाना चाहिए... एक रोटरी वर्ष में लगभग 1.2 मिलियन नए पेड. लगाए जाने चाहिए।''

रोटरी इंडिया को अधिक सदस्यता बनाने चाहिए

आरआई के निदेशक सी भास्कर ने कहा कि जिला गवर्नरों और क्लब अध्यक्षों को नियमित रूप से नए पदों के पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित करना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कार्यक्रमों को महत्व नहीं दिया जाता है। विदेशी स्थानों में ऐसे प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने और मछुट्टी बितानेफ जाने वाले पदाधिकारियों के बजाय, ''हम इस तरह की बैठकों का आयोजन मंडलों में करेंगे।'' उन्होंने सवालिया लहजें में पूछा कि - क्या क्लब की बैठकें उद्देश्यपूर्ण होती हैं; क्या वहां कार्यों की योजना तैयार की जाती है; और क्या अनुवर्ती कार्रवाई की जा जाती है - उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा,

दक्षाणावर्त, बाएं से : सुजाता, डीजी आर श्रीनिवासन, आरआईडी माइकल अलबेर्ग और चार्लेट चेन्नई, में मंडल सम्मेलन में।

बाएं से : अपोलो हस्पताल के चेयरमेन डॉ पी सी रेड्डी, पीआरआईडी पी टी प्रभाकर, चार्लेट, आरआईडी माइकल अहलबेर्ग, आरआईडी सी भास्कर और माला भासकर।

''सेवा कायी पर ध्यान देने के बजाय, क्लब के सदस्य आजकल चुनावों में अधिक रुचि लेते है।''

एक निराशाजनक टिप्पणी करते हुए, उन्होंने स्वर्गीय सेम ओवरी के साथ अपने वार्तालाप को याद किया। जब भास्कर जी ने गर्व से कहा कि भारत रोटरी सदस्यता में 10 प्रतिशत का योगदान करता है, तब आरआईडी की प्रशंसा करने के बजाय, ओवरी ने उन्हें बताया कि जब भारत की आबादी 1.2 अरब है, तो इसके एक प्रतिशत लोग रोटरी के सदस्य क्यों नहीं बन सकते हैं। आखरिकार स्वीड्न की आबादी का 1 प्रतिशत रोटेरियन है। इस तर्क ने उन्हें वास्तव में सोचने पर मजबूर कर दिया, आरआईडी ने कहा और उन्होंने रोटेरियन से आग्रह किया कि वे अच्छी तरह से योग्य दोस्तों और पेशेवरों को रोटरी में शामिल करें। ''नियमित रूप से बैठकों में अपने सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद क्लब के अध्यक्षों को सामाजिक और सामुदायिक परियोजनाओं को निष्पादित करने पर ध्यान देना चाहिए'', उन्होंने आगे कहा।

टीआरएफ को 100 डॉलर का योगदान

टीआरएफ.में योगदान देने का आग्रह करने से पहले चैरिटेबल परियोजनाओं और अन्य गतिविधियों के बारे में अपने सदस्यों को समझाना क्लब के अध्यक्षों का कर्तव्य है। विनम्र अनुनय और आश्वस्तकारी वार्तालाप से, ''प्रत्येक रोटेरियन को कम से कम 100 दान करने के लिए मनाया जा सकता है। इकसे लिए उन्हें अवश्य पता होना चाहिए, कि उनके पैसे का इस्तेमाल सोमालिया में एक बीमार बच्चे को भोजन कराने, फिलीपींस में एक बेसहारा महिला की मदद करने, या ग्वाटेमाला में एक नशीली दवा के शिकार व्यक्ति के पुनर्वास के लिए खर्च किया जाएगा। उनके सभी पैसे का इस्तेमाल जनकल्याण के कार्यों के लिए किया जाएगा।'' रोटरी क्लब चेन्नई ईस्ट आरए पुरम के सम्मेलन के अध्यक्ष सेल्वम अलगप्पन को आरआई निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया।

> टीआरएफ.में योगदान से उनके पैसे का इस्तेमाल सोमालिया में एक बीमार बच्चे को भोजन कराने, फिलीपींस में एक बेसहारा महिला की मदद करने, या ग्वाटेमाला में एक नशीली दवा के शिकार व्यक्ति के पुनर्वास के लिए खर्च किया जाएगा।
>
> रो ई निदेशक **सी भास्कर**

रोटरी, अपोलो का गठबंधन

पीआर प्रभाकर ने अपने संबोधन भाषण के दौरान कहा कि वाहनों, एम्बुलेंस और कंपनियों द्वारा दान किए गए अन्य वाहनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा देने के लिए रोटरी ने अपोलो हॉस्पिटल्स के साथ गठबंधन किया है।

अपोलो अस्पताल के चेयरमैन डॉ प्रताप सी रेड्डी ने कहा कि अपरिहार्य मृत्यु दर चिंता का कारण है और ''80,000-मजबूत लोगों का अपोलो परिवार देशभर के ग्रामीण इलाकों में एनसीडी के सूनामी को रोकने के लिए रोटरी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए तत्पर हैं।'' उन्होंने बताया कि गैर-संचारी रोग (एनसीडी) जैसे कि मधुमेह, हृदय से संबंधित बीमारियों, स्ट्रोक, रक्तचाप, कैंसर और उच्च रक्तचाप से देश में 6,000 लोग हर रोज मरते हैं।

डीजी आर श्रीनिवासन ने मंडल रोटेरियन द्वारा की गई विभिन्न सेवा परियोजनाओं का विवरण दिया। यह विघटित मंडल 3230 का प्रथम मंडल सम्मेलन है। इस वर्ष अब तक 10 नए क्लबों का गठन किया गया है और क्लब के नेतृत्व के लिए व्यापक तरीके से प्रशिक्षण का विस्तार किया जा रहा है, उन्होंने कहा।

बाएं से : डीजीएन जी चन्द्रमोहन, पीडीजी नटराजन नागोजी, कमला सेल्वम, माला भास्कर, आरआईडी सी भास्कर, सम्मेलन चेयरमेन पी आर सेल्वम अलगप्पन, रोटेरियन राघवेन्द्र राव, रोटरी फाउन्डर पॉल हारिस की शिल्प के साथ।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए तमिल भाषा और संस्कृति मंत्री के पंढीजन ने रोटेरियन से सरकार के एक महत्वाकांक्षी परियोजना में किसानों का मार्गदर्शन करने के लिए आग्रह किया जिसके अंतर्गत ₹6,400 करोड़ व्यय कर ग्रामीण इलाकों को बदलने का लक्ष्य रखा गया।

इसके पीछे विचार यह विचार था कि 25-30 किसानों का समूह बनाया जाएं और उनमें उद्यमिता कौशल विकसित किया जाएं ताकि उन्हें आजीविका के लिए अकेले खेती पर निर्भर रहने की आवश्यकता न हो। ''हम इस दृष्टिकोण से विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना में कम से कम 12,000 मिड्कैप वाली ग्रामीण कंपनियां स्थापित कर सकते हैं। अपनी बौद्धिक क्षमताओं को सेवा क्षेत्र के माध्यम से बेहतर ढ़ंग से इस्तेमाल करने के लिए रोटेरियन सलाहकार के रूप में शामिल हो सकते हैं,'' उन्होंने आगे कहा।

एक रंगारंग उद्घाटन

सम्मेलन में डीजी श्रीनिवासन, उनकी अर्द्धांगिनी सुजाता, आरआईपीआर एहलबर्ग और उनकी पत्नी चालीट एक बग्धी से आएं और उनके पीछे क्लब अध्यक्ष और मंडल अधिकारियों का दल 30 विंटेज कारों के एक कारवां में सम्मेलन स्थल पर पहुँचा।

जुलूस में 13 फ्लोट थे जो कि मंडलों की प्रमुख परियोजनाओं को दर्शा रहे थे, और रोटरी के वाहन जिनका इस्तेमाल रक्त बैंक, एम्बुलेंस और मोबाइल हेल्थ कैंपों के लिए किया जाता था।

पॉल हैरिस की प्रतिमा

रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस की एक विशाल-आकार की प्रतिमा का अनावरण एहलबर्ग द्वारा किया गया। यह प्रतिमा रोटरी के इवान्स्टन, शिकागो स्थित मुख्यालय के समान ही है और इसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मूर्तिकार मुनुस्वामी ने बनाया था। मूर्ति को रोटरी क्लब मद्रास मेट्रो द्वारा प्रायोजित किया गया था।

एक और विशिष्ता रोटरी क्लब मद्रास पल्लव द्वारा प्रायोजित कक्ष 711 का प्रदर्शन था, जिसमें उस सामान्य कक्ष की अनुकृति की गई थी जिसमें रोटरी की पहली बैठक का आयोजन 1905 में शिकागो में किया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय स्पर्श

रोट्रैक्टर ने 219 देशों के झंडों वाले मार्च पास्ट का आयोजन किया, जिन देशों में रोटरी अपने कार्यों को संचालित करती है और चेन्नई में 11 रोटेरियन को सम्मानित किया गया जो मानडी कॉन्सल जनरल के रूप में कार्य करते हैं।

रोटरी के नेताओं की उपस्थिति में पूर्व क्रिकेटर सईद किरमानी ने ऑफ स्पिनर आर अश्विन को चेन्नई अवॉर्ड का प्रतीक प्रस्तुत किया। इसके अलावा, फिल्म अभिनेता और मिमिक्री कलाकार जयराम को तीन दशकों तक 200 से अधिक फिल्मों में अभिनय के लिए रोटरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सम्मेलन में लिए 2,500 रोटेरियन ने भाग लिया था जिसमें केन्या से 38 रोटेरियन, ऑस्ट्रेलिया से 25, बेल्जियम के 18 और कनाडा से सात रोटेरियन शामिल थे।

चित्र : वि मुत्तुकुमारण

चालक की सीट पर महिला

जयश्री

रोटरी क्लब जमशेदपुर स्टील सिटी, मंडल 3250, ने पेशेवर ड्राइवरों के रूप में महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए पेम्बो-मारुती ड्राइविंग स्कूल के साथ गठबंधन स्थापित किया है। ''महिला कार चालकों के लिए आय के पर्याप्त अवसर उपलब्ध है। माता-पिता सुविधा महसूस करते हैं और महिला चालकों के साथ अपने बेटियों को स्कूल और कार्यालय भेजना सुरक्षित मानते हैं। हमे पता चला हैं कि उबेर और ओला महिला चालकों की भर्ती करने की योजना बना रहे हैं,'' क्लब के अध्यक्षा अल्पा परीख कहती हैं।

शुरू में छह युवा महिलाओं का नामांकन कक्षा के लिए किया गया था ''जमशेदपुर में समीप से आये हुए आदिवासी समुदायों आबादी निवास करती है, जिन्हें टिस्को जैसी कंपनियों में कार्य पर नियुक्त किया जाता हैं। महिलाओं को घरेलू कार्यों को करने के लिए सहायक या माली के रूप में कार्य पर नियुक्त किया जाता है। हम ऐसी महिलाओं या उनके बच्चों की पहचान पाठ्यक्रम के लिए करते हैं,'' क्लब सचिव पर्णिका अग्रवाल कहती हैं।

ड्राइविंग स्कूल में सिमुलेशन और सड़क पर ड्राइविंग सहित सिद्धांत और व्यावहारिक रूप से विस्तृत कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। ''पहले दिन जब मैंने स्टीयरिंग संभाला तो मुझे बहुत खुशी हुई। मुझे लगा जैसे मैं एक हवाई जहाज उड़ रहा थी,'' एक छात्रा, अलीशा माथुर कहती हैं।

प्रत्येक कक्षा की अवधि 40 दिन की है। कोर्स के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए ₹1000 का मामूली शुल्क छात्राओं से वसूल किया जाता है। शुल्क के हिस्से के रूप में क्लब ₹4,500 का भुगतान करती है, पर्णिका आगे कहती हैं। स्कूल छात्रों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आरटीओ के साथ समन्वय करता है। लडकियाँ अतिरिक्त कक्षाओं के लिए नामांकन करा सकती हैं यदि उन्हें अधिक प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है या जब तक वे सड़क पर स्वतंत्र रूप से ड्राइव करने के लिए आत्मविश्वास प्राप्त नहीं कर लेती है।

''मैं अब अपने चाचा जी का ऑल्टो चला रही हूँ। मेरे परिवार में हर कोई, विशेष रूप से मेरी माँ, मुझ पर बहुत गर्व करती है। यह सब मेरे लिए एक सपने की तरह है,'' एक अन्य छात्रा भावना आरोरा कहती हैं।

डीजी विवेक कुमार ने पाठ्यक्रम पूरा होने के उपरांत उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया।

''दो छात्राओं ने टाटा मोटर्स के डीलर के साथ साक्षात्कार के एक दौर में भाग लिया था। उनके ड्राइवरों के रूप में कंपनी द्वारा काम पर रखने की अधिक संभावना है,'' पर्णिका कहती हैं। क्लब अगला पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए तैयार है। ■

विज्ञान प्रगति पथ पर

जयश्री



कूर्ग में मदिकेरी में सरकारी स्कूल में, कक्षा 8, 9 और 10 के छात्र बहुत उत्साहित हैं; कुछ लड़के अपने रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान और भौतिकी के पाठों को बहुत ही उत्साह के साथ जल्दी जल्दी दोहराने में व्यस्त हैं। इसका कारण है कि: वे सभी मोबाइल विज्ञान वैन, *विघ्ना वाहिनी* की आगवानी की तैयारी कर रहे हैं, और शिक्षकों तांबे के लवण सल्फ्यूरिक एसिड बनाने के प्रयोगों के लिए विभिन्न उपकरणों - ब्यूरेट, पिपेट, शंक्वकार फ्लास्क, टेस्ट ट्यूबों को बाहर निकालने में व्यस्त हैं; वे बच्चों को बतायेंगे कि एक थर्मीस्टैट कैसे काम करता है और जिनके ज्ञान को आत्मसात करने के लिए सभी बच्चें इतने लंबे तक मुद्रित वस्तुओं पर निर्भर रहे है।

इस स्कूल में एक भी विज्ञान प्रयोगशाला नहीं है और वैन वास्तव में छात्रों के लिए एक वरदान से कम नहीं है। मोबाइल विज्ञान प्रयोगशाला, की तीन ऐसी ही वैन, रोटरी फाउंडेशन और सेंट्रल चेस्टर काउंटी के रोटरी क्लब (लायनविले), मंडल 7450, फिलाडेल्फिया के वैश्विक अनुदान के वित्त पोषण से, रोटरी क्लब मदिकेरी मिस्टी हिल्स, मंडल 3181 की एक पहल है।

''हमें स्वामी विवेकानंद युवा आंदोलन (एसवीवाईएम) से यह विचार प्राप्त हुआ है, जो मैसूरू की एक महत्वपूर्ण संस्था है और ग्रामीण शिक्षा में विशेषज्ञ है। यह मैसूर के आसपास ऐसी ही चार वैन संचालित करता है। इसके साथ ही हमने शिक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभागों के शिक्षकों और अधिकारियों से परामर्श किया। क्लब के परियोजना संपर्क के केवी विश्वनाथ कहते हैं,'' हमारा उद्देश्य छात्रों को विज्ञान और गणित विषय में अनुभव देना है ताकि इन विषयों में उनकी रुचि जागृत की जा सकें। उन्होंने आगे बताया की इन विषयों में छात्रों की रुचि तभी जागृत की जा सकती है, जब वे अवधारणा को देखेंगे और उन्हें स्पष्ट रूप से समझेंगे।

मडिकेरी, सोमवारपेट और वीरजपेट में 99 चिन्हित स्कूलों के लगभग 15,000 हाई स्कूल के छात्रों को कवर करने के लिए वैन उन स्कूलों का दौरा करेगी। वे एक वर्ष में प्रत्येक विद्यालय का चार बार दौरा करेंगे और एसवीवाईएम द्वारा चयनित और

सामने का पृष्ठ : एक कक्षा में एक विज्ञान प्रयोग प्रगति में। बाएं : एक विज्ञानिक/गणित प्रयोगशाला वेन।

यह विज्ञान के विभिन्न पहलुओं की व्याख्या करने और बच्चों में गणित के लिए रुचि उत्पन्न करने का एक आकर्षक तरीका है।

के के विश्वनाथन
परियोजना प्रभारी

प्रशिक्षित शिक्षक प्रयोगशाला कक्षाओं का आयोजन करेंगे। स्कूल के शिक्षकों को भी इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रत्येक वैन, मारुति इको, एक प्रोजेक्टर, यूपीएस, बैटरी, लैपटॉप और एक 250 फीट लंबे तार से लैस है। विश्वनाथ कहते हैं, ''हमारे कर्मचारी विद्यालय में पढ़ाए जा रहे पाठ के अनुसार उपकरण और सामग्री ले कर स्कूल जाएंगे।'' वैन को पार्क करने और प्रयोगशाला के उपकरण और सामग्री को स्टोर करने के लिए प्रत्येक मंडल में एक घर किराए पर लिया गया है। वैन उस मंडल के स्कूलों का दौरा करेंगी। ''हमने अपने इलाके में स्कूलों की यात्रा की निगरानी के लिए मंडल के सभी क्लबों को शामिल किया है; एक भूतपूर्व सहायक गवर्नर को प्रत्येक वैन की समूची प्रशासनिक व्यवस्था सँभालने और स्टॉक की देखभाल करने का दायित्व सौंपा गया है।''

परियोजना की कुल लागत 35,000 थी, जबकि परिचालन लागत 10 लाख रुपये प्रति वर्ष आती है। इसका वहन एसवीवाईएम द्वारा किया जाता है। ''हमने अपने उद्घाटन के एक वर्ष के भीतर स्कूलों से अद्भुत प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। यह विज्ञान के विभिन्न पहलुओं की व्याख्या करने और बच्चों में गणित के लिए रुचि उत्पन्न करने का एक आकर्षक तरीका है,'' विश्वनाथ जी आगे कहते हैं। ■

पानी बचाने के प्रति बच्चों को संवेदनशील बनाना

टीम रोटरी न्यूज़



रोटरी क्लब जम्मू एलीट की अध्यक्ष नुपुर सांधू, ADG NCC (जम्मू और कशमीर) मेजर जेनरल एन कुमार (बाएं) और कैडेट्स के साथ।

मंडल 3070 का नव अधिकृत अखिल महिला क्लब, जम्मू एलीट का रोटरी क्लब, ने जल संरक्षण पर जागरूकता फ़ैलाने के लिए एक शॉर्ट फिल्म लांच की। क्लब की अध्यक्ष नुपुर एम. सांधू द्वारा निर्मित इस साढ़े पांच मिनट के वीडियो को हाल ही में राज भवन में जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल एन एन वोहरा द्वारा विमोचित किया गया।

राज्य शिक्षा विभाग की अनुशंसा पर इस फिल्म को लगभग 15 लाख बच्चों को दिखाया गया, नुपुर कहती है। फिल्म एक NCC प्रशिक्षण परिसर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। ''फिल्म से दोहरी प्रेरणा मिल सकती है - एक तरफ जहाँ इसमें पानी को बचाने की जरुरत बताई गई है, वहीं दूसरी तरफ यह बच्चों को NCC कैडेट्स के रूप में प्रशिक्षित होने के लिए प्रेरित करती है जो बेहतर अनुशासन सीखने में उनकी मदद करेगा,'' वह आगे कहती है।

इस वीडियो को मंडल सम्मेलन में दिखाया गया और कार्यक्रम में रोई अध्यक्ष प्रतिनिधि पीडीजी ईमैनुअल कतोंगोल, मंडल 9211, यूगांडा, द्वारा इसकी प्रशंसा की गई। ■

शाही अंदाज़ में मंडल 3231 का उत्सव

किरण ज़ेहरा

मंडल 3230 से अलग हुए रोई मंडल 3231 ने हाल ही में अपना पहला मंडल सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें 3,500 से ज्यादा रोटेरियन अपने परिवार के साथ शामिल हुए। थाईलैंड से मंडल 3340 के पीडीजी सीरी इयामचामरूनर्प रोई अध्यक्ष के प्रतिनिधि थे। सम्मेलन के अध्यक्ष एम श्रीनिवासन और पीडीजी एसवीआरएम अबिरामी रामनाथन ने वेल्लोर के अम्बालाल ग्रीनफ़ील्ड स्थित मैदान को एक कांटेदार क्षेत्र से 100,000 वर्ग फीट के एक भव्य, पूर्ण रूप से वातानुकूलित सभामण्डप में परिवर्तित करने के लिए कड़ी मेहनत की।

श्रीनिवासन ने कहा, ''सम्मेलन स्थल को एक महल की तरह डिज़ाइन किया गया;'' समूची आकृति को तैयार करने में मुंबई, हैदराबाद और दिल्ली से आए 250 कलाकारों को छह माह का समय लगा। इस सभामण्डप को स्थापित करने में आई ₹2.25 करोड़ की लागत को प्रायोजित करने का श्रेय हमें पीडीजी अबिरामी रामनाथन को देना होगा। हम कोई होटल या कोई अन्य तैयार स्थल का चुनाव कर सकते थे; लेकिन हम इस समारोह को यादगार बनाना चाहते थे। 300 एन्स और एनेट्स द्वारा दी गई संगीत, एक नृत्य प्रदर्शन, की प्रस्तुति अत्यंत मनमोहक थी। महतरिया रा, जयंथश्री बालकृष्णन, राजनेता अंबुमणि रामदास और तमिल फिल्म निदेशक भारतीराजा जैसे अतिथि वक्ताओं ने सेवा और महिला सशक्तिकरण पर बात की और रोटरी द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यों के लिए उसको धन्यवाद दिया।

अबिरामी मेगा मॉल द्वारा प्रायोजित अबिरामी पुरस्कार ने ना केवल मनोरंजन उद्योग के तमिल कलाकारों की प्रशंसा की एवं उन्हें सम्मानित किया, बल्कि मनोरंजन के स्तर का ध्यान भी रखा। समारोह में प्रभु, साईं धनशिका (कबाली फेम), शरतकुमार और राधिका शामिल हुए।

25,000 बीज गेंद बोने, चिकित्सीय शिविरों को आयोजित करने और एड्स, कैंसर एवं डेंगू पर जागरूकता फैलाने के अलावा, मंडल 3231 चेन्नई के बाहरी इलाकों में स्थित अम्बुर और कल्लिकुपम गाँव के *नारिकुरावर* (जिप्सी) जनजाति के लिए 164 घरों के निर्माण का निधीयन भी कर रहा है। 300 वर्ग फीट क्षेत्र वाले प्रत्येक घर में एक बेडरूम, हॉल, किचन और एक शौचालय शामिल है और इसकी लागत ₹3 लाख है। ''हम केवल समारोहों पर पैसा खर्च नहीं करते। हमारी परियोजनाएं इस बात का प्रमाण है कि हम जो भी कार्य करते है उसमें एक क्लास होती है,'' उन्होंने कहा, आगे कहते हुए कि हमने स्वयं के लिए एक मानदंड स्थापित किया है और आने वाले वर्षों में इसे बनाए रखने की आशा करते है।

सम्मेलन की सफलता के लिए अपने मूल दल का धन्यवाद करते हुए, डीजी जवारीलाल जैन ने कहा ''इनके समर्थन और कठिन परिश्रम के बिना ये सब कभी संभव नहीं हो पाता।'' ■

तमिल फिल्म निर्देशक भारतीराजा सम्मेलन पीडीजी एस वी आर एम अभिरामी रामनाथन और उनकी पत्नी नल्लामाई को उनकी बेटी मीनाक्षी पेरियकरुप्पन और अभिनेत्री जयचित्रा की उपस्थिति में सम्मानित करते हुए।



रोटरी अनुदान ग्रामीण स्कूलों को परिवर्तित करते हैं

टीम रोटरी न्यूज़

घोती स्कूल में छात्र CAFE किटस के साथ।

शहरी, समृद्ध स्कूलों और महाराष्ट्र के दूर-दराज के सुविधाओं से वंचित, आदिवासी स्कूलों के मध्य बड़े अंतर को कम करने के लिए, रोटरी क्लब नासिक, मंडल 3030, ने लुईसविल मॉर्निंग क्लब (टेक्सास, यूएस - मंडल 5790) के साथ साझेदारी में एक वैश्विक अनुदान परियोजना की शुरुआत की। 70 रोटेरियनों के साथ नितिन पाठक की अध्यक्षता में एक वैश्विक अनुदान समिति गठित की गई, जिसने ग्रामीण कक्षाओं की सच्चाई को जानने के लिए नासिक के आसपास के स्कूलों का दौरा किया। उन्होंने पांच मुख्य घटक प्रदान करने का समाधान पेश किया जिसमें विद्यार्थियों के लिए मूल अध्ययन सामग्री, ई-अध्ययन सुविधाएं, शिक्षक प्रशिक्षण, वयस्क साक्षरता और स्कूलों में पुस्तकालयों की स्थापना करना शामिल है।

यूएस के दानकर्ता क्लब ने परियोजना की विस्तृत जानकारी ली और उनके दावों की वास्तविकता का पता लगाने के लिए लाभान्वित स्कूलों के बिजली के बिलों की भी जाँच की। उस क्लब की एक प्रतिनिधि कैरोलिन ने घोटी का दौरा किया और इन स्कूलों में ऐसी परियोजना की आवश्यकता से संतुष्ट हुई। पिछले वर्ष जब अनिल सुकेनकर अध्यक्ष थे तब क्लब ने 40,000 डॉलर का अनुदान प्राप्त किया।

क्लब के सदस्य मंगेश अपशंकर कहते है, 'CAFE (चाइल्ड एडॉप्शन फॉर एजुकेशन) किट', जिसमें दो जोड़ी यूनिफ़ॉर्म, मोज़े और जूते, पांच कॉपियाँ, पानी की बोतल, स्कूल बैग, ज्योमेट्री बॉक्स और एक पेंसिल बॉक्स शामिल है, को नासिक के पास स्थित घोटी गाँव के 23 स्कूलों के 1,000 से अधिक बच्चों को वितरित किया गया।

क्लब ने ई-अध्ययन किटों को 40 स्कूलों को वितरित किया, शिक्षकों के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये और वह निर्धारित स्कूलों में पुस्तकालय स्थापित करने की प्रक्रिया में है।

चौथे घटक, वयस्क साक्षरता, की शुरुआत प्रारंभ में गाँव के स्कूलों में शिक्षकों को प्रशिक्षण देने से हुई। अपशंकर कहते है, ''दानकर्ता क्लब को एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी और रोई भी कम से कम तीन वर्ष तक आधिकारिक दौरों और कार्यक्षेत्र पर प्रलेखन के माध्यम से परियोजना की इस गतिविधि के हिस्से के प्रभाव की सघन निगरानी करेगा।'' चवालीस इनट्रैक्ट और आठ रोट्रैक्ट क्लब नियमित रूप से इन स्कूलों में वयस्क साक्षरता परियोजनाएं और शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करते है।

''विचार सभी को समान अवसर प्रदान करने का है। शिक्षण सामग्री, जूते, किताबें, यूनिफार्म आदि बुनियादी सुविधाओं की कमी को शिक्षा ग्रहण करने के बीच नहीं आना चाहिए,'' परियोजना के प्रभारी और अध्यक्ष-निर्वाचित राधेया एओले कहते है।

विचार सभी को समान अवसर प्रदान करने का है। शिक्षण सामग्री, जूते, किताबें, यूनिफार्म आदि बुनियादी सुविधाओं की कमी को शिक्षा ग्रहण करने के बीच नहीं आना चाहिए।

राधेय एओले

अध्यक्ष निर्वचित, रोटरी क्लब नासिक

थेलेसिमिया शिविर

नासिक सेंटर ऑफ़ PATUT (पैरेंट एसोसिएशन ऑफ़ थेलेसिमिया यूनिट ट्रस्ट) के सहयोग से नासिक के पुणे विद्यार्थी गृह स्कूल और धोंडेगाँव के आश्रम शाला में थेलेसिमिया शिविर आयोजित किये गए। दोनों स्कूलों में 600 बच्चों की जाँच की गई जिनमें से 15 बच्चे थेलेसिमिया माइनर से, 5 बच्चे सिकल सेल से और 196 बच्चे रक्त की कमी से पीड़ित पाए गए।

पीड़ित बच्चों के माता-पिताओं को परामर्श दिया गया। रोटेरियनों ने स्कूल प्रबंधन को खाने में कुछ साधारण से परिवर्तन करने की सलाह दी ताकि उसे अधिक पौष्टिक बनाया जा सके। ■

और एक कविता बनाना

वी मुत्तुकुमारण

रोटरी क्लब मद्रास ईस्ट, मंडल 3232, अपने विगत 19 सालों से एक व्यावसायिक केंद्र चलाने में अपने अनुभव का लाभ उठाते हुए अब चेन्नई के बाहरी इलाके थोरैपाककम में कौशल विकास के लिए दूसरा केंद्र स्थापित किया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को एक स्थायी जीवन के लिए तैयार करना है।

बैम्समैनपेट सामुदायिक कॉलेज के पूर्व केंद्र पर बेकरी और कन्फेक्शनरी; पैरा मेडिकल; प्रयोगशाला सहायक; कंप्यूटर हार्डवेयर-सह-मिलान; और स्पोकन अंग्रेजी में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। 1100 से अधिक छात्रों ने केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिनमें से करीब 90 प्रतिशत लोग विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत हैं।

क्लब के अध्यक्ष बी. एस. पुरुषोत्तम, कविथा की सफलता की कहानी कहते हैं, जिसने स्कूल जाना छोड़ दिया था। उनके पिता चेन्नई निगम में मेहतर के रू प में काम कर रहे थे, जिन्हें प्रति माह ₹2,000 तनख्वाह मिलता था। ''कविता ने केंद्र द्वारा उपलब्ध कराए गए सॉफ्टवेयर पाठ्यक्रम को सीखने में छह महीने का समय लगाया, और परीक्षा में टॉपर बनी। पाठ्यक्रम के लिए हमारे उद्योग के भागीदार ने उन्हें प्लेसमेंट उपलब्ध करवाया और आज 10 सालों के बाद वह प्रति माह 90,000 रुपये से अधिक कमा रही है। उसने अपने भाई-बहनों के लिए शिक्षा की व्यवस्था की है और उसके परिवार के सदस्य आत्मनिर्भर हैं और अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। वंचित वर्गों को उत्प्रेरित करने और उन्हें रोजगार प्रदान करने का यह व्यापक प्रभाव क्षेत्र हमारा ध्यानाकर्षण का मुख्य बिंदु रहा है। वह आज हमारे कार्यक्रम का एक प्रचारक बन गई है और हमारे समुदायों में और कविथा का निर्माण करना हमारा उद्देश्य है।''

थोरैपक्कम के नए केंद्र की स्थापना ''गरीबों को दुर्लभ संसाधनों तक पहुँच प्रदान करने के सिद्धांतों के आधार पर की गई है। मांग के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद, हमने पाया कि प्लंबिंग, टेलरिंग और सॉफ्टवेयर विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर्मियों के लिए बहुत अधिक मांग थी,'' वह कहते हैं। इन पाठ्यक्रमों को कोहलर, ग्रंडफोस, इंडियन टेरियन और फ्रेश वर्क्स जैसे उद्योग भागीदारों की सहायता से पढ़ाया

रोटरी क्लब मद्रास ईस्ट के अध्यक्ष बी एस पुरुषोत्तम (बाएं से दूसरे) राज्य मंत्री तमिल भाषा और कला, के पांडियराजन को सम्मानित करते हुए। चित्र में (दाएं से) क्लब सचिव पापाराव नल्लूरु, आईपीपी के अनन्त और वोकेशनल सर्वीस निर्देशक एस परमेश्वर भी शामिल हैं।

जाएगा। प्रत्येक अनुशासन में एक वर्ष की अवधि में 150 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा और कार्यस्थल पर स्पोकन अंग्रेजी, शिष्टाचार और नैतिकता जैसे पूरक पाठ्यक्रम में भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

अपनी पहल के लिए क्लब की सराहना करते हुए, तमिल भाषा और संस्कृति मंत्री के पंढीजन ने समाज के वंचित वर्गों तक पहुंचने के लिए क्लब के कायों के लिए राजकीय सहयोग दिलाने का आश्वासन दिलाया।

पुरूषोथम जी ने कहा कि क्लब ने नए केंद्र में बुनियादी ढांचे के लिए ₹35 लाख खर्च किए हैं, लेकिन कुल निवेश लगभग ₹1 करोड.होगा।

भीमन्नापेट कम्युनिटि कॉलेज में एक प्रशिक्षण प्रगति में।

नैतिक शिक्षा

महिंद्रा प्राइड द्वारा मूल्य-आधारित शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि ''उम्मीदवारों के प्रति नियोक्ता के प्रति वफादारीङ्क एक ग्राहक-केंद्रित कार्य नैतिकता को विकसित किया जा सके जो कि आज के युवाओं में दुर्लभ है।'' यह प्रयास यह सुनिश्चित करेगा कि नियोक्ता अपने उद्यमों में कुशल युवाओं की भती के लिए केंद्र में वापस आएं।

कनाडा और इटली के चार रोटेरियन सहित कटारकी- किंग्स्टन रोटरी क्लब के पीडीजी बिल ग्रे ने नए प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया और एक जरूरत के अनुसार छात्रों को आवश्यक कौशल से लैस करने के लिए सक्षम सुविधाओं से प्रभावित हुए। ■

सम्मेलन

वहन के विकल्प

रेंडी डुज़िन

टोरंटो में 23 से 27 जून तक तक चलने वाले 2018 रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन के लिए पियरसन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुँचने के बाद, शहर में जाने के लिए आवागमन के अनेक साधन उपलब्ध हैं।

आप एक टैक्सी या एयरपोर्ट लिमो ले सकते हैं। यदि आप स्वयं क्षेत्र का भ्रमण करना चाहते हैं, तो आप कार किराए पर ले सकते हैं लेकिन आप एक्सप्रेस लाइट रेल ट्रेन या सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से पैसा बचा सकते हैं।

यूनियन पियर्सन एक्सप्रेस हर 15 मिनट में यूनियन स्टेशन के लिए हवाईअड्डा प्रस्थान करती है। 25-मिनट की सवारी के लिए राउंड-ट्रिप टिकट की कीमत CA$ 24.70 है; वरिष्ठों नागरिकों को आधी राशि का भुगतान करना पड़ता है।

इसके बजाय आप टोरंटो ट्रांसमिट कमीशन (जिसे आमतौर पर टीटीसी के रूप में जाना जाता है) द्वारा संचालित बसों में से एक से यात्रा कर सकते हैं। 192 एयरपोर्ट रॉकेट आपको 45 मिनट में शहर पहुंचा देगा।

टीटीसी में बसों, सबवे और स्ट्रीट कारों की एक विशाल प्रणाली शामिल है। जब तक आपके पास एक पेपर ट्रांसफर हिया, तब तक आप एक तरफा यात्रा के दौरान इन सभी सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। प्रत्येक यात्रा के लिए लगभग $3 शुल्क लगता है, और वरिष्ठ नागरिकों तथा छात्रों के लिए किराए की राशि और भी कम है, जिसका भुगतान नकद या टोकन के माध्यम से किया जा सकता है।

यदि आप सम्मेलन के दौरान टोरंटो घूमने की योजना बना रहे हैं, तो आप एक पास खरीद सकते हैं जो एक दिन ($12.50) या एक सप्ताह ($43.75, वरिष्ठ नागरिकों के लिए $34.75) के लिए शहर घूमने के लिए असीमित यात्रा करने की सुविधा प्रदान करता है।

रजिस्टर करने के लिए, *riconvention.org* पर विजिट करें।

© *The Roratorian*

शब्दों की दुनिया

अनुवादक की उच्च प्रशंसा

संध्या राव

अनुवाद पर कुछ विचार और कैसे वह दुनिया को करीब लाता हैं

कल्पना कीजिए अगर आपकी दुनिया में *डॉ ज़िवागो* और *मैडम बोवारी* *रवींद्रनाथ टैगोर, पाब्लो नेरुदा, हाफ़ेज़* और *उमर खय्याम* नहीं होते। ज़रा सोच कर देखिये सिर्फ जर्मन लोग ही दास कैपिटल को पढ़ पाते या फिर हो ची मिन्ह की *जेल डायरी* पढ़ने के लिए चीनी या वियतनामी भाषा का ज्ञान ज़रूरी होता। जहां तक सुन त्जु की *आर्ट ऑफ़ वॉर* का का सवाल है,चीनियों के सिवा इस का एहसास कौन कर पाता। बेशक, जेन ऑस्टेन और शेक्सपियर से अंग्रेजी बोलने वाले ज़रूर परिचित होते, लेकिन उनको *पंचतंत्र* और *कथासरित्सागर* की कोई जानकारी नहीं होती। *रामायण, महाभारत, इलियाद,* इस्कीलिस और हेनरिक इबसन और ऑगस्टस्ट्राइन्डबर्ग और कालिदास के नाटक ...ये ही क्या *कामसूत्र* से भी अनभिज्ञ रहते। केवल स्वीडिश बच्चों को एस्ट्रिड लिंडग्रेन पढ़ने में मज़ा में आता, जबकि वे इनिड ब्लेटन और उनके युवा साहसी गिरोह से अपरिचित ही रहते। *कुरान, बाइबल, भगवत गीता, गुरु ग्रंथ साहिब, तालमुद* तक पहुंचे बिना, हम अज्ञानी रहने के साथ साथ और अधिक अनजान होते।



ज़रा सोचिये। यह कितनी दु:ख भरी कहानी होती, एक दुखद संसार, जिसमें अच्छा या बुरा जो भी लिखा गया है, हम उस का आनंद नहीं ले पाते। उन सभी किताबों तक पहुंच पाना ही स्वतंत्रता है, जो किसी भी भाषा में लिखी या साझा की जाएं, क्योंकि यही वो जगह है जहां से भावना, विचार और चिन्तन उत्पन्न होते हैं। यही हमारे बौद्धिक पोषण और ज्ञान बढ़ाने का स्रोत है।

मन में ये विचार आते हैं क्योंकि, मेरे सामने मेज पर एक सुन्दर, मोटी सी, सजिल्द पुस्तक रखी है, गुलाम मुर्शीद लिखित - *बंगाली कल्चर ओवर ए थाउजेंड इयर्स* मूल रूप से बंगाली में लिखी गई और 2006 में ढाका में प्रकाशित हुइ थी, अभी-अभी इसका पहला अंग्रेजी अनुवाद आया है। अनुवादक हैं सरबरी सिन्हा - जो सौभाग्य से - मेरी मित्र है। हालांकि, किताब पढ़ने के भावनात्मक कारणों के बावजूद, इसकी 644-पृष्ठ की लंबाई थोड़ी चुनौतीपूर्ण थी। इसलिए, कुछ दिनों तक तो यह दराज में पड़ी रही फिर एक शाम मैंने इसे बाहर निकाला, और अनुवादक की टिप्पणी को नज़रअंदाज़ कर सीधे पहले पृष्ठ पर पहुँच गई - सॉरी, सरबरी - शीर्षक है 'द बिगिनिंग।'



''जब ग्रीक राजा मेनंद्राज बौद्ध ऋषि नागसेन से मिला, तो नागसेन ने उनसे पूछा, महाराज, आप रथ में आये हैं लेकिन क्या आप बता सकते हैं कि रथ क्या है? 'जवाब में,राजा ने कहा कि रथ पहियों के उपर बनाया गया एक वाहन है, जिसे घोड़ों द्वारा खींचा जाता है। ऋषि ने पूछा, 'फिर, घोड़ा रथ जैसा ही है क्या?' 'राजा ने कहा,' नहीं। 'क्या रथ और पहिये एक समान थे?' फिर से नहीं, और इसी प्रकार बात आगे बढ़ती रही। यदि रथ की परिभाषा बताना ही इतना मुश्किल है, तो संभवत: एक संस्कृति को परिभाषित कर पाना लगभग असंभव लगता है।''

स्पष्ट, सरल, भ्रामक, दिलचस्प - प्रस्तावना में प्रयुक्त ऐसे शब्दों के बावजूद भी मैं आगे नहीं पढ़ सका । बेशक, मैं इसे टुकड़ों में पढ़ूंगा, बल्कि रेल के सफ़रकी तरह, स्टेशन देख कर छोटे और लंबे



विराम लूंगा, लेकिन नियमित रूप से आगे बढ़ते हुए। इसकी सर्वसमावेशक परिकल्पना दिलचस्प है।बंगाली भाषा के प्रोफेसर मुर्शीद ने - बाद में लिखा है: ''बंगाली समाज को लगातार विभाजित किया गया, इसके दो प्रमुख हितधारक हैं हिंदू और मुसलमान। इतिहासकारों ने या तो बंगाली हिंदुओं का या फिर बंगाली मुसलमानों का इतिहास लिखा है, पर सम्पूर्ण बंगालीभाषी की साझा नियति पर व्यापक कार्य नहीं किया।'' अब, इस नजरिए ने मेरी आँखें खोल दी हैं, मैं अंग्रेजी अनुवाद को धन्यवाद देती हूँख।

अनुवाद एक कला है। अनुवाद का मतलब है- खून, पसीना और आँसू। मशहूर शायर फ़ैज अहमद फैज ने कहा था, अनुवाद का पहला नियम: सुनिश्चित करें कि आप कम से कम एक भाषा पूर्णतः जानते हैं। और यह सिर्फ पहला कदम है। लेकिन कई लोगों का मानना है, यह कदम ग़लत है। उनका मानना है कि अनुवाद मूलपाठ की शुचिता में हस्तक्षेप करता है। इटालियन में भी एक कहावत है, ''*तृदुतोरे, तृदितोरे*''। जिसका हिंदी में मतलब है, अनुवादक, गद्दार।

इस कहावत के पीछे, इटालियंस और फ्रेंच के बीच चली आ रही सदियों पुरानी, सांस्कृतिक प्रतिद्वंद्विता की कहानी है, और इटालियंस अपने प्रिय कवि दांते (1265-1321) के फ्रांसीसी अनुवाद को विश्वासघात की पराकाष्ठा मानते हैं । उन्हें लगा फ्रेंच ने कवि के साथ न्याय नहीं किया, न ही उसे सही ढंग से प्रस्तुत किया। वे शुरुआती दौर के कवि थे, उनका पूरा नाम दान्ते अलिग्येरी था। उनकी कृति, *डिवाइन कॉमेडी* - जिसे *कॉमेडीया* और बाद में *डिविना* (मातृभाषा में) के नाम से जानते हैं, उसे इटालियन भाषा की सबसे महान साहित्यिक कृति का दर्ज़ा प्राप्त है और माना जाता है कि इसने कई लेखकों को प्रभावित किया है, विशेष रूप से अंग्रेजी के।

कभी-कभी, हालांकि, अनुवाद में गलती ढूंढ़ने के लिए आपको ज़्यादा दूर जाने की ज़रूरत नहीं पड़ती, सीमा पार जाने की बात तो बहुत दूर है । उदाहरण के तौर पर, बंगाली में लिखित, रबींद्रनाथ टैगोर, निश्चित रूप से - दिव्य है और समृद्ध है। पर जब वो कविता नहीं लिखते थे तो चित्रकारी किया करते थे। अन्यथा उपन्यास या नाटक लिख रहे होते थे। वो ऐसे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे जिनके अस्तित्व के लिए मानव जाति सदैव आभारी रहेगी। लेकिन वो स्वयं भी अपनी रचनाओं के अंग्रेजी में सर्वश्रेष्ठ अनुवादक नहीं थे।

कुछ साल पहले एक पुस्तक के विमोचन पर लेखक गुलज़ार ने टिप्पणी की थी कि अन्य भाषाओं में टैगोर की रचनाएं उतनी खूबसूरत नहीं हैं जितनी मूल बंगाली में है। *इंडियन एक्सप्रेस* ने उन्हें उद्धृत करते हुए एक रिपोर्ट में लिखा था, ''अनुवाद का मतलब केवल दूसरी भाषा में मायने बताना नहीं है। एक भाषा में उसकी पूर्ण संस्कृति का समावेश होता है। इस भाषा के शब्दों की संस्कृति का अनुवाद करने की ज़रुरत होती है। अगर पाठक चरित्र के विभिन्न रंग और दृश्यों के परस्पर सम्बन्ध को महसूस नहीं कर सकते, तो इसका तात्पर्य है की अनुवाद सही ढंग से नहीं किया गया है।'' फिर वह कहते है, ''खुद उन्होंने टैगोर की कविता का



कुरान, बाइबल, भगवत गीता, गुरु ग्रंथ साहिब, तालमुद तक पहुंचे बिना, हम अज्ञानी रहने के साथ साथ और अधिक अनजान होते।

अनुवाद अंग्रेजी में किया था, वह भी बढ़िया नहीं है।'' गुलज़ार को टैगोर का पता 10 साल की उम्र में '*द गार्डनर*' के उर्दू अनुवाद के माध्यम से लगा।

जर्मन लेखक गुंटर ग्रास अनुवादित कार्य की व्याख्या ऐसे करते है जिसका रूपांतरण तो सम्पूर्ण कर दिया जाये और परिवर्तित कुछ भी ना हो। कितनी बड़ी उम्मीद पर नामुमकिन; क्या ऐसे विचार की अपेक्षा भी सम्भव है? और फिर आप के पास हम्प्टी डम्प्टी है जिसने *ऐलिस इन वंडरलैंड* में घोषणा की: ''जब मैं एक शब्द का उपयोग करता हूँ, इसका मतलब वही होता है जिस अभिप्राय का चयन मैंने किया है - न ज़्यादा और न ही कम।''

अब, यहां एक झटका लगता है। आप आश्चर्य में पड़ जाते हैं कि कैसे अनुवादक भाषा और संस्कृति के ज़रिये अपनी ख़तरनाक यात्राओं पर निकलने का साहस करते हैं । इसके बावजूद, वे करते हैं। उन्हें धन्यवाद है, हम पाठक, उन्हीं की वजह से दुनिया की यात्रा कर पाते हैं और इस दुनिया में रहने वाले लोगों से मिल सकते हैं, उनको उन्हीं के रूप में देख सकते हैं, उनके जीवन में भरे विभिन्न रंगों का अवलोकन कर पाते हैं ; उनके दिल की धड़कनें सुन सकते हैं और उनकी रगों में दौड़ते हुए रक्त को अपनी रगों में दौड़ता महसूस करते हैं। दुनिया भर की सैकड़ों भाषाओं में, नजीम हिकमत, मार्गरेट एटवुड, गेब्रियल गर्सिया मार्केज़, पेरुमल मुरुगन, इस्मत चुगताई, अट्टिला इल्हान, महादेवी अक्का, यूनुस एमरे, सीपी कवाफीस, महाश्वेता देवी, माया एंजेलो जैसे लेखकों व और भी कई लेखकों का काम हम तक पहुंचाने के लिए उन का आभार। ईश्वर उनका परिवार और अधिक समृद्ध करे।

स्तंभकार बच्चों की लेखिका और वरिष्ठ पत्रकार हैं।

आपके गवर्नरों से मिलें

जयश्री

उनका ध्यान बाल विकास

आर श्रीनिवासन,

होटल व्यवसायी, रोटरी क्लब चेन्नई ईस्ट आर ए पुरम, मंडल 3232

वी मुत्तुकुमारन

श्रीनिवासन कहते है, ''बाल-केन्द्रित परियोजनाओं के लिए मैं हमेशा तैयार रहता हूँ। हमारे मंडल की चिह्नक गतिविधि, *प्रोजेक्ट इंडिका*, का उद्देश्य लावारिस बच्चों और नि:शक्त लोगों की जिंदगियों को बेहतर बनाना है; वर्ष के खत्म होने से पूर्व हम कम से कम एक लाख बच्चों तक पहुँचना चाहते है। परियोजना में स्वास्थ्य शिविर, प्रतियोगिताएं, कपड़ों एवं बुनियादी जरूरतों का वितरण, और बच्चों के अस्पतालों के लिए उपकरण और बच्चों से संबंधित सब कुछ शामिल है।''

वह संतुष्ट है कि उनके मंडल ने सदस्यता लक्ष्य को पार कर लिया है और वह टीआरएफ योगदान के लक्ष्य के भी करीब पहुँच रहा है। ''हम RIPE बैरी रेसिन के आगमन पर उनके सम्मान में एक फाउंडेशन डिनर की योजना भी बना रहे है और मैं 600,000 डॉलर के टीआरएफ लक्ष्य को हासिल करने को लेकर आश्वस्त हूँ,'' वह मुस्कुराते है। सदस्यता के लिए, उन्होंने 10 नए क्लबों को अधिकृत किया है और 500 नए सदस्यों को शामिल किया है। ''यह केवल वहीं समाप्त नहीं होता है। जून के अंत तक हमारे पास 750 नए रोटेरियन होंगे।''

श्रीनिवासन 2002 में संयोगवश रोटेरियन बने; ''मैं ट्रेडमिल पर था जब एक मित्र ने मुझे उसके साथ एक रोटरी बैठक में हिस्सा लेने के लिए विवश किया और मैं क्लब में खिंचा चला गया। मेरे क्लब का अध्यक्ष बनने तक, मैं क्लब की बैठकों में शामिल हुआ करता था और बिना अधिक विचार के मेलजोल का आनंद लेता था,'' वह कहते है।

अध्यक्ष के रूप में वह चेन्नई में एक 'ट्रेन्सिट स्कूल' की स्थापना करने में सहायक रहे जो शहर में प्रवासी मजदूरों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करके मुख्यधारा स्कूल से जुड़ने में उनकी मदद करता था। स्कूल अब एक व्यावसायिक केंद्र में परिवर्तित हो चुका है और फिर से ''यह अनेक युवाओं को आय-उत्पादक अवसर प्रदान करता है। यह परियोजना मेरे दिल के करीब है।''

गवर्नर एनेट्स को विभिन्न रोटरी कार्यक्रमों में सम्मिलित करने के लिए उत्सुक है। ''मेरी इच्छा है कि हमारे बच्चों में रोटरी के लिए रूचि पैदा हो। नई पीढ़ी के रोटेरियनों को कहीं ओर ढूँढने के पूर्व हमें हमारे घरों में उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने सुनिश्चित किया कि उनके मंडल सम्मेलन में एक विशेष 'एनेट्स सम्मेलन' भी हो, और वह अत्यंत सफल रहा। उनमें अत्यंत रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प है।''



बी एम शिवराज,

स्टील निर्माता, रोटरी क्लब ठाणे नॉर्थएंड, मंडल 3142

हरियाली को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता

वह 1999 में रोटरी से जुड़े और ''तब से, एक पूर्णतः समर्पित रोटेरियन'' रहे है। शिवराज खुश है कि जयपुर फुट, स्कूली बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन और रोकबांध जैसी रोटरी परियोजनाओं ने उनके क्षेत्र में लोगों की जिंदगियों में सुधार किया है। वह कहते है, ''हालाँकि रोई अध्यक्ष इयान रिसले चाहते थे कि दुनिया भर में 1.2 मिलियन रोटेरियन उतने ही पेड़ लगाएं, हमने महाराष्ट्र भर में 1.45 मिलियन वृक्ष लगाए है,'' वह आगे कहते है कि मंडल ने महाराष्ट्र सरकार के साथ अगले दो वर्षों में 5 मिलियन पौधे लगाने के लिए एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। पालघर के आसपास के जनजातीय परिवारों के पास एक स्थायी आमदनी होगी क्योंकि उन्होंने NABARD के साथ उनकी 500 एकड़ भूमि में फलदार वृक्षों को लगाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

साल भर में किये गये विकासों - छह नए अधिकृत क्लबों के साथ सदस्यता में 500 की वृद्धि और 20 से कम सदस्यों वाले 25 क्लबों को पुनर्निर्मित कर 20 क्लब बनाना - को बताते हुए, वह कहते है, ''हमारा मंडल काफी नया है इसके बावजूद भी रोटरी यहाँ जीवंत है। हम शायद सम्मेलन नहीं करेंगे, हालाँकि हमने इसके लिए पंजीकरण किया है, क्योंकि हम टीआरएफ संचयन के लिए उन्माद पर काम करेंगे। मंडल का लक्ष्य 1 मिलियन डॉलर का है लेकिन मुझे यकीन है कि हम 3 मिलियन डॉलर इकठ्ठा कर पाएंगे,'' वह विश्वास के साथ मुस्कुराते है। वह खुश है कि मंडल में रोटारेक्ट सक्रिय है और रोटेरियन उनकी परियोजनाओं के लिए धन दे रहे है।

400 स्कूलों में ई-अध्ययन प्रदान करने एवं मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के एक वैश्विक अनुदान, जिसमें सभी 83 क्लब शामिल है, पर शिवराज ध्यान केन्द्रित कर रहे है। थेलेसीमिया को संबोधित करना भी उनके एजेंडे में है। ''मेरा लक्ष्य यह है कि अगले तीन वर्षों में मंडल में एक भी नया मामला सामने ना आए। वह सेनेटरी नैपकिन बनाने की इकाई को लेकर भी बहुत उत्सुक है जिसपर मंडल कॉर्पोरेट निधीयन की मदद से कार्य कर रहा है। प्रत्येक नैपकिन की लागत 2 रूपए से भी कम होगी लेकिन वे WHO मानकों के अनुरूप होंगे। हम चाहते है कि इस पहल से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो,'' वह कहते है।

वह चौथे स्तर के प्रमुख दानकर्ता है। उनकी पत्नी मनोंमणि ठाणे नॉर्थ एंड के इनर व्हील क्लब की चार्टर सचिव है; उनके बेटे एक रोट्रैक्टर और उनकी बेटी एक इनट्रैक्टर है।

अजय अग्रवाल,

खनन संबंधी उद्योग, रोटरी क्लब भद्रक मिडटाउन, मंडल 3262

एक सच्चा रोटेरियन

बचपन से ही रोटरी की भावना का अनुभव करते हुए मैं बड़ा हुआ हूँ,'' अजय अग्रवाल कहते है। उनके माता-पिता पॉल हैरिस सदस्य और रोटरी क्लब भद्रक के रोटेरियन है। उन्होंने तत्कालीन डीजी ललित सुरजन से वर्ष 1993 में बेस्ट रोटारेक्ट प्रेसिडेंट अवार्ड जीता और वह 1997 में एक रोटेरियन बनें। ''एक रोटारेक्टर के रूप में, मैंने अनेक पोलियो टीकाकरण शिविरों में हिस्सा लिया, दूर दराज के दुर्लभ इलाकों में मेरी बाइक या नाव से जाकर। वहाँ पर रहने वाले लोगों से संपर्क करने के लिए रोटेरियन हमें अक्सर भेजते थे। 2001 में रोटरी अध्यक्ष के रूप में, मेरे क्लब द्वारा 28,000 बच्चों को लगाए गए हेपेटाइटिस बी के टीकों को मैं कभी नहीं भूल सकता। तब वह एक कीर्तिमान था,'' वह याद करते है।

वह सेवा परियोजनाओं को बढ़ावा दे रहे है जिनमें शामिल है - कैंसर की जांच करने वाली एक वैन जो ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में जाकर गम्भीर रूप से बीमार मरीजों को मुंबई के अपोलो और कोणार्क क्रिटिकल केयर फाउंडेशन भेजेगी जिनके साथ मंडल ने समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है; भद्रक, जोड़ा, बेरहामपुर, भुवनेश्वर और कटक में पाँच डायलिसिस केन्द्रों की स्थापना; और 15 सहेली केंद्र जो पूरे मंडल में महिलाओं को कंप्यूटर, लेखाशास्त्र और सिलाई में प्रशिक्षण प्रदान करते है। वह 10 अप्रैल से शुरू होने वाले अंगदान अभियान को लेकर उत्साहित है जब उन्हें रोटारेक्टरों की सहभागिता की मदद से एक विश्व कीर्तिमान बनाने की उम्मीद है।

अग्रवाल संतुष्ट है कि 500,000 डॉलर के टीआरएफ लक्ष्य, जिसे हासिल करने का उन्हें विश्वास है, के लिए अब तक 100,000 डॉलर संयुक्त निधि में आ चुके है। ''कुछ प्रमुख दानकर्ता भी होंगे,'' वह कहते है।

अच्छे सेवा अवसरों से प्रेरित करके वह सदस्यों को रोके रखने पर ध्यान केन्द्रित कर रहे है और उनकी 10 प्रतिशत की सदस्यता बढ़त करने की योजना है। मंडल के महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति करके ''मैंने महिला सदस्यों को प्रोत्साहित किया है।'' उनकी पत्नी, रितु, रोटरी क्लब भुवनेश्वर न्यू हराइज़न की एक सदस्य है और इनर व्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष है। दोनों प्रमुख दानकर्ता है। ■

Get Rotary's free Club Locator app and find a meeting wherever you go!

www.rotary.org/clublocator

Rotary

Rotary at a glance

Rotarians	:	12,26,337
Clubs	:	35,692
Districts	:	539
Rotaractors	:	2,51,299*
Clubs	:	10,925*
Interactors	:	5,18,788*
Clubs	:	22,556*
RCC members	:	2,23,928*
RCC	:	9,736*

* As on March 1, 2018

Membership Summary

As on March 1, 2018

RI Zone	RI District	Rotary Clubs	No of Rotarians	Women Rotarians	Rotaract Clubs	Interact Clubs	RCC
5	2981	112	4,619	220	60	225	170
5	2982	67	2,997	98	61	112	43
5	3000	126	5,229	451	291	654	195
4	3011	76	3,355	644	57	108	25
4	3012	87	3,428	666	70	128	55
5	3020	94	4,236	204	117	461	351
4	3030	92	5,021	623	81	309	164
4	3040	93	2,048	217	55	121	136
4	3053	73	2,774	425	17	47	93
4	3054	130	6,393	1,015	93	307	473
4	3060	98	4,173	440	61	122	131
4	3070	103	3,020	287	68	156	54
4	3080	75	3,279	214	73	216	108
4	3090	80	2,158	93	32	36	122
4	3100*	74	1,707	75	11	72	146
6	3110	114	4,005	298	51	49	104
6	3120	78	3,330	359	37	58	51
4	3131	131	5,481	1,096	107	276	81
4	3132	105	4,109	429	66	201	138
4	3141	90	5,391	1,148	119	252	82
4	3142	83	3,131	467	68	194	65
5	3150	98	3,604	359	92	229	109
5	3160	70	2,462	129	26	48	81
5	3170	128	5,602	397	58	306	161
5	3181	71	3,118	231	33	179	104
5	3182	82	3,346	245	36	272	91
5	3190	129	5,088	593	148	355	51
5	3201	139	5,223	318	100	129	47
5	3202	128	4,855	240	104	435	46
5	3211	137	4,445	267	12	89	123
5	3212	96	3,928	267	111	272	122
5	3231	68	2,868	117	54	196	237
5	3232	103	4,099	551	141	307	80
6	3240	87	3,018	347	61	146	151
6	3250	98	3,784	675	48	207	178
6	3261	67	2,448	234	16	102	42
6	3262	96	3,290	379	44	69	75
6	3291	146	3,816	713	81	131	587
India Total		**3,724**	**1,44,878**	**15,531**	**2,760**	**7,576**	**5,072**
5	3220	68	1,915	242	83	199	77
6	3271	81	1,456	254	52	16	13
6	3272	154	3,093	447	42	36	36
6	3281	205	5,803	814	229	84	187
6	3282	141	4,046	394	132	45	38
6	3292	114	4,444	675	122	115	110
S Asia Total		**4,487**	**1,65,635**	**18,357**	**3,420**	**8,071**	**5,533**

**Non-districted.*

Source: RI South Asia Office

RYLA मनोरंजन से कई अधिक है

किरण ज़ेहरा

रोटरी क्लब फरीदकोट, मंडल 3090, द्वारा आयोजित RYLA में भाग लेने वाले 150 विद्यार्थियों में से एक विद्यार्थी, नैंसी शर्मा, ने इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में जो सबसे महत्वपूर्ण बात सीखी वह थी ''लोगों को कभी भी आपको यह ना कहने दें कि आप कुछ नहीं कर सकते, या आप कुछ भी हासिल नहीं कर सकते।'' *उमंग* नाम वाले इस RYLA का उद्देश्य ''केवल आराम और मनोरंजन नहीं था। इसका उद्देश्य युवाओं में रोटरी के बारे में जागरूकता फैलाना और आत्म सुधार के माध्यम से उनके मन में नेतृत्व के गुणों को बैठाना था,'' RYLA के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह कहते है।

डीजी बाघ सिंह पन्नू ने विधायक एस. कुशलदीप सिंह ढिल्लन, और फरीदकोट के आईएएस डिप्टी कमिश्नर राजीव पराशर के साथ RYLA का उद्घाटन किया। रोटरी की सार्वजनिक छवि में वृद्धि करने के लिए इस कार्यक्रम को स्थानीय टीवी चैनलों पर दिखाया गया। ''*उमंग* ने इन बच्चों में समाज सेवा की भावना को आत्मसात करने में और साथ ही रोटरी को अच्छी तरह से समझने में उनकी मदद की,'' डीजी कहते है।

''मुझे पता नहीं था कि मैं नेता बन सकती हूँ,'' नैंसी कहती है, लेकिन ''रोटेरियनों ने मुझे एहसास दिलाया कि किसी प्रभाव को जन्म देने के लिए हमें ऊँचे पद पर होने या अधिक पैसा खर्च करने की आवश्यकता नहीं है। आपको चाहिए केवल एक मुस्कुराहट और अच्छा करने की मंशा।'' एक अन्य प्रतिभागी, सपना, से RYLA में क्या सीखा पूछने पर, वह कहती है, ''अंततः, यह कौन बुद्धिमान है और कौन उज्ज्वल है के बारे में नहीं था, यह आपके समुदाय को बेहतर करने के सामूहिक लक्ष्य के बारे में था।''

राधा कृष्ण धाम अनाथालय में लोहरी का उत्सव मनाने और रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित मानसिक रूप से विकलांग लोगों के एक घर में सेवा देने के अलावा, विद्यार्थियों को योग में प्रशिक्षण दिया गया, उन्हें अंग दान करने के बारे में बताया गया और उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं तम्बाकू के दुष्प्रभाव पर संवादात्मक सत्रों में हिस्सा लिया। उन्हें एक बॉलीवुड नाईट में भी जाने का न्यौता मिला और उन्हें स्टेज पर प्रदर्शन करने का मौका भी दिया गया। ''चाहे गाना हो, नाच हो, भांगड़ा हो, रंगमंच हो, मिमिक्री हो या कविता पाठ हो, बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां दी, सिंह आगे कहते है।'' बाहरी गतिविधियों में एक चावल की मिल, निशानेबाजी का मैदान और खुली हवा में चलने वाली एक पाक कला कक्षा का दौरा करना शामिल था।

एक RYLA प्रतिभागी, मनु सिंह, के लिए घर जाकर उनका प्रमुख उद्देश्य, स्कूल में बेहतर करना और ऐसी चुनौतियों को स्वीकारना जो उत्कृष्ट बनाने में मेरी मदद कर सकें। इस ठधङ- में मैंने बहुत कुछ सीखा और हर बार जब भी यह आयोजित होगा मैं इसका हिस्सा बनना चाहूँगा, वह कहता है। ■

एक अनोखा साइकिल संग्रहालय

दीपक शिकरपुर

कोलंबस ने यूएसए की खोज की और तब से यह देश कई लोगों के लिए अवसरों की भूमि बन गया है। यह रहस्यमयी भूमि दुनिया की सबसे बड़ी पर्यटन मंज़िल भी है। डिज़्नीलैंड, यूनिवर्सल स्टूडियोज़, ग्रैंड कैन्यन, लॉस वेगास, सैन फ्रांसिस्को और न्यू यॉर्क बेशक यूएस के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है।

लेकिन वर्ष 2008 में जब मैं रोटरी ग्रुप स्टडी एक्सचेंज टीम लीडर के रूप में एक माह तक चलने वाले अभियान पर ओहियो राज्य गया, तो मैं मिडवेस्ट को देख सम्मोहित हो गया। हम स्थानीय परिवारों के साथ ठहरे, कई अनदेखी जगह देखी और अनेक दिलचस्प लोगों से मिले। हमारे साथ हमारे गाइड/सलाहकार के रूप में एक स्थानीय अमेरिकी रोटेरियन था और हमने व्यवसाय, संस्कृति, खान-पान के साथ-साथ फैशन और तहज़ीब के बारे में भी बहुत कुछ जाना।

एक सुहावने दिन, मेन्सफील्ड में नाश्ते पर रोटरी बैठक में मिलने के बाद, हमारे मेज़बान स्वेच्छा से हमें समीप स्थित एक साइकिल संग्रहालय दिखाने ले गए। शुरुआत में मुझे ख़ास रूचि नहीं थी; मेरी स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी कि साइकिल में देखने के लिए क्या होगा। परन्तु जब उन्होंने मुझे बताया कि इस संग्रहालय में दुनिया का सबसे बड़ा निजी साइकिल संग्रह है, तो मैं उत्सुक हो गया।

साइकिलें रईसों के लिए केवल खेलने की वस्तु नहीं थी। पूरे इतिहास में इनका इस्तेमाल व्यवसायिक उद्देश्यों के लिए किया गया, सन्देश एवं पार्सल पहुँचाने से लेकर किराए के परिवहन एवं पुलिसकर्मी के गश्त लगाने के साधन के रूप में। इन्होंने प्रथम विश्व युद्ध में सैन्य सेवाएं भी दी।

क्राउन इक्विपमेंट के संस्थापक और संग्रहालय के अध्यक्ष जिम डिकी के अनुसार, एक बैठक में उनके सहयोगियों ने उनसे पूछा, न्यू इंग्लैंड के ''इस छोटे नगर में लोगों को लाने और इसे अधिक जीवंत एवं एक पर्यटन स्थल बनाने के लिए हम क्या कर सकते है?''

इस विचार के साथ, 1990 के दशक में जब श्विन ने व्यापार बन कर दिया तब उन्होंने उनका निजी संग्रह खरीद लिया। श्विन का संग्रह-और

उसके बाद से अनेक साइकिलें- न्यू ब्रेमेन स्थित बाइसिकल म्यूजियम ऑफ़ अमेरीका में रखी जाती है।

संग्रह को एक खूबसूरत पुराने आलीशान स्टोरफ्रंट में रखा गया है, और संग्रहालय में आने वाले पर्यटकों का एक मैत्रीपूर्ण स्टाफ द्वारा स्वागत किया जाता है जो प्रदर्शनी में मौजूद सैकड़ों साइकिलों की कहानियाँ सुनाने के लिए उत्सुक रहते है। सैर की शुरुआत संग्रहालय एवं संग्रह में शामिल विभिन्न प्रकार की साइकिलों पर बने एक छोटे वीडियो से होती है। इसके बाद, दर्शक खूबसूरत साइकिलों की दो मंजिलों का अन्वेषण कर सकते है और अनोखी साइकिलों के क्लब के बैज, साइकिल सुरक्षा उपकरण एवं साइकिलों के सैकड़ों उदाहरणों को देख सकते है जो आपको प्रसन्न एवं विस्मित दोनों करेंगे।

संग्राहलय में 19वीं सदी की सुन्दर निराली साइकिलें, 1940 एवं 1950 के दशक की बैलून टायर क्लासिक और तो और 1960 के दशक की बनाना सीट वाली हाई-राइज़ हैंडलबार साइकिलें मौजूद है। इसमें गर्व के साथ दुनिया की सबसे बड़ी हाई-व्हील्ड साइकिल रखी हुई है। इस संग्रहालय में 300 साइकिलें प्रदर्शनी में रखी हुई है और इसके संग्रह में 1,000 से अधिक साइकिलें सम्मिलित है। यहाँ पर आपको हर प्रकार की साइकिल देखने को मिलेगी, बोनशेकर जैसे उचित नामों वाली प्राचीन साइकिलों, पुरानी पीढ़ी द्वारा चलाई जाने वाली हाई-व्हील्ड साइकिलों से लेकर आधुनिक कार्बन फ्रेम वाली साइकिलों तक जिसे कोई भी एक ऊँगली से उठा सकता है।

यहाँ पर आपको लकड़ी से बनी साइकिलों और हार्ले साइकिलों से लेकर एक पहिये वाली साइकिलों तक सब कुछ मिलेगा। यह एक छोटी सी जगह है, लेकिन यहाँ बहुत सा मनोरंजन एवं जानकारी भरी हुई है! यहाँ पर चलाने के लिए साइकिलें, छूने के लिए साइकिलें और देखने के लिए वीडियो है। यदि आप एक संग्रहालय प्रेमी है जिसे जानकारी इकठ्ठा करने का शौक है, तो आपको पढ़ने के लिए, घूरने के लिए एवं हंसने (साइकिल का हर एक आविष्कार सफल नहीं हुआ) के लिए बहुत कुछ मिलेगा। हमने हमारी सैर दो घंटे में खत्म कर ली, लेकिन साइकिल के लालायित प्रशंसक यहाँ पूरा दिन बिता सकते है। इस स्थान के अध्यक्ष-सह-गाइड अत्यंत सहायक है और उनके पास सुनाने के लिए अनेक कहानियाँ है।

साइकिल दौड़ उस वक्त से लोकप्रिय खेल रहा है जब से पहले सवार ने साइकिल पर चढ़कर दूसरे को साथ आने के लिए कहा था, और संग्रहालय की रेसिंग साइकिलों की श्रृंखला में 1898 राइट ब्रदर्स सैंट क्लेयर, जिससे विल्बर राइट ने अनेक पदक जीते, से लेकर 2004 ट्रेक मेडोन डङ, जिसने लेंस आर्मस्ट्रांग को उनकी छंटवी टूर डी फ्रांस की विजयी दिलाई, शामिल है।

संग्रह में सबसे पुरानी साइकिल 1816 ड्रेसीन है जिसमें दो लकड़ी के पहिये एक लकड़ी के डंडे से जुड़े हुए है। साइकिल सवार डंडे के दोनों ओर टाँगे करके बैठता था और अपने पैरों को ज़मीन पर चलाकर साइकिल को आगे बढ़ाता था, संतुलन बनाने के लिए एक गद्दीदार संतुलन पटल पर अपने हाथों को झुकाते वक्त अगले पहिये से दिशा देते हुए। पिछले पहिये पर ब्रेक एक चमड़े की डोरी को खींचकर लगाए जा सकते थे जो संतुलन पटल में जुड़ी होती थी। परिवहन का एक सच्चा साधन होने के बजाय ड्रेसीन कुलीन वर्ग की नादानी अधिक थी, लेकिन यह आविष्कारों की उस लंबी श्रृंखला की एक कड़ी है जिनके कारण आख़िरकार आधुनिक साइकिल बनी।

लेकिन इस संग्रह में सबसे विशिष्ट है 64-इंच फ्रंट व्हील। यह साइकिल गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड्स में दुनिया की सबसे बड़ी साइकिल के रूप में दर्ज हो चुकी है।

दी बाइसिकल म्यूजियम ऑफ़ अमेरीका न्यू ब्रेमेन में 7 वेस्ट मोनरो स्ट्रीट पर स्थित है और यह सोमवार से लेकर शुक्रवार तक सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक और शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुला रहता है।

संग्रहालय पर अधिक जानकारी *http://www.bicyclemuseum.com* पर उपलब्ध है ।

लेखक रोई मंडल 3131 के एक पीडीजी है।

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

अपने प्रतिरक्षा तंत्र को प्रकाशित कीजिये

भरत और शालन सवुर

क्या हम आत्म-उपचार के काबिल है? एक हज़ार बार जवाब होगा हाँ! क्योंकि अनुसंधान यह प्रदर्शित करते है कि दिमाग स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने वाला एक शक्तिशाली साधक है। मास्टर ने हमेशा कहा है, ''उचित, विवेकपूर्ण, शक्तिशाली विचारों द्वारा, अपने दिमाग का संतुलन बनाए रखकर, आप डूबते हुए जहाज - अपने शरीर - को बचा सकते है और इसे फिर से स्वास्थ्य के सुहावने तट की तरफ ले जा सकते है।'' अब, चिकित्सा विज्ञान का अनुमान है कि कम से कम 90 प्रतिशत शारीरिक बीमारियाँ भावनात्मक उथल-पुथल से उत्पन्न होती है। और जब हम लगातार मानसिक-दर्शन और पुष्टिकरण के माध्यम से दिमाग को उपचारात्मक सन्देश भेजते है, तो ये शान्तिप्रद दृश्य और अर्थपूर्ण शब्द जैव रसायन, वो भाषा जिसे शरीर समझता है और जिसमें प्रतिक्रिया देता है, में परिवर्तित होते है।

जैव-श्रवण। प्रतिरक्षा तंत्र जैविक-श्रोता होता है। जब यह लगातार परेशानियाँ सुनता है, यह अत्यधिक प्रतिक्रिया देना शुरू कर देता है। यह साधारण, दैनिक सामग्रियों जैसे गेहूं, धूल, पराग को 'शत्रु प्रतिजन' समझने की गलती करता है और इसकी श्वेत रक्त कौशिकाएं, वह रक्षा सेना जो बिमारियों से लड़ती है, रोग-प्रतिकारक - इम्यूनोग्लोबिन ई (IgE) - को बाहर निकालती है। IgE शरीर के किसी भी हिस्से की कौशिकाओं में डेरा डाल सकता है। अगर त्वचा में हो तो, हमें हीव्स आ जाती है; नाक और फेफड़ों में हो तो, हमें ब्रोंकाइटिस या अस्थमा हो सकता है; पेट में हो तो, आंत या पेट में जलन हो सकती है।

वह कौन सी परेशानियाँ है जो प्रतिरक्षा तंत्र सुनता है और जिसपर अत्यधिक प्रतिक्रिया भी देता है?

- मान लीजिये, हमने किसी अपने को खो दिया है... यह अत्यंत दुख को 'दबे हुए रुदन' की तरह सुनता है और त्वचा में हीव्स, सोराइसिस, लाइकेन प्लानस उभर आते है।
- अगर हमें परिस्तिथियों द्वारा स्वयं का ध्यान अकेले रखते हुए रहने को मजबूर किया गया है, तो यह अकेलेपन को 'रोकी जा रही एक अचेत निर्भरता-इच्छा' के रूप में सुनता है और फिर अस्थमा शुरू हो जाता है।
- अगर हम सख्ती बरतने वाले माता-पिता के कारण तनाव में है, तो यह निरंतर तनाव को माता-पिता की उम्मीदों पर खरा उतरने एवं उन्हें 'प्रसन्न करने के लिए अत्यधिक चिंता' के रूप में सुनता और समझता है और स्वयं के प्राकृतिक विकास को रोकता है जिससे पेट की समस्याएं - छाले, उद्दीप्य आंत्र सहलक्षण, विपटीशोथ - होती है। स्पष्ट शब्दों में कहें तो: जब प्रतिरक्षा तंत्र कमज़ोर हो जाता है, तो शरीर खाने, रसायन, हवा में मौजूद कणों के प्रति प्रतिकूल प्रतिक्रिया करता है जो शरीर के लिए एलर्जी के रूप में पहचानी जाती है।

उपचारात्मक शब्द। इसलिए आरंभ में, दिमाग और प्रतिरक्षा तंत्र को प्रतिदिन अभिव्यक्त होने वाले उपचारात्मक शब्दों द्वारा मजबूत करना अत्यावश्यक है। मैं एक खूबसूरत आत्म-उपचारक की सलाह देता हूँ: ''*मेरे अंदर जो भी अंधकार है उसे मैं आलोकित करता हूँ। मेरे अंदर जो भी दुर्बलता है उसे मैं मजबूत करता हूँ। मेरे अंदर जो भी टूटा हुआ है उसे मैं जोड़ता हूँ। मेरे अंदर जो भी बीमार सा है मैं उसे स्वस्थ करता हूँ। मैं मेरे अंदर विद्यमान शांति और प्रेम का आह्वान करता हूँ और स्वयं को उनकी खुशबू से सराबोर करता हूँ। मेरे अंदर समस्त शक्तिशाली, सकारात्मक, उपचारात्मक ऊर्जाएँ कार्य कर रही है। मैं अच्छे स्वास्थ्य की समस्त सकारात्मक शक्तियों का लगातार मेरी सहायता करने के लिए धन्यवाद करता हूँ।*'

आत्म-उपचारात्मक शब्दों का उपयोग एक उचित मनोवैज्ञानिक पद्धति है। यह वास्तव में इस बात का फायदा उठाता है कि कैसे दिमाग शरीर को प्रभावित करता है: दिमाग से संपूर्ण शरीर को मजबूती का एक खूबसूरत सन्देश भेजा जाता है, जो आपको एक मजबूत, स्वस्थ जैविक अवस्था में लाता है। प्रतिदिन अभिव्यक्त होने वाले उपचारात्मक शब्द हमारे मानसिक मनोभाव को अतिसंवेदनशीलता से आभासी अपराजेयता में परिवर्तित करते है। यह मनोभाव, या इन्हें एलर्जी विशेषज्ञ कहें, वास्तव में शरीर के हिस्टामिन स्तर और अन्य एलर्जी को बढ़ाने वाले रसायनों को कम कर सकते है। यह धीरे-धीरे कम होता है। एलर्जी और अस्थमा की प्रबलता और आवृत्ति कम हो जाती है। यह आपको कम परेशान करते है और एक दिन, पूरी तरह खत्म हो जाते है। यह ऐसा है जैसे आप बड़े होते हुए युवावस्था के कुछ कष्टों को पीछे छोड़ देते है! इस उपचारात्मक प्रक्रिया में, दिमाग परिवर्तित होता है। यह अधिक आरामदायक हो जाता है एवं अस्थमा उत्तेजित ना हो इसलिए एलर्जी-उत्तेजक खाद्य पदार्थों को छोड़ने और कम खाने को लेकर अधिक स्वीकार करने वाला बन जाता है। जैसे-जैसे समय बीतता है और अंदर दबा हुआ दुख दूर होता है, त्वचा साफ होना शुरू हो जाती है।

रेडीफोटो

तनाव से बचें। हवा में मौजूद प्रदूषण के चलते अस्थमा के मरीजों को हमेशा अपने साथ एक इनहेलर (एक स्प्रे पंप) रखना पड़ता है। जब श्वासहीनता का अटैक आता है, तो पर्याप्त हवा ना ले पाने की अक्षमता डरावनी हो सकती है और घबराहट एवं डर की प्रतिक्रिया भी शुरू हो सकती है जो अटैक को और भी बदतर बनाती है। इनहेलर लगभग तुरंत राहत प्रदान करता है। एक अस्थमा के मरीज को तनाव और कोई भी ऐसी परिस्थिति जो आकस्मिक भय को जन्म देती है से बचना चाहिए। उपचारात्मक शब्द, राहत तकनीक जिसमें ध्यान शामिल है, पार्क में इत्मीनान से टहलना, श्वास व्यायाम बहुत मददगार है। पर्याप्त नींद लें। बिस्तर पर लेट जाएं, अपने शरीर के संपूर्ण हिस्से को कस लें। फिर ढीला छोड़ें और इसे आराम करने दें। इस प्रकार आप शरीर को आराम करने के लिए प्रशिक्षित करते है और फिर इसे गहरी निद्रा में जाने दीजिये।

यहूदी धर्म की एक शाखा, कब्बालाह, में इस बात पर बहुत सुन्दर शिक्षा दी गई है कि कैसे हम सभी प्रकाश की एक झिल्ली से जुड़े हुए है। और जब उपचारात्मक प्रकाश की यह स्पष्ट धारा गुस्से, डर, नफरत, दुख से अवरुद्ध हो जाती है या जकड़ जाती है, हम उस प्रकाश से पृथक हो जाते है और बीमार पड़ जाते है। जब हम इन दुर्बल करने वाली स्वार्थी भावनाओं से खुद को मुक्त कर लेते है, तो यह एक बड़े दरवाजे को खोलने और सूर्य के प्रकाश को भीतर प्रवेश करने देने जैसा होता है। यह प्रकाश हमारे दिमाग, हमारे शरीर में प्रवाहित होता है और हमारा प्रतिरक्षा स्तर बढ़ जाता है और हम दोबारा स्वस्थ हो जाते है।

सभी लोगों और सभी चीज़ों को *पूरी तरह से अपनाना* संयोजक कुंजी है। सर्वप्रथम, कृपया जल्दबाजी में प्रतिकूल आंकलन ना करें। अपने दिमाग को गैर-आलोचनात्मक बनने के लिए प्रशिक्षित कीजिये। इस तरह से:

पहला, अच्छे इरादों के बीज बोयें। सोचिये, अब से मेरे मरने तक, मैं बहुत ही सावधान रहूँगा और तकलीफदेह भावनाओं को उदित नहीं होने दूंगा। यह सबसे अच्छी मन की बीमा पॉलिसी है जिसे हम स्वीकार कर सकते है।

दूसरा, अपने विचारों को लगातार परिपक्व करते हुए इस धारणा को संरक्षित करें एवं इसे बढ़ाएं। अगर आप तत्काल आलोचना करते है, तो तुरंत इसे वापस लें और समझ से काम लें। दो बातों का स्पष्ट रूप से ध्यान रखें: प्रत्येक व्यक्ति सही है, कोई गलत नहीं है। हमेशा गंभीरता कम करने वाली परिस्तिथियाँ होती है। महान इतालवी कवि टास्सो के खूबसूरत इरादों के किस्से मुझे प्रेरित करने में कभी नाकाम नहीं होते: टास्सो से पूछा गया आप क्यों उस आदमी से बदला नहीं लेते जिसने आपको बुरी तरह चोटिल किया। कवि ने विचारपूर्वक उत्तर दिया, ''मैं उसे चोट पहुँचाने की इच्छा नहीं रखता, फिर भी एक चीज़ है जो मैं उससे लेना चाहूँगा।''

टास्सो से पूछा गया, आप उसकी प्रतिष्ठा लेना चाहते है या उसकी दौलत? टास्सो ने शिष्टता से उत्तर दिया, ''नहीं, दया और धैर्य के साथ जो मैं उससे लेना चाहता हूँ वह है उसकी दुर्भावना। क्या इरादा है!''

तीसरा, इस आत्मकेन्द्रित रवैये को दूर कर दीजिये कि हर स्थिति, हर व्यक्ति आपके हिसाब से, आपके फायदे के लिए, आपके कहे अनुसार कार्य करें। 'मेरे नियम और शर्तों के अनुसार' कार्य करने का रवैया उस स्पष्ट उपचारात्मक प्रकाश की झिल्ली के लिए बाधा है जो हम सभी को जोड़ती है। 'मेरा' हमें उस प्रकाश से पृथक, अलग और अवरुद्ध करता है, जिससे गुस्सा और अन्य नकारात्मक भावनाएं उत्पन्न होती है। स्वयं को पहुंचाई जाने वाली हानि का चिंतन करें और निश्चय करें कि आप इसे, सभी चीज़ों को अपनाने वाले महान गुण से स्वयं को कभी भी अलग करने नहीं देंगे।

चौथा, लगातार अपने दिमाग को स्वीकार करने की आदत से अवगत करवाते रहिये और ऐसा करने के विचार को बनाए रखिये। परिचय से हर चीज़ आसान हो जाती है। दिमाग एक अच्छा शिष्य हो सकता है। आत्म-नियंत्रण के बाद, आत्म-उपचार से मात्र एक कदम की दूरी शेष है। असीम प्रकाश की इस शानदार राह पर बढ़ते रहिये। मास्टर कहते है, ''आपके प्रयास धारा के बहाव के समान होने चाहिए - स्थिर, निरंतर, संतुलित।'' अपने दिमाग को ख़ुशी से सराबोर होने दीजिए। अपने शरीर को राहत से भरने दीजिए। अपने अस्तित्व को आनंद से भरने दीजिए। और बढ़िया स्वास्थ्य में अपने प्रतिरक्षा तंत्र को आनंदित होने दीजिए।

लेखक 'फिटनेस फॉर लाइफ' किताब के लेखक और *फिटनेस फॉर लाइफ कार्यक्रम के शिक्षक है।*

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

इस वर्ष JLF में छाया लिंग पक्षपात

अनुभा अग्रवाल

इस वर्ष के JLF की अनोखी बात यह थी कि इसमें नारीवाद एवं महिला अधिकारों पर सत्र संपन्न हुए।

हर साल जनवरी में, पुस्तक प्रेमी 'ज़ी जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (JLF)' के लिए पिंक सिटी में मिलते है। लोग किताबों के एक उल्लेखनीय संग्रह को देखते है और पाँच दिनों तक चलने वाले वाद-विवाद, लेक्चर और चर्चाओं में मशहूर लेखकों/साहित्यकारों को सुनते है एवं उनसे बातचीत करते है। एक बड़ा आकर्षण बेशक आमेर का किला और हवा महल जैसे विरासती स्थलों पर होने वाले लाइव संगीत का संकलित गुलदस्ता होता है।

इस वर्ष, 300 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विचारकों, लेखकों, जिनमें नोबेल एवं मैन बुकर पुरस्कार विजेता शामिल थे, ने JLF के 11वें संस्करण की शोभा बढ़ाई जिसका आयोजन राजस्थानी शाही अंदाज़ में दिग्गी पैलेस के राजसी माहौल में किया गया था।

उद्घाटन सत्र में मीता पंडित और नाथूलाल सोलंकी ने उनके मूल संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों से जनता को मंत्रमुग्ध किया। पहले दिन खचाखच भरे सामने वाले आँगन में एक युवा कवियित्री रुपी कौर ने *मिल्क एंड हनी* सत्र में दिल को छू लेने वाली अपनी कविताएं सुनाकर श्रोताओं की आँखों में आंसू ला दिए। अन्य समानांतर सत्रों में शामिल था - सर टॉम स्टोपार्ड की रंगमंच कलाकार संजना कपूर के साथ बातचीत; और चारू सिंह द्वारा लिखित दी *मैत्रेय क्रॉनिकल्स* और *दी गोल्डन डाकिनी* का लोकार्पण।

लिंग नाइंसाफी

इस वर्ष के JLF की अनोखी बात यह थी कि इसमें नारीवाद एवं महिला अधिकारों पर सत्र संपन्न हुए। नामी राजनीतिज्ञ मार्गरेट अल्वा को उनके सत्र वुमन एंड पॉवर में सुनने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। ब्रिटिश बैरिस्टर एवं लेबर सांसद हेलेना कैनेडी उनके साथ सत्र में सहभागी बनी और पत्रकार आरती जेराथ मध्यस्थ की भूमिका में थी। उन्होंने लिंग समानता, समाज में महिलाओं की स्थिति, इत्यादि मुद्दों पर चर्चा की और निर्विवादित रूप से इस बात को स्वीकार किया कि हर जगह महिलाओं को परेशान किया जा रहा है और पुरुष प्रधान प्रशासनिक अनुक्रम को तोड़ना उनके लिए अंतिम चुनौती

संगीतकार भीड़ को मनोरंजित करते हुए।

है। *विज़िबल वर्क: इनविज़िबल वुमन* नामक सत्र में, महिला कर्मचारियों को लेकर महत्वपूर्ण प्रश्न उठाये गये।

सभी पाँच शामों में विधा एवं शैली का मिश्रण देखने को मिला जिनमें सूफ़ी और बॉलीवुड की झलकियों वाला राजस्थानी लोक-संगीत, जैज़ और अन्य प्रस्तुतियां शामिल थी।

इस वर्ष के JLF की अनोखी बात यह थी कि इसमें नारीवाद एवं महिला अधिकारों पर सत्र संपन्न हुए। लिंग समानता, समाज में महिलाओं की स्थिति, इत्यादि मुद्दों पर चर्चा की और निर्विवादित रूप से इस बात को स्वीकार किया कि हर जगह महिलाओं को परेशान किया जा रहा है और पुरुष प्रधान प्रशासनिक अनुक्रम को तोड़ना उनके लिए अंतिम चुनौती है।

अफ़ग़ानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करज़ई के सत्र *द ग्रेट सर्वाइवर* में, उनहोंने उनके देश के प्रति उनका दृष्टिकोण और भारत के साथ उसके संबंधों को साझा किया। जहाँ पत्रकार विक्टर मैलेट के सत्र में भारत के भविष्य एवं समृद्धि में गंगा नदी की प्रासंगिकता पर चर्चा हुई, वहीं *व्हाई वी मस्ट प्रोटेक्ट दी अरावलीस* सत्र ने इन पर्वत श्रृंखलाओं को संरक्षित करने की अत्यावश्यकता पर ध्यान केन्द्रित किया।

फिल्मनिर्माता विशाल भारद्वाज ने उनकी कविताओं की किताब, *न्यूड: दी पोएट विदिन*, के लोकार्पण की चर्चा की एवं शेक्सपीयर के नाटकों को फिल्मों में अपनाने की चुनौतियों से अवगत करवाया। एक अन्य मुक्त सत्र में, वह दर्शकों को प्यार, इंकार और आत्म-खोज की व्यक्तिगत यात्रा पर ले गए।

कुशल अदाकारा शर्मिला टैगोर और उनकी बेटी सोहा अली खान पटौदी सोहा की हाल ही में प्रकाशित किताब *द पेरिल्स ऑफ़ बीइंग मॉडरेटली फेमस* के लिए संयुक्त रूप से प्रस्तुत हुए। सांसद शशि थरूर ने विभिन्न विषयों जैसे काल्पनिक एवं कथेतर लेखन और विभिन्न सत्रों में हिन्दू धर्म एवं हिंदुत्व के मध्य अंतर पर मोटे तौर पर चर्चा की।

हियूग थॉमसन, पिको अय्यर, राजा शेहादेह, रेडमंड ओ'हेनलन, बी

शर्मिला टैगोर (दाएं) और उनकी बेटी सोहा अली ख़ान पटौदी।

रोलेट और रॉबर्ट डिसैक्स जैसे मंझे हुए लेखकों ने उनके अनूठे यात्रा अनुभवों का वर्णन किया। गीतकार एवं केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के प्रमुख प्रसून जोशी के साथ-साथ अन्य सेलेब्रिटी जैसे कवि जावेद अख्तर, शबाना आज़मी, जो JLF में नियमित रूप से आते है, इस वर्ष *पद्मावत* विवाद के कारण नहीं आ पाए।

मार्गरेट अल्वा: 'वुमन एंड पॉवर' नामक एक सत्र के दौरान आरती जेराथ के साथ राजस्थान की पूर्व राज्यपाल मार्गरेट अल्वा और हेलेना कैनेडी बातचीत करते हुए।

मी टू

JLF के समापन दिवस पर मी *टू: डू मेन स्टिल हेव इट टू इज़ी* पर एक तीव्र एवं जबर्दस्त बहस देखने को मिली जो महिलाओं पर अत्याचार एवं महिलाओं के नेतृत्व पर आधारित थी। पैनल के सदस्यों में इस बात पर वाद-विवाद हुआ कि दुनिया भर में पुरुषों के लिए महिलाओं को शोषित करना एवं उन्हें परेशान करना आसान बात है। सत्र में यह स्पष्ट हुआ कि आंकड़े केवल 3 प्रतिशत है जो बहुत कम है।

द डांस ऑफ़ डेमोक्रेसी सत्र में बात करते हुए, राजनीतिज्ञ सचिन पायलट ने विवादास्पद बात कही कि केवल राजनीतिज्ञ ही, लोग नहीं, तंत्र को सुधार सकते है और नागरिकों को सशक्त बना सकते है।

ओन्ली इन अमेरीका के लेखक और '*द ट्रम्प्स: फ्रॉम इमिग्रेंट टू प्रेसिडेंट*' डाक्यूमेंट्री के निर्माता ब्रिटिश पत्रकार मैट फ्रे ने ट्रम्प के रूप एवं अमेरिकी और विश्व राजनीति के लिए इसके मायने को समझाया। एमी टेन, पिको अय्यर, हामिद करज़ई, ज़ाकिर हुसैन, सलमान खुर्शीद, चेतन भगत, सोनल मानसिंह, सुकी किम, माइकल ओंदात्जी, मीरा नायर और हेलेन फील्डिंग के साथ अन्य व्यक्तियों के सत्रों में भी बड़ी संख्या में लोग पधारे।

दुनिया भर में पुरुषों के लिए महिलाओं को शोषित करना एवं उन्हें परेशान करना आसान बात है। सत्र में यह स्पष्ट हुआ कि आंकड़े केवल 3 प्रतिशत है जो बहुत कम है।

हर साल JLF की बढ़ती प्रसिद्धि के साथ अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय आगंतुकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इस वर्ष, रिकॉर्ड आधा मिलियन लोगों की उपस्थिति इस उत्सव में दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 23 प्रतिशत अधिक है।

हालाँकि, परंपरागत *साफा* एवं धोती-कुर्ता पहनकर कुल्हड़ में चाय परोसने वाले चाय-विक्रेताओं ने दर्शकों को आकर्षित किया।

चित्र: अनुभा अग्रवाल

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

रक्त सभी धर्मों को एकजुट करता है

वी मुत्तुकुमारण

रोटरी क्लब पलाई, मंडल 3211, एक अद्वितीय रक्त दान शिविर के माध्यम से धार्मिक सामंजस्य को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। एक हिंदू तंत्री, ईसाई पुजारी और एक इमाम ने शिविर के आयोजन के लिए सहयोग किया और इस पुनीत कार्य में उन्हें 15 अन्य लोगों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। ''जैसा कि हमारे ब्लड बैंक के पास कोई विशाल भंडारण सुविधा उपलब्ध नहीं है और कुछ रक्त समूहों के लिए सीमित जेस्टैशन अवधि होती है, हम एक समय में सीमित संख्या लोगों से रक्त दान स्वीकार करने के लिए बाध्य हैं,'' डॉ टेसी कुरियन कहती हैं, जो 32 वर्षीय क्लब की पहली महिला अध्यक्ष हैं। ''हम प्यार, शांति और सद्भाव के धागे से बंधे हैं क्योंकि हम एक ही रक्त द्वारा एकजुट होते हैं। यह वह संदेश है जिसे हम इस रक्त दान शिविर के माध्यम से फैलाना चाहते है,'' वह आगे कहती है।

रोटेरियनों के बीच एक इमाम और एक हिंदु तंत्री रक्तदान करते हुए।

क्लब, अपने 117 सदस्यों की टीम के साथ, मंडल के सबसे बडे.क्लबों में से एक है और इसमें 31 महिला रोटेरियन भी शामिल हैं। ब्लड बैंक के अलावा, क्लब में एक डायलिसिस इकाई भी है जहाँ एक समय में छह लोगों का उपचार किया जाता है। ''हम एक बधिर और गूंगे स्कूल के बच्चों के लिए एक स्कूल बस दान में दिया है और दुर्घटना के शिकार लोगों को घटनास्थल से अस्पतालों पहुंचाने के लिए एक ट्रॉमा-केयर वैन भी संचालित किया है,'' टेसी कहती हैं।

मारिया सदानम नामक विकलांगों के घर में एक आधुनिक रसोईघर और एक जल उपचार संयंत्र स्थापित किया गया था, जहाँ 350 सदस्य रहते हैं। ''जन्मदिनों के दौरान, शादी की सालगिरह और समारोहों के दौरान, हम सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था करते हैं।'' HOPE (होप) नामक अपनी महत्वपूर्ण परियोजना के अधीन, क्लब ने मारिया सदानम में ₹15 लाख की लागत से बाल चिकित्सा वार्ड स्थापित किया है।

क्लब ने ₹1 करोड़ की लागत से 1,000 मोतियाबिंद सर्जरी किया, जिससे समुदायों में अधिकांश बुजुर्गों को लाभ हुआ था। ■

कटवा में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था

टीम रोटरी न्यूज़

एक अध्यापक एक प्रशिक्षण शिक्षक से बात करते हुए।

रोटरी क्लब कटवा, मंडल 3240 द्वारा पहली बार आयोजित एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रख्यात शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस कार्यशाला में 70 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया था।

पीडीजी स्वपन कुमार चौधरी; सहायक गवर्नर डॉ पल्लवी माजी; प्रशिक्षक बोधिरुप्पा सिन्हा, प्रिंसिपल, विश्वभारती शांतिनिकेतन विश्वविद्यालय; मनीषा बनर्जी, मुख्य प्राध्यापिका, लैबापुर हाई स्कूल; पुसपेन चट्टोपाध्याय, बाल कार्यकर्ता और बीडीओ; जिला भूमि और भूमि सुधार कार्यालय, मुर्शिदाबाद से सुब्रत मुखजी; और जनबास शेख, स्कूल के उप-निरीक्षक, नबाद्वीप उत्तर, ने बच्चों के सीखने के लिए विषयों की नई अवधारणाएं और सीखने के लिए उनमें रुचि उत्पन्न करने के तरीके सहित अध्यापन के विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुतीकरण पेश किया।

क्लब साक्षरता समिति के अध्यक्ष सुब्रत सिंह ने प्रतिभागियों को डीएलसीसी बिभास पुरातात्कार द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान किया। ■

मंडल गति

रोटरी क्लब नागपट्टिनम विंग्स - मंडल 2981

कलाईमहल नर्सरी एवं प्राथमिक शाला में पारंपरिक ढंग से पोंगल उत्सव मनाया गया। खेलों का आयोजन किया गया और कार्यक्रम में 200 से भी अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्हें गन्ना और मीठा पोंगल वितरित किया गया। इस अवसर पर 30 से भी अधिक रोटेरियन उपस्थित थे।

रोटरी क्लब सलेम यंग टाउन - मंडल 2982

सलेम के पास स्थित मछेरी गाँव के सरकारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ₹4.25 लाख की लागत से बने एक शौचालय खण्ड का उद्घाटन किया गया। टीआरएफ और रोटरी क्लब डेनविल/सिकामौर वेली, मंडल 5160 से इसे वैश्विक अनुदान निधीयन प्राप्त था।

रोटरी क्लब जयपुर राउंड टाउन - मंडल 3054

जयपुर के पास स्थित चकसु गाँव के श्री राम वृद्ध आश्रम में क्लब के सदस्यों द्वारा किराने का सामान दान दिया गया। रहवासियों ने रोटेरियनों के इस विचारशील भाव के लिए उनका धन्यवाद किया।

रोटरी क्लब अचलपुर - मंडल 3030

क्लब ने स्कूलों के लिए एक ध्यान शिविर का आयोजन किया जिसमें 1,500 बच्चों ने उत्सुकता के साथ भाग लिया। रोटेरियनों ने उनकी हैप्पी स्कूल परियोजना के अंतर्गत स्कूली बच्चों को 600 कॉपियाँ वितरित की।

विधियाँ

रोटरी क्लब सूरत राउंडटाउन - मंडल 3060

मेक्सिको से आएं एक दोस्ती विनिमय दल ने सूरत स्थित ममता स्कूल फॉर स्पेशल चिल्ड्रन का दौरा किया। बच्चों ने कार्यक्रमों का मंचन कर आगंतुकों का मनोरंजन किया। क्लब स्कूल को खाना, दान और अन्य खेल एवं अध्ययन उपकरण देकर उसकी सहायता कर रहा है।

रोटरी क्लब जम्मू मिडटाउन - मंडल 3070

नवीन हाई स्कूल में दन्त एवं मौखिक स्वच्छता पर केन्द्रित एक चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दन्त चिकित्सकों एवं एक मेडिकल कॉलेज के रोट्रैक्टरों के एक दल द्वारा 450 से अधिक बच्चों की जाँच की गई।

रोटरी क्लब शाहजहाँपुर - मंडल 3110

माता अशर्फी देवी स्कूल में नि:शक्त बच्चों के लिए एक दन्त शिविर का आयोजन किया गया। बच्चों को मुफ्त में टूथपेस्ट और लूडो गेम बोर्ड वितरित किये गए।

रोटरी क्लब वाराणसी ईस्ट - मंडल 3120

होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल के सहयोग से, क्लब ने सारनाथ और उसके आसपास के गाँवों के जरूरतमंद लोगों को 200 से अधिक कम्बल और कपड़े वितरित किये। क्लब के अध्यक्ष चंचल कुमार गांगुली ने होटल प्रबंधनकर्ताओं के साथ परियोजना को समन्वित किया जिन्होंने आश्वासित किया कि वे आगे भी ऐसी मानवीय परियोजनाओं के लिए क्लब का समर्थन करेंगे।

रोटरी क्लब पुणे मेट्रो - मंडल 3131

कोथरुड के एमआईटी पॉलिटेक्निक में स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं समाज सेवी डॉ रानी बांग और उनके दल द्वारा एक तीन दिवसीय कार्यशाला, जिसका शीर्षक था *तरुण्यभान*, का आयोजन किया गया। इस जारी परियोजना ने 17 से 20 वर्ष की उम्र के लगभग 800 किशोरों को आकर्षित किया जिनके शारीरिक, भावनात्मक आघात, कामुकता, प्यार, जीवन साथी का चुनाव, वैवाहिक जीवन और अन्य पारिवारिक मुद्दों जैसे विभिन्न विषयों पर सवाल थे।

रोटरी क्लब अहमदनगर प्रियदर्शिनी - मंडल 3132

व्यक्ति विकास परियोजना के अंतर्गत, क्लब ने क्षेत्र के अन्य क्लबों के साथ मनोमितीय परीक्षण करने के लिए हाथ मिलाया जिससे उनके इनट्रैक्ट क्लबों के बच्चों के व्यक्तित्व और मनोवैज्ञानिक स्तर का मूल्यांकन हुआ। कुल मिलाकर, परियोजना से 600 इनट्रैक्टर लाभान्वित हुए।

रोटरी क्लब बॉम्बे हिल्स साउथ - मंडल 3141

अर्थशास्त्री एवं कर विशेषज्ञ होमी रानीना ने क्लब की रोटरी क्लब मुंबई नोवा के साथ संयुक्त बैठक में 2018 के केन्द्रीय बजट का घिसा-पिटा विश्लेषण प्रस्तुत किया। अपने अनोखे अंदाज़ में बजट की मुख्य विशेषताएं बताते हुए, उन्हें रोटेरियनों और आमंत्रित अतिथियों जैसे विशिष्ट दर्शकों द्वारा मगन होकर सुना गया।

रोटरी क्लब सुल्लूरपेट - मंडल 3160

टाडा मंडल के पामुलामित्ता गाँव की प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को लेखन सामग्री, पाउच, हाथों की धुलाई की किट एवं प्राथमिक उपचार की किट वितरित की गई। रोटेरियन वी. विजयलक्ष्मी, जिन्होंने दान की गई सामग्री को खरीदने के लिए ₹5000 खर्च किये, द्वारा प्रायोजित परियोजना से 40 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

रोटरी क्लब धारवाड़ सेंट्रल - मंडल 3170

KLE RLS स्कूल में शिक्षकों के लिए पीयर लीडरशिप और डिप्रेशन प्रिवेंशन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एक वैश्विक अनुदान परियोजना का हिस्सा है जिसे रोटरी क्लब हुबली ईस्ट द्वारा रोटरी क्लब वेलेज़ली, बोस्टन के साथ साझेदारी में किया जा रहा है। कार्यशाला में 40 से अधिक शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

रोटरी क्लब कुट्टीयादी मिडटाउन - मंडल 3202

अनुदान संचय समारोह के रूप में एक म्यूजिकल शाम का आयोजन किया गया और उससे मिले ₹3.25 लाख की आमदनी को 20 कैंसर पीड़ितों के परिवारों और एक बेघर विधवा को दान किया गया। म्यूजिकल शाम, जिसका उद्घाटन कुट्टीयादी के विधायक अब्दुल्ला परक्कल द्वारा किया गया था, में 680 दर्शक आए थे।

विधियाँ

रोटरी क्लब कोट्टायम नॉर्थ - मंडल 3211

एक निजी बस टर्मिनस पर क्लब द्वारा चलाये जा रहे एक सार्वजनिक शौचालय को ₹7 लाख की लागत से नवीनीकृत किया गया। ईमारत की ऊपरी मंजिल पर पर्यटकों के लिए एक विशेष 'वाश एन्ड चेन्ज' कक्ष स्थापित किया गया।

रोटरी क्लब शिवाकासी सेंट्रल - मंडल 3212

नगर के सरकारी अस्पताल में कुर्सियां एवं कूड़ेदान दान किये गए जहाँ मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दान किये गए फर्नीचर प्राप्त किये। परियोजना की लागत ₹22,000 आई।

रोटरी क्लब काटपड़ी - मंडल 3231

वेल्लोर के क्रिस्चियन मेडिकल कॉलेज के सहयोग से, पल्लिकुप्पम के पंचायत यूनियन मिडिल स्कूल में एक नेत्र शिविर आयोजित किया गया। विभिन्न नेत्र विकारों के लिए लगभग 250 बच्चों की जांच की गई। शिविर में ₹20,000 के चश्मे प्रदान किये गए।

रोटरी क्लब मद्रास - मंडल 3232

'नशीले पदार्थों के प्रति जागरूकता एवं युवा' पर सबसे लम्बा भाषण देने में क्लब द्वारा एक गिनीज कीर्तिमान बनाने का प्रयास किया गया। जेप्पिअर इंजीनियरिंग कॉलेज में भारतीय कस्टम्स के डॉक्टर वेंगदेश बाबू द्वारा लेक्चर दिया गया और क्लब सदस्यों, रोटारेक्टरों, विद्यार्थियों एवं संकाय द्वारा उन्हें सुना गया।

रोटरी क्लब भुवनेश्वर सेंटेनियल - मंडल 3262

जयपुर ज़िले के राजातोता गाँव में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कटक, भुवनेश्वर, विशाखापट्नम और मुंबई के अस्पतालों से आए विशेषज्ञों ने 2,600 से भी अधिक मरीज़ों की जाँच की और उनका इलाज किया।

वी मुत्तुकुमारण द्वारा संकलित
एल गुनाशेकरण द्वारा रुपांकन

नादिया की कठपुतलियां

जी सिंह

बहत्तर वर्षीय जगबंधु सिंह खुश भी है और दुखी भी। वह निराश महसूस करते है कि टेलीविज़न और सामाजिक मीडिया की इस सम्मोहक दुनिया में कठपुतली के खेल ने अपना महत्व खो दिया है। वह अपने ज़माने के शानदार पारंपरिक कला के दिनों को याद करते है जब उनके पास कठपुतली का नाटक पेश करने की बाढ़ लगी होती थी और बड़ी मुश्किल से उन्हें खाली समय मिलता था। वह दुखी है कि आज बहुत से कलाकार बिना काम के महीनों तक खाली बैठते है, और उनके लिए एक वक़्त के खाने का प्रबंध करना भी मुश्किल हो रहा है।

हालाँकि, उनकी आँखें आशा से चमक उठती है जब उन्हें पता चला कि धीरे-धीरे कठपुतली के खेल को पहचान मिल रही है क्योंकि राज्य सरकार और सामाजिक उपक्रम इस कला को संरक्षण प्रदान कर रहे है।

राज्य में कठपुतली की कला की जन्मस्थली, पश्चिम बंगाल के नादिया ज़िले की मुरागाचा कॉलोनी में जगबंधु निवास करते है। 1947 में भारत और पाकिस्तान के विभाजन के बाद, बहुत से कठपुतली का खेल दिखाने वालों को नादिया जिले में पुनर्स्थापित किया गया।

''हमारे पूर्वज आजादी के बाद पाकिस्तान से यहाँ आ गए थे। पाकिस्तान में कठपुतली का खेल उनके जीवन निर्वाह का साधन हुआ करता था और उन्होंने इस पेशे को यहाँ आने के बाद भी ज़ारी रखा,'' अपने माता-पिता द्वारा बताये गए इतिहास को सुनाते हुए वह कहते है।

पश्चिम बंगाल का कठपुतली का खेल, जिसका उल्लेख अविभाज्य बंगाल के मध्यकालीन लोक गाथागीतों में मिलता है, को आमतौर पर *पुटुल नाच* (गुड़िया का नाच) कहा जाता है। इस कला के पारंपरिक रूपों में छड़ी और दस्ताने की कठपुतलियाँ शामिल है। धागे द्वारा दिखाए जाने वाला कठपुतली का खेल, जो आजकल चलन में है, बाद में शामिल हुआ, जगबंधु कहते है। धागों की कठपुतली, जिन्हें मूल रूप से धागे और तार के साथ भी कुशलतापूर्वक चलाया जाता था, अधिकांश तौर पर नादिया में पायी जाती है।

दो दशक पहले तक, मुरागाचा का लगभग हर घर इस कला में लिप्त था जिसमें कठपुतली बनाने से लेकर उसके खेल दिखाने तक की गतिविधियाँ शामिल थी। लेकिन दूरदर्शन के आविष्कार के साथ-साथ लोगों की घटती हुई रूचि ने इस कला के खत्म हो जाने का आभास दिला दिया था।

1980 के दशक में इस गाँव में लगभग 380 परिवार थे जो कठपुतली के खेल में शामिल थे। कलाकारों की अत्यधिक मांग थी और वे हर साल राज्य भर में या उसके बाहर भी अपनी कला का प्रदर्शन दिखाने के लिए लगभग छह माह गाँव से बाहर व्यतीत करते थे। ''हम लोग आमतौर पर एक महीने

में 25-30 नाटक पेश करते थे। आमदनी भी अच्छी थी और हमें आजीविका के किसी अन्य स्रोत को नहीं तलाशना पड़ता था,'' कठपुतली का खेल दिखाने वाले एक कलाकार अमोल्य राय कहते है।

लेकिन 1990 के दशक के मध्य से चीज़ें बदलने लगी जब राज्य के शहरी और ग्रामीण इलाकों दोनों में मनोरंजन के अन्य साधन सामने आने लगे। ''हमें काम मिलना बंद हो गया क्योंकि लोगों ने टेलीविज़न की ओर रुख करना शुरू कर दिया। केबल तंत्र ने हमारे कार्य की डूबती नाव को पूरी तरह डुबो दिया था। इस तथ्य के बावजूद भी कि कठपुतली का खेल अशिष्टता से रहित और बच्चों को सामाजिक सन्देश देने वाला था, लोगों ने इसमें रूचि खो दी,'' उन्होंने आगे कहा।

अब, अधिकांश कठपुतली का खेल दिखाने वाले कलाकार मजदूरों के रूप में कार्य कर अपना गुजारा कर रहे है और आमदनी के अन्य स्रोत की खोज में दूसरे राज्यों में पलायन कर गए है।

हालाँकि, राज्य सरकार इस मरती हुई कला को फिर से जीवित करने का प्रयास कर रही है। ठण्ड के महीनों में कठपुतली के तमाशों की श्रृंखला आयोजित की गई और 'बांगला नाटक' नामक एक सामाजिक उपक्रम कलाकरों को दूसरे शहरों एवं गाँवों में नाटक प्रस्तुत करने के लिए सक्रिय रूप से समर्थन दे रहा है।

रंजन राय, एक अन्य कलाकार, कहते है कि शहरों में बच्चें कठपुतली का खेल देखने में रूचि लेते है क्योंकि, ''उन्होंने इस तरह की चीज़ पहले कभी नहीं देखी। हम भी उनकी रूचि को बरकरार रखने के लिए नाटक की अवधि को कम कर रहे है।''

विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर लोगों को संवेदनशील बनाने के लिए *रामायण, महाभारत* और *पंचतंत्र* की कहानियों जैसी पौराणिक कथाओं में कुछ आधुनिक रूपांतरणों को भी जोड़ा जा रहा है। ''हम यातायात के नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने की महत्ता, शिक्षा आदि विषयों पर भी नाटक की प्रस्तुति देते है,'' उन्होंने आगे कहा।

बांगला नाटक के संस्थापक अमिताभ भट्टाचार्य कहते है कि कठपुतली के खेल में अच्छे अवसर है और इसकी पहुँच सभी तक है, खासतौर से बच्चों तक, ''हमने दो साल पहले कठपुतली के कलाकारों के साथ काम करना शुरू किया था और लगभग 80 कलाकारों के साथ कार्यशालाओं का आयोजन किया और फिर उन्हें विभिन्न त्योहारों के साथ जोड़ा।'' उनमें से कम से कम 30 कलाकारों ने बंगाल के बाहर कुछ शहरों का दौरा किया, दो कलाकारों ने 2015 में फ्रांस में आयोजित गन्नत उत्सव में प्रस्तुति दी थी। विद्यालय के कार्यक्रमों और दुर्गा पूजा के दौरान कई जगह कठपुतली के तमाशे आयोजित किये गए। ''हम राज्य सरकार के साथ मिलकर, इस कला को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल दिसम्बर में तीन-दिवसीय कठपुतली के मेले का आयोजन कर रहे है। यह युवा पीढ़ी को आकर्षित करने में हमारी मदद कर रहा है।''

यह समय इस संस्कृति को पुनर्जीवित करने का है जो धीरे-धीरे तकनीक और आधुनिकीकरण के शोर में गायब होती जा रही है। ■

हमें काम मिलना बंद हो गया क्योंकि लोगों ने टेलीविज़न की ओर रुख करना शुरू कर दिया। केबल तंत्र ने हमारे कार्य की डूबती नाव को पूरी तरह डुबो दिया था।

LBW नाम और शोहरत

टी सी ए श्रीनिवासा राघवन

एक बार एक वित्त मंत्री थे, मुझे शायद कहना चाहिए गैर-दक्षिण भारतीय राज्य से, जो मेरे नाम की लंबाई के कारण मुझे मिस्टर अल्फाबेट कहा करते थे। उनका खुद का नाम गरीबी से ग्रस्त दो शब्दों का था। उससे भी बदतर, दोनों शब्दों में केवल दो ही अक्षर थे। लेकिन मुझे अशिष्ट नहीं होना चाहिए क्योंकि वह सही थे। मेरा नाम वाकई बहुत लम्बा है, पूरे 49 अक्षरों का। कॉलेज के मेरे पहले साल में, मेरी रैगिंग में ज्यादातर मेरे नाम को आगे से पीछे, पीछे से आगे बोलना एवं पाँच शब्दों की स्पेलिंग और उन्हें उलटना-पलटना शामिल होता था।

इसका यह मतलब नहीं कि इसके फायदे नहीं होते है, भले ही बहुत कम ही क्यों ना हो पर फायदे तो है। उदाहरण के लिए, दिल्ली हवाईअड्डे पर इमीग्रेशन पर एक अफसर ने मुझसे कहा कि वह मुझे देखकर बहुत खुश है। चूंकि मैं उनसे पहले कभी नहीं मिला था, और ना ही मैं एक बॉलीवुड या खेल सितारा था, तो मैंने पूछा क्यों। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने मेरा नाम कंप्यूटर में डाला, तो केवल 18 नाम सामने आए अन्यथा यदि आपका नाम कोई दो शब्दों का छोटा सा होता, जैसे कि अशोक मित्रा, तो बहुत से नाम सामने आते। अफसर ने फिर मुझसे पूछा कि क्या स्क्रीन पर मौजूद सभी लोग मेरे संबंधी है। मैंने कहा हो सकता है, और उन्होंने कहा कि मुझे स्वीकृत करके उन्हें प्रसन्नता हुई क्योंकि उन्हें 10,000 सुरेश कोहली या 5,000 विराट रैना में से एक नाम ढूँढना नहीं पड़ा। मुस्कुराकर उन्होंने कहा, ''फटाफट हो गया सर आपका केस।''

मैं उनकी प्रसन्नता समझ सकता हूँ। इमीग्रेशन अधिकारी 6-8 घंटे स्क्रीन पर नाम देखते हुए गुजारते है। छोटे नाम जैसे आनंद देसाई हजारों की संख्या में होते है और उसके बाद उन्हें नाम को पासपोर्ट नंबर से मिलाना पड़ता है। क्या आप इससे नीरस कोई काम की कल्पना कर सकते है? कोई आश्चर्य नहीं जब एक तिरुमलाई कन्नावम आनंदनपिल्लई उन्हें अचानक नज़र आता है, तो उनकी आँखें चमक जाती है। श्रीनिवास राघवन आगे कहते है, और ख़ुशी का तब ठिकाना नहीं रहता जब सूची में केवल एक नाम सामने आता है।

लेकिन अब तक, मुझे स्वीकार करना चाहिए, केवल यही लाभ मुझे अब तक समझ में आया है। एक समस्या यह है कि चूंकि परिवार के सभी लोगों ने नाम की शुरुआत को छोटा करके टीसीए करने का चुनाव किया है, तो लोग सोचते है कि हम पूरी तरह से प्रतिमोच्य है। लेकिन अब चौथी पीढ़ी के आ जाने के बाद, आप कल्पना कर सकते है कि यह कितना खिझाऊ है। मुझसे पूछा गया, ''क्या तुम वहीं टीसीए हो जो *द हिन्दू* के लिए लिखता है।'' नहीं, सर, मैं महीने में लगभग पाँच बार कहता हूँ, ''वह मेरा बेटा है।'' वे कहते है, ''नहीं, नहीं, फोटो में वह बहुत बूढ़ा लगता है।'' मैं जवाब देता हूँ, ''अच्छा वो, वह मेरे अंकल है।'' यह सोचकर मैं काँप उठता हूँ कि क्या होगा जब पांचवी पीढ़ी इस दुनिया में आएगी।

और यह वहीं समाप्त नहीं होता। मैं नहीं जानता कि कब - या क्यों - लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि अय्यंगर समाज ने तय कर लिया है की वह केवल 12 नामों में से चुनने का विकल्प देगा, जिसे फिर किसी भी संयोजन में रखा जा सकता है। इस प्रकार हमारे पास है श्रीनिवासन, रामानुजन, वरदन, राघवन, रंगनाथन, रंगचारी, कृष्णन एवं छह या आठ और। मुख्य समस्या तब उत्पन्न होती है जब दो भाई - जैसे मेरे पिता और चाचा - एक ही नाम, या लगभग एक जैसे नाम का चुनाव करते है। इस प्रकार से मेरा भाई रंगचारी है और मेरा चचेरा भाई रंगनाथन -- जो मेरे स्वर्गीय साले का भी नाम था। एक अन्य साले का नाम है वरदकृष्णन। कितना आविष्कारक आप हो सकते है?

कॉलेज के मेरे पहले साल में, मेरी रैगिंग में ज्यादातर मेरे नाम को आगे से पीछे, पीछे से आगे बोलना एवं पाँच शब्दों की स्पेलिंग और उन्हें उलटना-पलटना शामिल होता था।

अय्यंगर समाज ने तय कर लिया है की वह केवल 12 नामों में से चुनने का विकल्प देगा, जिसे फिर किसी भी संयोजन में रखा जा सकता है।

लेकिन निर्विवाद रूप से, एक अन्य कजिन और मेरी स्थिति सबसे खराब है: उसका नाम राघवन है, और वह सरकार के लिए काम किया करता था। उसके कैरियर के दौरान, उसे अक्सर उसके वरिष्ठ अधिकारीयों के समक्ष पेश होना पड़ता था क्योंकि मैंने सरकार की आलोचना करने वाले लेख लिखे थे। उस बेचारे को यह समझाते रहना पड़ता था कि लिखने वाला वह नहीं है। लेकिन अब स्थिति ठीक उलट हो गई है। हाल ही में, वह एक बहुत प्रसिद्ध लेखक बन गया है और उसके स्थान पर मुझे बोलने एवं खाने पर आमंत्रित किया जा रहा है - उसके द्वारा लिखे जाने वाले लेख के लिए मिलने वाले उन तगड़े चेक्स का उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है। भविष्य में एक दिन, मैं बोलने एवं खाने के ऐसे ही निमंत्रण को स्वीकार करने जा रहा हूँ केवल आयोजकों के चेहरों के हाव-भाव देखने के लिए! ■

Regn. No. TN/CCN/359/2018-2020 Licensed to post without prepayment No.TN/PMG(CCR)/WPP-421/2018-2020
Registered with Registrar of News Papers for India TNHIN/2001/5271 Rotary Samachar Published on 1st of every month
Total number of pages in this monthly issue, including cover, 84. Price: ₹35

Inspiration AROUND EVERY CORNER

The bottle caps that changed everything

When the Kissels, Heike and Dennis, met fellow German Rotarians (and former Rotaractors) Sandra Buehrke, Constanze Abendroth, and Lutz Olbrich during the 2013 Rotary International Convention in Lisbon, Portugal, something deeper than friendship was formed. A chance encounter at a House of Friendship booth featuring a bottle cap collection fundraiser led to dinner, where the idea sparked excited conversation to do the same at home.

Four years later, their group leads a successful nationwide effort for polio that has collected 150,000 kilograms of plastic bottle caps for recycling, providing funds for about as many polio vaccinations.

Find your inspiration at the Rotary Convention in Toronto.
Register today at riconvention.org.

Rotary | TORONTO 2018

ROTARY CONVENTION
23-27 JUNE 2018
TORONTO, ONTARIO, CANADA

संक्षेप में

छोटे मरीजों के लिए मिनी कार

फ्रांस में एक अस्पताल ने शल्य चिकित्सा के लिए ऑपरेशन थियेटर में बाल-रोगियों को ले जाने के लिए मिनी कारें पेश कीं हैं। चिकित्सकों के मन में यह विचार उत्पन्न हुआ कि बच्चों को डर और चिंता से उबरने में मदद करने और प्रक्रिया से पहले चिंता-विरोधी दवाओं के उपयोग को रोकने के लिए मिनी कारों का इस्तेमाल करना लाभदायक सिद्ध हो सकता है। कार को चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा संचालित और द्वारा रिमोट से नियंत्रित किया जाएगा। इसी प्रकार का कार्यक्रम पहले ही अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में शुरू किया जा चुका हैं।

मसज़िद लोगों को शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराता है

मुंबई में ग्रांट रोड पर स्थित बिलाल मसज़िद ने एक विशेष *लंगर-ए-रसूल* (पैगंबर की रसोई) स्थापित किया है, जिसके माध्यम से वे गरीबों को शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराते है। हर रात, प्रार्थनाओं के ठीक पहले, मुसलमान भाई ईदगाह के मैदान में एकत्र हुए गरीबों के मध्य भोजन के पैकेट वितरित करते हैं, जिसमें से प्रत्येक पैकेट में तीन रोटियां, सब्जियां और अचार पैक रहता है। मेनू जानबूझकर शाकाहारी रखा जाता है ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो जा सके। मसज़ित प्रतिदिन ऐसी 400 पैकेटों को वितरित करने में सक्षम है और अन्य समुदायों के अनेक लोग भी इस सेवा के लिए उदारता से योगदान करते हैं।

फुटपाथ पर कोई बाइक नहीं दौड़ेगी

अक्सर, हम देखते हैं कि मोटर चालक अपने दोपहिया वाहनों को फुटपाथ पर चला रहे हैं, वे ऐसा यातायात की भीड़ से बचकर निकलने के लिए करते हैं और पैदल चलने वालों का जान जोखिम में डालते हैं। क्या हमने इस क्रूर व्यवहार के विरुद्ध अपनी आवाज उठाई है? यहां बेंगलुरु में मंजू थॉमस है जिन्होंने इसके विरुद्ध आपति दर्ज कराई है। वह फुटपाथ पर खड़ी हो जाती है, मोटर चालकों के मार्ग को बाधित करती है और उन्हें फुटपाथ के बजाए सड़क का इस्तेमाल करने के लिए कहती है। मंजू ने अपने कार्यों का का एक वीडियो, फेसबुक पर अपलोड किया हैं, जिसे अनेक लोगों ने 'लाइक' किया हैं इसमें यह भी दिखाया गया कि दो आदमी उसके साथ विवाद करने लगते हैं, और मंजू अपने दृढ़ निश्चय पर कायम रहती हैं, और इसके कारण उन्हें सड़क़ पर अपनी बाइक को लेकर जाना पड़ा।

क्लिक करके खुश होने वाले यात्रियों के लिए

जबकि रेल की पटरियों पर 'सेल्फी-डेथ' अधिक सामान्य घटना होती जा रही है, रेलवे ने मसेल्फी-आसक्तफ यात्री के लिए 70 नामित स्थानों की पहचान की है और इस पर काम दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। 'सेल्फी-प्वाइंट' पर अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें वेटिंग हॉल में एटीएम और मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, व्हीलचेयर सहायता और स्वयंसेवक की उपलब्धता शामिल हैं। राजस्थान में पांच स्टेशन - उदयपुर, जयपुर, बीकानेर, जोधपुर और गांधीनगर को - इस देशव्यापी प्रयास में शामिल किया गया हैं।



कंप्यूटर ने ब्लैकबोर्ड का स्थान लिया

जब एक घाना शिक्षक का एक वीडियो जिसमें वे अपने छात्रों को ब्लैकबोर्ड पर एमएस वर्ड पढ़ा रहे थे, फेसबुक पर अत्यंत लोकप्रिय हुआ, तो एनआईआईटी ने घाना में अपने स्थानीय कार्यालय के माध्यम से स्कूल को पांच कम्प्यूटर, एक लैपटॉप और किताबें उपलब्ध कराया। शिक्षक, रिचर्ड अप्हीया अकोटो, वर्ष 2011 से कंप्यूटर के बिना अपने छात्रों को कंप्यूटर की शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने अपने छात्रों को पढ़ाने के लिए, एक ब्लैकबोर्ड पर एमएस वर्ड टेम्पलेट को बहुत ही सुन्दर तरीके से खींचा और जटिल तरीके से डिजाइन किया था। इसने कई अन्य लोगों को स्कूल के लिए कंप्यूटर और अन्य सामग्री दान करने के लिए प्रोत्साहित किया, जबकि माइक्रोसॉफ्ट अफ्रीका ने वार्षिक माइक्रोसॉफ्ट एडुकेटर एक्सचेंज के लिए रिचर्ड की सिंगापुर यात्रा को प्रायोजित किया है।

जयश्री द्वारा संकलित, एस कृष्णप्रथीश द्वारा रूपरेखा